सुप्रभात
रांची, बुधवार
07.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 144

12 आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा

## न्यूज डायरी

### मधु कोड़ा समेत सात आरोपी कोर्ट में हाजिर

**रांची।** मनी लांड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा समेत सात आरोपी इडी कोर्ट में मंगलवार को हाजिर हुए। इस मामले में गवाहों के बयान दर्ज किये जा रहे हैं। लेकिन, मंगलवार को गवाह के नहीं पहुंचने के कारण गवाही नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई की तारीख सात जनवरी निर्धारित की गयी है। निर्धारित तिथि को भी सभी आरोपियों को कोर्ट में हाजिरी देनी होगी। ज्ञात हो कि इस मनी लांड्रिंग मामले में मधु कोड़ा, विनोद सिन्हा, विकास सिन्हा, विजय जोशी, अनिल बस्तावड़े, अरविंद व्यास और मनोज बाबूलाल पुनमिया ट्रायल फेस कर रहे हैं। झारखंड हाइकोर्ट के निर्देश पर सभी आरोपियों को निर्धारित हर तारीख को व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिरी देनी है।

### चतरा में नक्सलियों ने दो जेसीबी को फूंका

**चतरा।** कुंदा में नक्सलियों ने सकीदाग पंचायत के पिंजनी गांव में सड़क निर्माण में लगी दो जेसीबी मशीनों को फूंक दिया। जेसीबी ड्राइवर को भी पीटा। इसके साथ ही सड़क निर्माण को बंद करा दिया। बिना आदेश का कार्य नहीं करने की चेतावनी भी दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में खौफ का माहौल है। घटना मंगलवार की शाम करीब 4 बजे की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पिंजनी से गारो गांव तक जेसीबी मशीन से सड़क पर मिट्टी से फ्लैक भरने का कार्य चल रहा था। सड़क निर्माण कार्य 21 नवंबर 2022 को शुरू किया गया था।

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत

**खूंटी।** बिजली मरम्मत का काम करने वाले मिस्त्री की मंगलवार को करंट लगने से मौत हो गयी। बताया गया कि हुसीर गांव निवासी 40 वर्षीय दानियल गुड़िया बिजली मरम्मत करने पोल पर चढ़ा हुआ था। उसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। बताया जाता है कि दानियल अनुभवी मिस्त्री था।

### मेलिंडा गेट्स ने राष्ट्रपति मुर्मू से की मुलाकात

**नयी दिल्ली।** बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन की सह अध्यक्ष मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन में मेलिंडा फ्रेंच गेट्स का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पिछले दो दशकों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा किये गये कार्यों को देखकर खुशी हुई है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 50,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 67,500 रु./प्रति किलो |



## राहुल की भारत जोड़ो यात्रा

राजस्थान के झालावाड़ में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे दिन मंगलवार को राजस्थानी कलाकार कला का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। राहुल ने इस दौरान एक कठपुतली कलाकार से बात की। उन्होंने कठपुतली चलाने की भी कोशिश की। राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण झालावाड़ जिले के देवरी घाटा से शुरू हुआ था और इसके बाद यात्रा कोटा जिले में प्रवेश की थी। दूसरा चरण दिन में 3 :30 बजे से शुरू हुआ और यात्रा कोटा के हिरिया खेड़ी में शाम में पहुंची।

### जेबीवीएनएल के कार्यों की हुई समीक्षा, बैठक में बोले सीएम

# बिजली कटौती पर हर हाल में लगे रोक

- मुख्यमंत्री ने कहा, बिजली बिल कलेक्शन सिस्टम को करें दुरुस्त
- जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता
- जेबीवीएनएल को पीएफसी से 750 करोड़ रुपये ऋण उपलब्ध करायेगी सरकार



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के कार्यों की समीक्षा की गयी। सीएम श्री सोरेन ने कहा कि बिजली कटौती रोकने के लिए हर जरूरी उपाय करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य में बिजली कटौती पर हर हाल में रोक लगायी जाये। बिजली कटौती को रोकने के लिए हर जरूरी उपाय करें। राज्य की जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

सीएम ने अधिकारियों से कहा कि पिछले कुछ हफ्तों से बिजली कटने की शिकायतें मिल रही हैं। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड राज्य में ऊर्जा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण इकाई है। इसके जरिये ही पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति की जाती है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड उपभोक्ताओं को सुचारू बिजली उपलब्ध कराने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर व्यवस्था दुरुस्त करे। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम के प्रबंध निदेशक केके वर्मा सहित कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

(शेष पेज 11 पर)

### हाईटेंशन उपभोक्ताओं की बिजली बिल की करें मॉनीटरिंग

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिजली बिल वसूली के लिए हाई टेंशन (एचटी) बिजली के उपभोक्ता के मीटर में कम्युनिकेशन एक्यूपमेंट लगाकर बिजली खपत की निरंतर मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं से शत-प्रतिशत बिजली बिल वसूली सुनिश्चित करें। एचटी उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया न रहे, यह आपकी जिम्मेदारी है। कहा कि सभी टेलीकॉम टावर पर बिजली बिल का समय पर विपत्रिकरण प्रक्रिया पूरी कर बिजली बिल वसूल करें। उन्होंने स्मार्ट मीटर कार्य को तेज गति से करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बिजली वितरण निगम लिमिटेड को राज्य सरकार द्वारा वार्षिक विकास योजना मद में 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये जाने पर अपनी सहमति दी। एडीपी मद से प्राप्त 200 करोड़ रुपये की राशि का खर्च जेबीवीएनएल द्वारा राज्य में ट्रांसफार्मर, पोल, तार इत्यादि व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए किया जायेगा।

## घूस लेते पकड़ाया मेदिनीनगर सदर एसडीओ का पेशकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के धावा दल ने मंगलवार को मेदिनीनगर के सदर एसडीओ राजेश साह के पेशकार अशोक कुमार को 30 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ दबोचा। पेशकार की गिरफ्तारी से सदर एसडीओ कार्यालय के कर्मियों में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बोडी निवासी स्व. नेयाजुद्दीन अंसारी के पुत्र मुबारक हुसैन का जमीनी विवाद जलालुद्दीन अंसारी के साथ चल रहा था। इसमें केस खारिज हो गया है। इसके बाद पेशकार अशोक कुमार ने मुबारक हुसैन को बुलाकर बोला कि 25 हजार रुपये साहब को एवं पांच हजार रुपये मुझको देना होगा। तब हम लिखेंगे, तो आपका काम हो जायेगा। यह बात सुनकर मुबारक ने पैसा देने से इनकार किया। तब पेशकार ने कहा कि आपका काम नहीं होगा। इस बात से चिंतित मुबारक ने इसकी लिखित सूचना एक दिसंबर को एसीबी को दिया। इस पर एसीबी ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए अनुसंधान किया, तो पाया कि भ्रष्टाचार की बात सही है। इसके बाद, मंगलवार को कार्यालय खुलते के साथ ही मुबारक पैसा लेकर पेशकार अशोक कुमार के पास गया।

### रग्बी अंडर 18 भारतीय टीम में खूंटी के डेविड का हुआ चयन

**खूंटी।** नेपाल के काठमांडू में आगामी 10 और 11 दिसंबर को होनेवाली अंडर 18 रग्बी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में भाग लेने वाली भारतीय टीम में खूंटी के डेविड मुंडा का चयन हुआ है। यह जानकारी झारखंड रग्बी एसोसिएशन और खूंटी जिला रग्बी संघ के सचिव हेजाज असदक ने दी। उन्होंने बताया कि गत आठ नवंबर से चार दिसंबर तक छत्रपति स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, भालेवाड़ी, पुणे में आयोजित कठिन चयन प्रक्रिया में संभावित 30 चयनित खिलाड़ियों में झारखंड से एक मात्र डेविड मुंडा ने 13 सदस्यीय भारतीय टीम में अपनी जगह बनायी। डेविड मुंडा का भारतीय टीम में चयन होने पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जालान, वरीय उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, महासचिव मो हेजाज असदक आदि ने बधाई दी है।

### संसद का शीतकालीन सत्र आज से

# सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए सरकार तैयार : प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले मंगलवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं से सत्र को सुचारू ढंग से चलाने में सहयोग की अपील की। बैठक में सरकार ने स्पष्ट किया कि वह सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है।

संसद भवन परिसर में आयोजित सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत तमाम दलों के नेता शामिल हुए। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज हुई सर्वदलीय बैठक में 47 में से 31 दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। विपक्षी नेताओं ने कुछ सुझाव दिये हैं, जिसे नोट कर लिया गया है।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के ईसाई समाज और क्रिसमस के त्यौहार की उपेक्षा करने के आरोप को खारिज करते हुए जोशी ने कहा, मैं इस आरोप की निंदा करता हूं कि हम क्रिसमस की उपेक्षा कर रहे हैं। 24 और 25 दिसंबर को अवकाश रहेगा। जोशी ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है, विपक्ष की ओर से कुछ सुझाव आये हैं। उन पर स्पीकर और चेयरमैन की अनुमति के बाद चर्चा होगी।

(शेष पेज 11 पर)

**सर्वदलीय बैठक में सरकार ने सत्र को सुचारू ढंग से चलाने में सहयोग की अपील की**



### आंध्र प्रदेश में निम्न दवाब बनने से राज्य में छायेंगे बादल, 15 से ठंड बढ़ने के आसार

# झारखंड में आज से गिरेगा पारा

### डालटेनगंज में सबसे अधिक ठंड, न्यूनतम पारा आठ पर पहुंचा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित झारखंड के कई हिस्सों में ठंड का असर अगले दो से तीन दिनों तक काफी रहेगा। राज्य में अगले दो-तीन दिनों में न्यूनतम तापमान सात से 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच सकता है। दूसरी ओर, नौ दिसंबर से झारखंड में बादल रहने के आसार है। इस वजह से दिन का तापमान गिरेगा और रात का तापमान बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, आंध्र प्रदेश में एक निम्न दवाब का क्षेत्र बन रहा है। इसका असर बंगाल की खाड़ी और झारखंड पर दिखेगा। नौ दिसंबर से 12 दिसंबर तक बादल छाये रहेंगे। इस दौरान में दिन में थोड़ी ठंड बढ़ेगी, लेकिन रात में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। यानी, रात में तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 15 दिसबंर से राज्य में ठंड बढ़ने के आसार हैं। शीतलहर चलने की भी आशंका है। जैसी ठंड पड़नी चाहिए, वैसी अभी नहीं पड़ी है। इधर,पिछले 24 घंटे की बात करें, तो राज्य में मौसम शुष्क रहा।

(शेष पेज 11 पर)

**पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| | |
|---|---|
| रांची | 12 |
| गुमला | 9.6 |
| सिमडेगा | 8.4 |
| चाईबासा | 10.6 |
| जमशेदपुर | 14 |
| बोकारो | 11.1 |
| देवघर | 12.3 |
| गिरिडीह | 12.2 |

### उत्तरी-पश्चिमी हवा का असर कम

झारखंड में ठंड उत्तरी-पश्चिमी हवा की वजह से पड़ती है। लेकिन, इस बार उत्तर-पश्चिम से आने वाली ठंडी हवा प्रचुर मात्रा में नहीं आ रही है। इससे न्यूनतम तापमान कम गिरा है। मंगलवार को उत्तर-पश्चिमी हवा का असर रहेगा, जिस वजह से तापमान में गिरावट होने की संभावना है।



# आर्यभट्ट ऑडिटोरियम के किराये में अधिक वृद्धि अनुचित: संजय सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। सांसद संजय सेठ ने मोराबादी स्थित आर्यभट्ट ऑडिटोरियम के किराये में हुई बेतहाशा वृद्धि को लेकर नाराजगी जतायी है। सांसद श्री सेठ ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र लिखकर इसका व्यवसायिक उपयोग नहीं करने की सलाह दी है। इस सभागार में शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों से जुड़े कार्य होते हैं। विद्यार्थियों और कलाकारों के द्वारा भी इस सभागार का उपयोग किया जाता है। लोगों के लिए यह सुलभ और बजट में आने वाला सभागार है। इस सभागार का मूल उद्देश्य भी सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देना रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में इसका शुल्क 55 हजार रुपये निर्धारित था। जिसे बढ़ाकर अब 2 लाख 21 हजार कर दिया गया है जो किसी भी दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं है। शुल्क में इस तरह की वृद्धि किए जाने से इसका सीधा असर शैक्षणिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी पड़ेगा। सांसद ने सुझाव दिया है कि शुल्क में कटौती करें। ताकि यह सर्वजन के लिए उपलब्ध हो सके।

# पद्म भूषण जावेद अख्तर टाटा स्टील साहित्य सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। टाटा स्टील झारखंड साहित्य सम्मेलन ऑड्रे हाउस में 10 और 11 दिसंबर को होगा। इसका उदघाटन पद्म भूषण जावेद अख्तर करेंगे। इसमें बुकर इंटरनेशनल विजेता गीतांजलि श्री भी शामिल होंगी जो उपन्यास रेत समाधि के बारे में बात करेंगी। झारखंड के युवा और जीवंत साहित्यिक और सांस्कृतिक दृश्य को अनुज लुगुन, ज्योति लुगुन, मुंगेश्वर साहू और चंद्रमोहन किस्कू की कविता सत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जायेगा। पुरुषोत्तम कुमार, निरंजन कुजूर और अनुराग लुगुन की विशेषता वाले क्षेत्र की सिनेमा पर एक सत्र सप्ताहांत का मुख्य आकर्षण होगा। टेल्स ऑफ हजारीबाग के लिए युवा साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता मिहिर वत्स भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे। अक्षय मुकुल की शेष की जीवनी पर चर्चा, प्रदर्शक एम भंडारी को याद करने वाला और एमएस धोनी की विरासत की जांच करने वाला सत्र भी उत्सव का हिस्सा है।

# न्यूक्लियस मॉल और किशोरगंज चौक के पास फुट ओवरब्रिज निर्माण के लिए फिर से टेंडर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। किशोरगंज चौक और सर्कुलर रोड स्थित न्यूक्लियस मॉल के समीप फुट ओवरब्रिज बनाने के लिए पूर्व में जारी टेंडर में किसी भी बिडर ने रुचि नहीं दिखायी। अब जुडको ने दोनों के लिए फिर से टेंडर जारी किया है। न्यूक्लियस मॉल के समीप फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी किया है। 20 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन मंगाये हैं। इस पर 442.777 लाख रुपये व्यय होने की संभावना है। 21 दिसंबर को इसका टेंडर खोला जायेगा। वहीं किशोरगंज चौक पर फुट ओवरब्रिज और एस्क्लेटर इंस्टॉल करने के लिए भी ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया है। इस पर 460.243 लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। टेंडर फीस के तौर पर 10 हजार रुपये लगेंगे। सिक्योरिटी मनी के तौर पर बिडर को 4 लाख 60 हजार रुपये जमा करने होंगे। 20 दिसंबर तक इस काम के लिए आवेदन करना होगा। 21 दिसंबर को इसका बिड खोला जायेगा।

इधर जीएल चर्च कॉम्पलेक्स, के समीप स्थित फुट ओवर ब्रिज में इसके सुधार कार्यों के अलावे इसमें एस्क्लेटर्स लगाये जाने हैं। जारी टेंडर में कहा गया है कि इस काम पर 289.4629 लाख रुपये की लागत आनी है। 20 दिसंबर तक इसके लिए बिड जमा होगा।

# डीटीओ ने 124 वाहनों की जांच की 34 वाहनों से वसूला 4 लाख जुर्माना

## जिला परिवहन पदाधिकारी ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान

**रातू, दलादली, रिंग रोड और कांके क्षेत्र में की गई जांच, 6 वाहन जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) प्रवीण प्रकाश ने मंगलवार को रातू, दलादली, रिंग रोड और कांके क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों से करीब 4 लाख रुपये जुर्माना वसूला और 6 वाहन बी जब्त किया। डीटीओ ने सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, बिना प्रदूषण प्रमाण, बिना परमिट, बिना हेलमेट एवं वाहन संबंधी अन्य कागजातों के अतिरिक्त झारखंड राज्य से बाहर निबंधित वाहन जिनका परिचालन रांची अंतर्गत किया जा रहा है, उनकी जांच की।

**34 वाहनों से वसूला 3,83,480 रुपये का जुर्माना** : वाहन जांच के दौरान कुल 124 वाहनों की जांच की गई। कार्यालय के कर्मी द्वारा बारी-बारी से सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की गई। कुल 34 वाहनों (मालवाहक वाहनों, हाइवा, दो पहिया, ऑटो आदि) से 3,83,480 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। जांच के दौरान 6 वाहनों का टैक्स फेल पाया गया। ऐसे वाहनों को जब्त कर रातू थाना में रखा गया है।

### सड़क दुर्घटना में आयी कमी, यातायात नियमों का पालन करें : डीटीओ

जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश ने वाहन स्वामियों से अपील करते हुए कहा कि वाहन से संबंधित कागजात अपने साथ रखें और वाहन का परिचालन करते समय सभी कागजात अद्यतन रखें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की भी हिदायत दी। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों के पालन से सड़क दुर्घटना में कमी आई है। रांची जिला में अक्टूबर 2022 तक कुल 551 सड़क दुर्घटना में 360 लोगों की मृत्यु हुई और 364 लोग घायल हुए। जबकि साल 2021 में दिसंबर तक कुल 644 सड़क दुर्घटना में 448 लोगों की जान गई थी। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा उम्मीद जताई गई कि यातायात नियमों के पालन से आने वाले समय में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में और कमी देखने को मिलेगी।

## बिजली संकट को लेकर भाजपा ने जेबीवीएनएल मुख्यालय के समक्ष दिया धरना

# झारखंड में निर्बाध बिजली आपूर्ति जल्द सुनिश्चित हो : आदित्य साहू

**सुधार नहीं हुआ तो अगली बार मुख्यमंत्री आवास घेरने की दी चेतावनी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में जारी बिजली संकट को लेकर भाजपा का हल्ला बोल कार्यक्रम जारी है। मंगलवार को जेबीवीएनएल मुख्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि राज्य का हाल बेहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के समय निर्बाध बिजली मिलती थी। लेकिन, गठबंधन सरकार के आते ही बिजली का लोड शेडिंग शुरू हो गया है। अब तो राजधानी में भी दस-दस घंटे बिजली गुल रहती है। गांव की स्थिति तो और खराब है।

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि राज्य के बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग में काम करने वाले कर्मचारी, विद्यार्थी, किसान, व्यापारी, उद्यमी, मजदूर सब बिजली संकट का दंश झेलने को विवश हैं।

महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं किया गया तो सीएम आवास के सामने प्रदर्शन करेंगे।

प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि सच तो यह है कि इस सरकार को पत्थर, बालू, जमीन लूटने से फुर्सत नहीं है। बिजली-पानी आपूर्ति पर कैसे ध्यान देगी।

धरना देने वालों में सुबोध सिंह गुडडू, काजल प्रधान, आरती कुजूर, पवन साहु, सीमा शर्मा, शोभा यादव, अनिल टाइगर, ललित ओझा, नीरज सिंह, मुकेश सिंह, जैलेंद्र महतो, अजय कुमार, मनोज बाजपेयी, कमाल खान, बलराम सिंह सहित कई उपस्थित थे।

## ऊर्जा सचिव से मिला झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का शिष्टमंडल, रखी मांग

# सरकारी उपक्रमों से बकाया राशि वसूलें आम जन क्यों झेले बिजली संकट : चैंबर

**बिजली वितरण की जिम्मेवारी प्रोफेशनल एजेंसी को सौंपने की मांग की**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजधानी समेत राज्य भर में जारी पावरकट की समस्या से चिंतित झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में मंगलवार को ऊर्जा सचिव अविनाश कुमार से मिला। कहा कि सरकारी उपक्रमों पर जेबीवीएनएल का जितना पैसा बकाया है, उसे त्वरित कार्रवाई करते हुए वसूल किया जाये। इसका खमियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। यह भी सुझाया कि कम से कम राज्य के बड़े शहरों में बिजली वितरण की जिम्मेवारी प्रोफशनल प्लेयर को हैंडओवर किया जाये। बिजली की वर्तमान स्थिति पर कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों और नागरिकों को होनेवाली समस्या से अवगत कराया। कहा कि पावरकट का शेड्यूल बनाकर स्टेक होल्डर्स और नागरिकों के बीच साझा किया जाये। इस दौरान चेंबर द्वारा राज्य के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों के औद्योगिक लोड की जानकारी दी गयी।

**सेलेक्टिव बेसिस पर बिजली वितरण में प्रोफेशनल्स को लाने की तैयारी** : ऊर्जा सचिव ने बताया कि सेलेक्टिव बेसिस पर बिजली वितरण में प्रोफेशनल्स को लाने की कार्यवाही तीव्र गति से की जा रही है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि बिजली का एक शेड्यूल बनाकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ ही आम नागरिकों के बीच साझा किया जायेगा।

प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष किशोर मंत्री के अलावा उपाध्यक्ष अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, कार्यकारिणी सदस्य प्रवीण लोहिया, ऊर्जा उप समिति चेयरमेन बिनोद तुलस्यान और सदस्य अजय भंडारी शामिल थे।

# रास सांसद आदित्य साहू ने बोड़ेया में पेवर्स ब्लॉक पथ का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने कहा कि विद्यालयों को सुविधा संपन्न होना चाहिये। श्री साहू मंगलवार को अपने सांसद मद से राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बोड़ेया में निर्मित पेबर्स ब्लॉक पथ का विधिवत उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर को साधन एवम सुविधा संपन्न होना चाहिए। दूसरी ओर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने पर भी जोर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय के शिक्षकों की जिम्मेवारी विशेष रूप से बढ़ गई है। सरकारी विद्यालयों में अधिकांश गरीबों के ही बच्चे पढ़ते हैं। ऐसे बच्चों को योग्य बनाकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ने की जिम्मेवारी भी शिक्षकों की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के माध्यम से स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा को बढ़ावा देने केलिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास को सिर्फ सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। समाज के हर वर्ग को यह जिम्मेवारी निभानी है। तभी सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास, सबका प्रयास सफल हो सकेगा। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक ने कहा कि शिक्षा ही विकास की धूरी है। समाज की अनेक बुराइयां और कुरीतियां शिक्षा के कारण ही समाप्त हो रही है। उन्होंने भारतीय संस्कृति परंपरा ज्ञान आधारित शिक्षा नीति को तेजी से आगे बढ़ाने पर बल दिया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत भाषण सविता मिंज, मंच संचालन सहायक शिक्षिका मधु एवम धन्यवाद ज्ञापन रेहान अख्तर ने किया। मौके पर नसीब लाल, अमरनाथ चौधरी, रामलखन मुंडा, जिला परिषद सदस्य किरण देवी, मुखिया सोमा उरांव, रितेश तिवारी उपस्थित थे।

# किशोर बोर्ड व बाल कल्याण समिति के सदस्यों के लिए 15 दिसंबर से इंटरव्यू

रांची। राज्य सरकार ने किशोर बोर्ड और बाल कल्याण समिति के रिक्त पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग ने बताया है कि किशोर बोर्ड में सदस्यों की नियुक्ति होनी है। बाल कल्याण समिति में अध्यक्ष और सदस्यों के रिक्त पदों के लिए योग्य कैंडिडेट रखे जाने हैं। इसके लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से आवेदन मंगाये गये थे। स्क्रीनिंग के बाद इनमें से 215 अभ्यर्थियों को योग्य पाया गया है। अब 15 दिसंबर से इनका इंटरव्यू लिया जायेगा। कैंडिडेटों ने कई जिलों या एक से अधिक पदों के लिए आवेदन किया है, उनका सभी आवेदित पदों के लिए एक ही बार इंटरव्यू होगा। विभाग के अवर सचिव अरशद जमाल के मुताबिक जिन कैंडिडेट को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाना है, उनकी लिस्ट और अन्य जानकारी वेबसाइट से देखी जा सकती है। एडमिट कार्ड के प्रारूप को डाउनलोड कर इसमें अपने पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएंगे। इंटरव्यू गव्य विकास निदेशालय, प्रशिक्षण संस्थान केंद्र, धुर्वा, रांची में होगा।

## राजनीति के एकला चलने वाले पथिक हैं सरयू राय

# एसीबी के लिए खुद निकाले अपने ऊपर लगे आरोपों से जुड़े दस्तावेज

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। कभी झारखंड भाजपा के थिंक टैंक माने जाने वाले जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय का अंदाजे बयां सबसे जुदा है। श्री राय ने मंगलवार को अपने ऊपर लगे आरोपों से जुड़े दस्तावेज को खुद एसीबी को सौंपने की पेशकश की है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने आरटीआई के जरिये सभी संचिकाओं की टिप्पणी पक्ष और पत्राचार पक्ष की छायाप्रतियां निदेशालय से हासिल की है। एसीबी उसकी छायाप्रति उनसे ले सकती है। ताकि उनके ऊपर लगे आरोपों की जांच जल्द पूरी हो सके। उनका कहना है कि उनके खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रहते अनियमितता के आरोपों के संबंध में एसीबी ने विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। एसीबी की दलील थी कि आरोप लगाने वाले ने प्रासंगिक संचिकाओं की छायाप्रतियां संलग्न की थी। इसलिए मूल संचिकाओं से इसका मिलान करने के लिए पीई दर्ज करना जरूरी है। दरअसल, एसीबी द्वारा पीई के लिए पिछले दिनों अनुमति मांगी गयी थी। बाबा कम्प्यूटर्स को अधिक दर पर वायस मैसेज के आदेश का मामले में सरयू राय का कहना है कि निविदा का प्रकाशन विभागीय सचिव ने मंत्री से अनुमति लिए बिना खुद किया था। उन्होंने जो भी किया था वह नियमानुकूल था। आहार पत्रिका के प्रकाशन का उद्देश्य राशन उपभोक्ताओं तक विभागीय निर्णयों को पहुंचाना था। दर निर्धारण पर वित्त और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सहमति ली गई थी। युगांतर भारती को सरकार की ओर से कायार्देश दिलाने का मामले में कहा कि मंत्री रहते किसी भी प्रकार के काम के लिए कोई भी आदेश युगांतर भारती के पक्ष में नहीं दिया गया है।

# डीसी ने मोरहाबादी के ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, राँची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की एवं संबंधित कर्मी उपस्थित थे। ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया।

बता दें कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है।

## खबर एक नजर में

### एनआरएचएम का घेराव आज

रांची। 3 सूत्री मांगों को लेकर एएनएम और जीएनएम बुधवार की सुबह 11 बजे एनआरएचएम ऑफिस का घेराव करेंगे। बताते चलें कि काफी दिनों से कर्मी 3 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं।

### जमीन विवाद में हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्त को उम्र कैद

रांची। अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने जमीन विवाद में हत्याकांड का अंजाम देने के मामले में तीन अभियुक्तों डोरंडा निवासी अरुण तिर्की, नामकुम प्रवीण कुमार एवं ब्रजेश सिंह को दोषी पाकर उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अरुण एवं प्रवीण पर 30-30 हजार रुपये और ब्रजेश पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा नहीं करने पर तीनों को एक से डेढ़ साल तक अतिरिक्त सजा काटनी होगी। तीनों पर जमीन विवाद को लेकर 11 जनवरी 2017 को मदन कुमार की गोली मारकर हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर मृतक के भाई सुमन राम ने नामकुम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### शारदा ग्लोबल स्कूल की छात्रा को सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



रांची। सीबीएसई ईस्ट जोन ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शारदा ग्लोबल स्कूल की 11वीं की छात्रा सृष्टि ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सनबीन स्कूल वाराणसी में किया गया। शारदा ग्लोबल के अन्य विद्यार्थियों ने भी काफी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप तथा प्राचार्य जसमीत कौर ने विजय छात्रों को बधाई दी। विजय प्रतिभागियों में सृष्टि –स्वर्ण पदक, साईं कृष्णा–कांस्य पदक, ईशान सिंह–कांस्य पदक, आयुशराज–कांस्य पदक, आकृति उरांव–कांस्य पदक मिला।

## डीपीएस रांची का वार्षिक खेलकूद महोत्सव संपन्न

# खेल से विद्यार्थियों में खेल भावना, समय प्रबंधन और अनुशासन का होता है विकास: डॉ राम सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। डीपीएस के विद्यार्थियों ने मंगलवार को वार्षिक खेलकूद महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सच्ची खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ में अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म भूषण वीके शुंगलू ने विद्यार्थियों को धैर्य एवं संकल्प की दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य को पाने के लिए के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं सेल यूनिट्स, रांची की सीजीएम (पीएंडए) सह उपाध्यक्ष डीपीएस रांची, प्रवीण माला हेमरोम ने भी बच्चों खेल प्रतियोगिताओं में सक्रियता से हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर प्राचार्य डॉ राम सिंह ने कहा कि खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों में खेल भावना, समय प्रबंधन, प्रतियोगिता के साथ- साथ अनुशासन का भी विकास होता है। निःसंदेह ये सारे विशिष्ट गुण उनके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। यह डीपीएस के विद्यार्थियों की उत्कृष्ट विशेषता है कि वे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाओं जैसे खेल-कूद प्रतियोगिताओं में भी अव्वल रहते हैं।

खेलकूद प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 3000 मीटर, 4100 रिले आदि का आयोजन किया गया। प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने भी रोचक खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। विजयी प्रतिभागियों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया।

इस दौरान अधिकतम अंक अर्जित करने वाला हाउस- झेलम ( 293 अंक ) विजेता हाउस घोषित, सर्वश्रेष्ठ हाउस (मार्च पास्ट) - झेलम हाउस, सर्वश्रेष्ठ हाउस (मार्च पास्ट) प्राइमरी विंग - चेनाब हाउस रहा।

इन्हें मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार : एल्विन सुजेश मिंज, एलेक्स तिर्की, रिया तिर्की, प्रिंस शालो शॉय, विदिशा उरांव, ओमकार श्रेयशा, रूद्र शाही, लिपिका सिंह, राज तिर्की, दीप्सोवा कुजूर और आयुष उरांव को पुरस्कृत किया गया।

# एटीवीएम और यूटीएस एप से बुक करें अनारक्षित रेलवे टिकट

रांची। केंद्र सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत रांची रेल मंडल में एटीवीएम, अनारक्षित टिकट सिस्टम से मासिक सीजन टिकट को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कि लोग लाइन में घंटों लगकर टिकट लेने की झंझट से मुक्ति मिले। अभियान के तहत वाणिज्य विभाग की ओर से रांची, हटिया, मुरी, लोहरदगा और झालिदा स्टेशन पर लोगों को जागरूक किया गया। यात्रियों को बताया गया कि वे एटीवीएम और मोबाइल पर अनारक्षित टिकट प्रणाली की सुविधाओं का कैसे लाभ ले सकते हैं। वहीं बिना लाइन में लगे उन्हें टिकट भी मिल जाएगा। जिससे कि वे ट्रेन में आराम से सफर कर सकेंगे। अभियान के दौरान अनारक्षित टिकट प्रणाली के द्वारा टिकट बुक करने और उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।

# सीआइडी ने ₹2 लाख ठगी करने वाला साइबर अपराधी को पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सीआईडी ने एनीडेस्क एप्लीकेशन के माध्यम दो लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी तैयब अंसारी को गिरफ्तार किया है। वह दुमका के मसलिया निवासी है। तैयब ने राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रदीप कुमार मोदी से दो लाख रुपये की ठगी कर ली थी। प्रदीप मोदी ने दो नवंबर को साइबर थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई थी।

**ऐसे ठगा दो लाख रुपये** : प्रदीप मोदी ने गूगल पर टाटा प्ले सिस्टम का कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। इस दौरान गूगल पर मौजूद साइबर अपराधियों ने कस्टमर केयर के नाम पर डाले गये उनके 10 अंक के मोबाइल नंबर पर फोन किया। साइबर अपराधियों के कहने पर प्रदीप मोदी ने एनीडेस्क एप्लीकेशन गूगल प्ले से इंस्टॉल किया। इसके बाद साइबर अपराधियों ने इनके मोबाइल का रिमोट एक्सेस लेते हुए 2 लाख रुपये की ठगी कर ली। इस ठगी के लिए साइबर अपराधियों द्वारा कोटक बैंक के सीएसपी अकाउंट तथा विभिन्न दुकान के फर्जी मरचेंट अकाउंट पर निर्गत पीओएस/इडीसी मशीन का इस्तेमाल किया गया।

**अपराधी ऐसे करते हैं ठगी** : साइबर अपराधी गूगल पर टाटा प्ले के कस्टमर केयर के हेल्पलाइन के नाम पर अपना फर्जी नंबर डाल देते हैं। जब लोग आम सहायता के नाम पर इस नंबर पर फोन करते थे, तब यह एनीडेस्क, क्विक सपोर्ट और स्क्रीन शेयरिंग एप्लिकेशन उनके फोन में इंस्टाल करवाकर ट्रांजेक्शन करवाते हैं। इसके बाद उनका इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई का डिटेल लेकर पैसों की अवैध रूप से निकासी कर लेते हैं।

# गुरूमुख सिंह मुखे को हाईकोर्ट से मिली राहत अंतरिम आदेश बरकरार

रांची। गुरूमुख सिंह मुखे की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने अंतरिम आदेश को 21 दिसंबर तक विस्तार दे दिया है। अंतरिम आदेश के मुताबिक इस केस में फिलहाल मुखे के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। गुरूमुख सिंह मुखे की ओर से वरीय अधिवक्ता आर एस मजूमदार और रोहन मजूमदार ने अदालत में पक्ष रखा। यह मामला झारखंड सिख प्रतिनिधि बोर्ड के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह उर्फ बिल्ला की हत्या की साजिश रचने का है। जिसमें मुखे को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। जब इस घटना को अंजाम दिया गया था उस समय गुरुमुख सिंह मुखे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी के चैयरमैन के पद पर थे।

### आंदोलनरत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के साथ शिक्षा सचिव ने की वार्ता

# मार्च-अप्रैल तक शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ देने पर शिक्षा सचिव ने जतायी सहमति

## अंतर जिला स्थानांतरण के लिए 1994 के प्रावधानों को पुनर्बहाल करने की दी सहमति



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ झारखंड प्रदेशअध्यक्ष विजेंद्र चौबे के नेतृत्व मंगलवार को सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार से वार्ता की गयी। इस दौरान शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना (एमएसीपी) लागू करने, छठे वेतन के वेतन निर्धारण की विसंगति को दूर करने, अंतरजिला स्थानांतरण नियमावली को व्यापक रूप देने और शिक्षकों को लिपिकीय और गैरशैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को दूर करने की मांग की गयी। संघ के मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद ने बताया कि शिक्षकों किए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना एमएसीपी को लागू करने की मांग पर सहमति जताते हुए शिक्षा सचिव ने कहा कि फरबरी-मार्च तक एमएसीपी के प्रावधानों को शिक्षकों के लिए लागू कराने की कार्रवाई को मूर्त रूप दिया जाएगा। वहीं, छठे वेतन के वेतन निर्धारण की विसंगति को दूर करने के प्रस्ताव को वित्त विभाग के पास भेजा जाएगा और अंतरजिला स्थानांतरण नियमावली में संशोधन कर अपने गृह जिले से सुदूर पदस्थापित शिक्षकों को एक बार उनके गृह जिले में पदस्थापित होने का अवसर प्रदान करने के संघ की मांग पर शिक्षा सचिव ने सहमति जताई। संघ के द्वारा 1994 के प्रावधानों को पुनर्बहाल करने के सुझाव पर भी सचिव ने स्वीकृत करने योग्य माना।

उन्होंने बताया कि दिव्यांग, महिला, बीमार पति पत्नी शिक्षकों के अंतरजिला स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण होते ही शुरू कर दी जाएगी, ताकि दिव्यांग, बीमार और महिलाओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया बाधित न हो, लिपिकीय और गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की बात पर शिक्षा सचिव ने कहा कि इस पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है, एमडीएम चावल उठाव से मुक्ति इस और पहला कदम है, कल्याण विभाग के कार्यों में शिक्षको के संलिप्त किया जाने पर शिक्षा सचिव ने नाराजगी जताई और कहा की इस संबंध में उनके द्वारा कल्याण विभाग से बात की गई है। शिक्षकों को इसमें संलिप्तता पर अपनी आपत्ति से अवगत कराते हुए शिक्षको को अलग करने की बात कही है। खाद्य आपूर्ति विभाग सहित अन्य किसी भी विभाग के कार्यों में शिक्षकों को लगाए जाने को समाप्त कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

वार्ता के बीच में ही सरायकेला खरसावां के जिला शिक्षा अधीक्षक को फोन करके शिक्षा सचिव ने शिक्षको को जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्माण काम में लगाए जाने पर रोष व्यक्त करते हुए इसे अविलंब रद्द करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से अलग करने के लिए कदम उठाने की बात कही। इसके अतिरिक्त शिक्षा सचिव को युक्तिकरण की विसंगतियों से भी अवगत कराया गया। इस पर विभाग स्तर पर विचार करने की बात शिक्षा सचिव ने कही गयी। ई विद्यावाहिनी की खामियों की ओर भी संघ ने ध्यानाकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र चौबे, राम मूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद, संतोष कुमार, अजय ज्ञानी, राकेश कुमार, मानिक प्रसाद सिंह शामिल थे।

# डॉक्टरों ने पित्त की नली से स्टोन को लेप्रोस्कोपी तकनीक से निकाला

### राजधानी के सदर अस्पताल ने हासिल की एक नयी उपलब्धि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सदर अस्पताल रांची ने एक और नयी उपलब्धि हासिल की है। यहां के डॉक्टरों ने मिलकर पहली बार लेप्रोस्कोपी टेक्निक से पित्त की नली के स्टोन को निकाला है। ऑपरेशन करनेवाले डॉ अजीत ने बताया कि मरीज की 3 साल पहले पेट की सर्जरी हुई थी। तब बताया गया था कि पित्त की थैली में स्टोन है लेकिन कुछ कारणों से ऑपरेशन नहीं हो पाया। इसके बाद पित्त की थैली का स्टोन पित्त की नली में पहुंच गया। वहीं मरीज को जॉन्डिस भी हो गया। तब मरीज सदर अस्पताल में कंसल्टेशन के लिए आयी। कनक देवी खुद बुंडू अनुमंडल अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ हैं। ऑपरेशन में डॉ अजीत कुमार, एनेस्थीसिस्ट डॉ दीपक, डॉ विकास और ओटी की पूरी टीम भूमिका रही है।

### ऑपरेशन कर टी ट्यूब डाला गया

डॉक्टर ने बताया कि जब एमआरसीपी कराया तब एक बड़ा सा स्टोन पित्त की नली के आखिरी छोर पर फंसा हुआ पाया गया। सभी तरह की जांच कराने के बाद 12 नवंबर को उनका ऑपरेशन कर टी ट्यूब डाला गया। 21 दिन के बाद दोबारा जांच करा कर टी-ट्यूब निकाला जाता है। जब 5 दिसंबर को उनका दोबारा एमआरसीपी कराया गया तो पित्त की नली में कोई पत्थर नहीं मिला। टी ट्यूब निकालने के बाद फिलहाल मरीज को आबजर्वेशन में रखा है। एक-दो दिनों में मरीज को छुट्टी दे दी जायेगी। मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया गया है।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने किया बाबा साहेब को याद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस कमेटी संगठन सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दूबे, कांग्रेस नेता फिरोज रिजवी मुन्ना, महेन्द्र प्रसाद,रीतेश कुमार ने डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित की एवं पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लोग आलोक दूबे ने कहा भीमराव अंबेडकर देश के संविधान के शिल्पकार, महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री एवं राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब उन चंद आर्थिक सिद्धांतकारों में से एक थे जिनका आर्थिक नीतियों और योजनाओं के प्रति दृष्टिकोण व्यवहारिक और लोक हितकारी था। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समरसता और राष्ट्रीय एकता की भावनाओं को पैरों पर संविधान का सृजन किया। जिन्होंने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में सर्वव्याप्ति जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में लगा दिया। उन्होंने कहा बाबा साहब दलित, आदिवासी,पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर सरकारी नौकरियों में आगे बढ़ाने का भी मौका दिया तो वहीं दूसरी तरफ समतामूलक समाज की स्थापना को संविधान में उतार कर देश के लोगों को हर तरह से शक्तिशाली बनाने का काम किया। ऐसे महान शख्सियत को कोटि-कोटि नमन है।

## हाई जंप में रातू की सरिता फर्स्ट और भाला फेंक में सेकेंड



**रांची।** जिला स्तरीय खेलो झारखंड खेल-कूद प्रतियोगिता बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित की गई । इसमें सरिता कच्छप ने हाई जम्प में प्रथम स्थान एवम भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राजकीकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तिलता का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि पर मंगलवार को विद्यालय परिसर में भी उसे सम्मानित किया गया। इसके लिए स्कूल की प्राचार्या बबिता कुमारी, ऋषिकेष पठाक, शिवनाथ महतो, आरती कुमारी, अंजना शैलबाला मिंज समेत अन्य सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सरिता को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# आजसू छात्र संघ के जिला सम्मेलन में बोले नेता युवाओं को संघर्ष का नया अध्याय लिखना होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू अंदोलन की उपज है और यही हमारी पहचान भी है। राज्य के युवाओं के हक-अधिकार के लिए एक बार पुनः छात्रों को गोलबंद करने की जरूरत है। एक नए आंदोलन के साथ, युवाओं को संघर्ष का नया अध्याय लिखना होगा। युवा संगठित होकर नई पीढ़ी को गढ़ने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता एवं झारखंड आंदोलनकारी डॉ. देवशरण भगत ने हरमू, रांची स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आजसू पार्टी की सहयोगी इकाई अखिल झारखण्ड छात्र संघ के रांची जिला सम्मेलन के दौरान कही।




मौके पर उपस्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि झारखंड के युवाओं में अपार क्षमता है, जरुरत है तो उसे सही दिशा देने की। झारखंड में नौकरी एवं नियुक्तियों का हाल बेहाल है। सरकार ने चुनाव से पहले युवाओं के लिए बड़े-बड़े वादें किए, रोज नए सपने दिखाएं। लेकिन लगभग तीन सालों के कार्यकाल से यह साफ हो चुका कि ये सरकार मेनिफेस्टो और विज्ञापनों तक ही सीमित है।

अखिल झारखंड संघ के प्रदेश अध्यक्ष गौतम सिंह ने जिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि नई सोच, नई ऊर्जा के साथ आजसू एक बार फिर झारखंड में उलगुलान का एक नया इतिहास लिखेगा। युवा सड़कों पर आ गए हैं। आज ही कई अखबारों में सरकार की नाकामियों का पूरा लेखा-जोखा लिखा गया है। जिसमें साफ साफ लिखा था कि - 'परीक्षा तो दूर की बात है। सरकारी नौकरी देने में आज शिक्षा विभाग किस तरह से पीछे है, इसका ताजा उदाहरण शिक्षक नियुक्ति को लेकर है। बीते 24 अगस्त को कैबिनेट की बैठक में 50000 शिक्षकों की नियुक्ति की स्वीकृति मिली थी। पहले चरण में 25,996 शिक्षकों की नियुक्ति होनी थी लेकिन कैबिनेट स्वीकृति के 102 दिन बाद भी नियुक्ति प्रक्रियाशुरूनहीं हो पाई है। ऐसी परिस्थितियों में आजसू की जिम्मेदारी और बड़ी हो जाती है और हम व्यापक आंदोलन को लेकर तैयारी में जुट गए हैं।

जिला सम्मेलन में मुख्य रुप से हरीश कुमार, गौतम सिंह, जब्बार अंसारी, गदाधर महतो, ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, ज्योत्सना केरकेप्ता, अनु तिर्की, राजकिशोर महतो, पप्पू महतो, दीपक साहू, नीतीश कुमार, कौशल कुमार, महावीर महतो, देवक मुंडा, संतोष तांती, दीपक महतो, लोकेश महतो, संदीप महतो, बुधवा मुंडा, राहुल तिवारी, जम्माल गद्दी, नीतीश सिंह, आशुतोष शुक्ला, अभय, विशाल यादव, राजा साहू, मयंक सिंह, करम सिंह, रौशन शेठ, धर्मेन्द्र यादव, नवीन कुमार, बसंत मंडल, प्रयाश महतो एवं सभी प्रखंड के छात्र नेता समित्ति के उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक समरसता को बढ़ाया : आदित्य साहू



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा कि भारतीय संविधान का जनक डॉ भीमराव अंबेडकर की महान प्रयास ने देश को एकजुट रखने में बहुत मदद की है। संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर ने देश का मार्गदर्शन किया है। भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 67वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर कही। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहेब को भारतीय संविधान का आधार स्तंभ माना जाता है। उनके द्वारा देश के लिए किए गए योगदान को पूरा देश याद करता है। उन्होंने कहा कि नीति निर्देशक सिद्धांतों को आकार देने में समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण प्रणाली का सूत्रपात, दलितों के लिए समान अधिकार की आवाज ने उन्हें भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक अपूरणीय स्थान दिलवाया है।

## ओबीसी मोर्चा ने किया बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर को याद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अनुबंध, आउटसोर्सिंग, लेटरल एंट्री से सरकारी पदों का भारा जाना संविधान के विरुद्ध है। संविधान में देश को कल्याणकारी राज माना गया है। सरकारी पदों पर एक छोटे से कर्मचारी को भी अच्छा वेतन दिया जाता है, ताकि वह अपने बच्चों का शिक्षा-दीक्षा, इलाज व घर मकान ढंग से बना कर रहे। लेकिन सरकारें अब कारपोरेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों के कम से कम वेतन देने की परिपाटी जैसा व्यवहार आउटसोर्सिंग, अनुबंध जैसे नीति लाकर जनता से कर रही है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67 वीं महापरिनिर्वाण दिवस पर डोरंडा स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात कही। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान में कल्याणकारी राज की भावना समाप्त कर दी गई है।

ऐसी परिस्थिति में संविधान में कल्याणकारी राज की भावना धीरे-धीरे समाप्त की जा रही है लेटरल एंट्री के माध्यम से बड़े बड़े अधिकारियों का चयन करना भी संविधान विरुद्ध है। बाबा साहब के मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद विद्वान अधिवक्ता योगेंद्र प्रसाद जी ने संविधान के प्रस्तावना पाठ कराई गई। इस अवसर पर रामावतार कश्यप सीबी बलमूचू अधिवक्ता अब्दुल कलाम रसीदी,योगेंद्र प्रसाद, राजेंद्र राम रविदास, चंद्रशेखर गुप्ता, पंकज रवि ,अभिराज रंजन ,भोलानाथ रजक, रमेश पासवान, रोहित सहित कई लोग उपस्थित थे।

## काला बिल्ला लगाकर जवान कर रहे ड्यूटी

**रांची।** होमगार्ड का स्थापना दिवस छह दिसंबर मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर होमगार्ड के जवानों ने काला बिल्ला लगाकर ड्यूटी किया। जवान सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे है। होमगार्ड जवानों की मांग है कि सामान कार्य के लिए सामान वेतन का लाभ और सभी होमगार्ड जवानों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाये। सरकार ने मांग पूरा करने का वादा किया था। लेकिन अब तक वादा पूरा नहीं किया गया है।

**होमगार्ड यूनिट को साल 1946 में बॉम्बे प्रांत में बनाया गया**

होमगार्ड यूनिट को साल 1946 में बॉम्बे प्रांत में बनाया गया था। किसी भी अप्रिय स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सेना, नौसेना, वायु सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अलावा, जुड़वां स्वैच्छिक संगठन नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक को बनाया गया था। बताया जाता है, कि 6 दिसंबर 1962 में चीन द्वारा भारत पर आक्रमण इसके स्थापना के पीछे एक वजह थी। इस महत्वपूर्ण दिवस को यूपी में 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादी ढांचे की घटना के कारण विभाग अपना स्थापना दिवस समारोह नहीं मनाता था।

## श्री श्याम मंदिर में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जय हनुमान ज्ञान गुण सागर जय कपीस तिहुं लोक उजागर राम दूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ में श्री हनुमान जी महाराज की जयकारों से गूंज रहा था । श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आज संध्या 27 वा श्री सुंदर कांड श्री हनुमान चालीसा पाठ समारोह का आयोजन भव्य रुप से भक्ति व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर प्रत्येक मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होता है । इसी श्रंखला में आज मंडल के वरिष्ठ सदस्य श्री रतन शर्मा ने परिवार संघ श्री हनुमान जी महाराज की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना केला फल का प्रसाद अर्पित कर सुगंधित इत्र चढ़ाकर अपनी मनोकामना का निवेदन किया। मंडल के उप मंत्री श्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान संपन्न करवाया।

## प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एकदिवसीय संगोष्ठी 7 को



**रांची।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची एवं झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 7 दिसंबर 2022 को प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं क्रियान्वयन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस करेंगे। विशेष अतिथि के तौर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ अतुल कोठारी उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में झारखंड के सभी निजी एवं सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्रति कुलपति, कुलसचिव, डीन एवं शिक्षा नीति क्रियान्वयन समिति के संयोजक तथा विभिन्न संस्थानों के डायरेक्टर, प्राध्यापक एवं बड़े पैमाने पर शिक्षाविद अपेक्षित हैं।

## महिला की बेटी को छुड़ाने की राज्यपाल से फरियाद



**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस से मंगलवार को बड़कागांव, हजारीबाग की गीता महतो ने भेंट की। कहा कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी की किडनैपिंग हो चुकी है। गांव के ही मुखिया एवं उनके बेटे द्वारा अपहरण किये जाने की सूचना है। बेटी अब भी उनके ही कब्जे में है। उन्हें अब राज्यपाल से ही मदद की आस है। राज्यपाल ने उनकी बातों को सुनने के उपरांत इस संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर गीता महतो के पति लालदेव महतो भी मौजूद थे।

## साउथ ईस्टर्न रेलवे मुख्यालय में 29 दिव्यांग कर्मचारियों को ईमानदारी के लिए मिला सम्मान

**रांची।** एसईआर मुख्यालय, गार्डन रीच में दिव्यांगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया गया। अर्चना जोशी महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे ने 29 दिव्यांग रेलवे कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी, समर्पण और उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। ये कर्मचारी एसईआर मुख्यालय और चार मंडलों खड़गपुर, आद्रा, रांची और चक्रधरपुर में विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं। इस मौके पर महाप्रबंधक अर्चना जोशी समेत अतुल्य सिन्हा अपर महाप्रबंधक, डॉ. महुआ वर्मा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद थे। मुख्यालय स्टाफ बेनिफिट फंड दक्षिण पूर्व रेलवे गार्डन रीच की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

महाप्रबंधक अर्चना जोशी ने इस दौरान कहा कि संगठन को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारी बधाई के पात्र है। उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा दिव्यांगजनों को दी जाने वाली विभिन्न सहायता का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों के लिए व्हील चेयर, श्रवण यंत्र आदि वितरित करने के लिए नियमित अंतराल पर विशेष शिविर आयोजित किए जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की विशेष जरूरतों के प्रति समाज को संवेदनशील बनने की जरूरत है।

## खेलगांव में 15 दिसंबर से दो चरणों में होगा राज्य स्तरीय खेलो झारखंड, समिति गठित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य स्तरीय खेलो झारखंड का आयोजन दो चरणों में रांची के खेल गांव में होगा इसे लेकर समितियों का गठन किया गया है प्रतिस्पर्धा हो के आयोजन को लेकर भी समिति बनाई गई है इसमें विभिन्न स्कूल के शिक्षकों को प्रतिनियुक्त किया गया है सभी को 14 दिसंबर तक खेल गांव में योगदान देने को कहा गया है इस संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने 5 दिसंबर को आदेश जारी किया। पासी ने जारी आदेश में कहा है कि समग्र शिक्षा अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा राज्य के सभी सरकारी विद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड आवासीय विद्यालय, मॉडल विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय में पढ़ रहे 50 लाख छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए खेलो झारखंड आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड- 2022-23 का आयोजन दो चरणों में किया जाना है। पहला चरण 15 से 17 दिसंबर और दूसरा चरण 19 से 21 दिसंबर तक रांची के खेलगांव में किया जाना है। इसके आयोजन के लिए मुख्य संचालन समिति, समन्वय समिति, आमंत्रण समिति, कंट्रोल रूम समिति, पंजीयन समिति, परिवहन समिति, प्रतिभागियों का आवासन समिति, पुरस्कार वितरण समारोह समिति आदि का गठन किया गया है। एथलेटिक्स, हॉकी, कराटे, कुश्ती, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, तीरंदाजी आदि खेलों के लिए आयोजन समिति बनाई गई है। खेलो झारखंड के सफल आयोजन के लिए संबंधित पदाधिकारी, शिक्षकों, कर्मियों की 14 से 22 दिसंबर तक रांची के खेल गांव में प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी, शिक्षक, कर्मियों को 14 दिसंबर की सुबह 10 बजे खेलगांव में प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी के लिए बैठक में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

# श्वसन चिकित्सा में मानक दिशा-निर्देशों के अनुसार इलाज जरूरी : डॉ मारवाह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सैन्य अस्पताल, नामकुम (रांची) में 'श्वसन चिकित्सा में उभरती अवधारणाएं' पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। यह भारतीय सशस्त्र बलों में श्वसन चिकित्सा विशेषज्ञों का एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन था। इसमें देश के कोने-कोने से डॉक्टरों ने भाग लिया। कोविड-19 महामारी के बाद से श्वसन चिकित्सा के क्षेत्र में कई चुनौतियां पैदा हुई हैं। इसे देखते भारतीय सशस्त्र बलों में यह अपनी तरह का पहला सम्मेलन था।

भारतीय सेना और विभिन्न नागरिक मंचों के श्वसन चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी लोगों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। श्वसन चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की प्रगति पर चर्चा की। श्वसन चिकित्सा के क्षेत्र में 20 से अधिक विशेषज्ञों और प्रोफेसरों ने व्याख्यान दिया। फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों और उसके निदान के संबंध में अपनी समझ को साझा किया। सम्मेलन में 100 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया।

**मानक दिशा-निर्देशों के अनुसार इलाज जरूरी:** श्वसन चिकित्सा के प्रोफेसर कर्नल (डॉ.) विकास मारवाह एसएम ने पल्मोनरी एम्बोलिज्म के प्रबंधन में दुविधाओं पर चर्चा की। इस दौरान विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक मानक दिशा-निर्देशों के अनुसार इलाज नहीं किया जाता है, पल्मोनरी एम्बोलिज्म एक घातक बीमारी हो सकती है। राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दवा प्रतिरोधी तपेदिक के निदान और प्रबंधन में नवीनतम रुझानों पर सम्मेलन में गहन चर्चा की गयी। कार्यक्रम में श्वसन संक्रमण को रोकने में टीकों की भूमिका पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने मृत्यु दर को रोकने के लिए ब्रोन्कियल अस्थमा के शीघ्र निदान और इसके उचित प्रबंधन की आवश्यकता पर भी बल दिया। सम्मेलन में मेजर जनरल नरेंद्र कोतवाल, सैन्य अस्पताल नामकुम के कमांडेंट ब्रिगेडियर डॉ आर एन वर्मा, लेफ्टिनेंट कर्नल (डॉ.) नीरज शर्मा और मेजर (डॉ.) कुणाल कुमार ने इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## स्पीड न्यूज़

### रातूः कमड़े से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**रातू।** पुलिस ने मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे कमड़े दाल मील के गेट के समीप पड़े अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। उसकी उम्र करीब 42 वर्ष थी। मृतक के शरीर में चोट के निशान नहीं है। सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। मामले को लेकर रातू थाने में यूडी केस दर्ज किया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी थी। थानेदार सपन कुमार महथा ने बताया कि पोस्टमार्टम के उसे अगले 72 घंटे तक फ्रीजर में रखा जायेगा। ताकि परिजन उसका अंतिम संस्कार कर सकें। उन्होंने ठड से मौत होने की आशंका जतायी है। हालांकि इसकी जांच हो रही है।

### ट्रांसफारमर और मोटर लगने से पानी की आपूर्ति शुरू, हर्ष

**नामकुम।** खिजरी नामकुम जलापूर्ति योजना का ट्रास्फर्मर खराब हो जाने से पिछले कई माह से पानी की सप्लाई बंद हो गयी थी। नामकुम मध्य जिला परिसद सदस्य रामावतार केरकेटटा,मुखिया कामेर्ला कच्छप और बनो और बनाओं मंच के संस्थापक रामाधार सिंह और सचिव अखिलेश यादव, लालझरी देवी, प्रति देवी आदि के प्रयास से नया ट्रास्फार्मर लगवाया गया साथ ही इन्टेक वेल और पानी के प्लांट में भी नई मषीन लगवायी गयी। जिसके बाद खिजरी और बरगांवा पंचायत वासियों को पानी की आपूर्ति शुरू कर दी गयी। सप्लाई पानी षुरू हो जाने से दोनो पंचायतवासियों में हर्ष है।

### खलारी प्रशासन ने बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा

**खलारी।** खलारी अंचलाधिकारी शिशुपाल आर्य के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मंगलवार की सुबह कोंनका मुख्य मार्ग बुकुलिया टांड के समीप बालू का परिवहन कर रहे 2 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। पकड़े गए ट्रैक्टर से जांच के क्रम में परिवहन चालान के वगैर परिवहन करने का मामला सामने आयाए जिसके बाद प्रशासन के द्वारा दोनो ट्रैक्टर को जब्त कर मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बघमरी पिकेट में रखा गया है साथ ही अग्रतर कार्रवाई को लेकर जिला खनन पदाधिकारी के समक्ष मामले को अग्रसारित किया गया है। इधर प्रशासन के इस कार्रवाई के बाद बालू तस्करों में हड़कंप व्याप्त है।

### विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**पिठोरिया।** ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार के ष्मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनाष अंतर्गत चंदवे .पिठौरिया मुख्य सड़क से मुरुम बाजार टांड़ बत्ता कनान्दू तक पथ निर्माण कार्य का आज शिलान्यास कांके विधायक समरी लाल के द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल टाइगरए आजसू नेता सह पूर्व जिप सदस्य मजीबुल रहमानए भाजपा नेता नसीब लाल महतोए प्रभात भूषणए राम लखन मुंडाए मनोज रामए गोपाल महतोए जियाउद्दीन अंसारी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### ग्राम प्रधानों ने बैठक कर बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

**अनगड़ा।** प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को ग्राम प्रधान उमेश कुमार बड़ाईक की अध्यक्षता में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की एक बैठक हुई। बैठक में ग्राम प्रधानों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनगड़ा को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में आठ बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इस संबंध में मांगों को हर हाल में पूरा करने की बात कही गई। कहा गया कि अगर हमारी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो इसके लिए आंदोलन भी हो सकता है। मौके पर ग्राम प्रधान शिबु मुंडा, सोमरा उरांव, दुतीलाल बेदिया, लोकनाथ पाहन, विवेकानन्द शाही, बालेश्वर बेदिया, जितेन्द्र उरांव, धरमनाथ पाहन आदि ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

# बलात्कार, अत्याचार और शोषण के खिलाफ आदिवासियों ने भरी हुंकार

## धर्मान्तरण कर अवैध तरीके से निकाह करने का बेड़ो में विरोध

## आदिवासियों ने जन आक्रोश रैली निकाल किया विरोध प्रदर्शन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** आदिवासी युवतियों और महिलाओं को प्रलोभन देकर एक साजिश के तहत प्रेमजाल में फंसा कर पत्नी बनाना और फिर उन्हें मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद एवं विधानसभा में चुनाव लड़ाया जाना गंभीर मसला है। यह संविधान में आदिवासियों को प्राप्त हक और अधिकार का हनन है। आदिवासी समाज ऐसे कुकृत्य का घोर निंदा करते हुए पूरजोर विरोध करता है। उक्त बातें गैर आदिवासियों खासकर मुस्लिम समाज के द्वारा आदिवासी महिलाओं के साथ बलात्कार अत्याचार जुल्म शोषण और धर्म परिवर्तन तथा शादी कर जमीन की खरीद बिक्री के खिलाफ बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में केंद्रीय पाड़हा संचालन समिति के तत्वावधान में आयोजित जन आक्रोश रैली के दौरान मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत ने कही। जन आक्रोश रैली के दौरान आदिवासियों ने हुंकार भरी और कहा कि आदिवासी समाज अब जुल्म और शोषण बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने कहा कि बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी पंचायत में वहां की मुखिया फ्रांसिस्का मिंज के द्वारा अपनी सुपुत्री को मुस्लिम रीति.रिवाजों के तहत धर्म परिवर्तन करा कर शादी करायी गयी है उस पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। निकाह की गवाह बनी मकुन्दा की मुखिया सरिता एक्का एवं कादोजोरा के नबीबूल हसन सहित काजी के ऊपर भी कानूनी कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज गैर आदिवासियों के द्वारा आदिवासी महिलाओं का धर्म परिवर्तन कर पत्नी बनाने तथा पंचायत चुनाव लड़वाकर आदिवासी समाज की परंपरा और संस्कृति पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं करेगा।

### राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

पड़हा संचालन समिति के द्वारा बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी सुमंत तिर्की, डीएसपी रजत माणिक बाखला, इंस्पेक्टर नवलकिशोर प्रसाद, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता को संयुक्त रूप से महामहिम राज्यपाल के नाम पांच सूत्री मांग को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने करांजी मुखिया फ्रांसिस्का मिंजए मंकुन्दा मुखिया सरिता एक्का व नबीबुल हसन पर प्राथमिकी दर्ज किए जाने का आवेदन दिया है।

### सभी धर्म के लोग अपने-अपने धर्म में विवाह करें

एआईएमएआईएम के नेता शिशिर लकड़ा ने कहा सभी धर्म के लोग अपने अपने धर्म में विवाह करें। इस तरह हमारे आदिवासियों की बच्चियों को धर्म परिवर्तन करा कर निकाह करना व आदिवासी का लाभ लेना एक गहरा षड्यंत्र का हिस्सा है। इसे हम कतई बर्दाश्त नही करेंगे। इस जन आक्रोश रैली के माध्यम हम सरकार से मांग करते है कि इस पर कानून बनाकर आदिवासियों को बचाया जाए। नही तो इसके लिए राजभवन का घेराव करना पड़े तो इसे भी किया जाएगा। इस दौरान हजारों मूलवासियों और आदिवासियों ने बेड़ो में विशाल रैली निकाली और जन सभा का आयोजन कर हुंकार भरी। इस मौके पर कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, समाजसेवी विश्वनाथ गोप, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना बड़ाईक, पंचू मिंज, देवनिश तिग्गा, दिलीप उरांव, मन्ना खेस, एतवा उरांव, राखी भगत, मुखिया सुशांति भगत सहित कई लोगों ने संबोधित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन सुखदेव उरांव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पंचायत समिति सदस्य राखी भगत ने किया।

# इटकी में विधायक ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास

## आरोग्यशाला परिसर में विकास कार्य



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मंगलवार को इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विकास कार्यों में करीब ढाई करोड़ की लागत से आरोग्यशाला परिसर की चहारदीवारी जीर्णोद्वार 42 लाख की लागत से मुख्य गेट, गार्ड रूम्, संत्री पोस्ट का निर्माण, 45ण्50 लाख की लागत से प्रशासनिक भवन से अधीक्षक आवास तक, नर्सेस छात्रावास व प्रशासनिक भवन के गोल चक्कर में पेवर ब्लॉक से सड़क निर्माण, इसके अलावा 45.15 लाख की लागत से प्रशासनिक भवन गोल चक्कर से न्यू महिला वार्ड तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा किया गया। संबंधित कार्य के लिए तीन जगह शिलापट लगाए गए है। मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास की पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करने लिये कृत्संकल्प है। मुख्यमंत्री की पैनी नजर आरोग्यशाला पर पड़ी है। इसका विकास अब तय है। कार्यक्रम में आरोग्यशाला के अधीक्षक डॉ पीके भगत, मजकुर आलम सिद्दीकी, रमेश महली, अबू माज, बलराम गोप, हाजी अली हसन व इबरार इमाम, राजन किस्पोट्टा, घोमा सिंह, ताहिर, अहमद, अजय गोप, मोहित गोप, शादिक पापु, जेई अनिल टोप्पो सहित संवेदक आदि मौजूद थे।

# रूक्का फिल्ट्रेशन प्लांट में मेंटेनेंश की लापरवाही से मजदूर हो रहे हैं घायल

## एक मजदूर की अंगुली कटी, दूसरे का पैर टूटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** पीएचईडी विभाग की लापरवाही के कारण वाटर फिल्टेशन प्लांट रूक्का की स्थिति जर्जर होती जा रही है। वर्षो पूर्व निर्माण हुए प्लांट के सिढी व स्लेप टुट गए हैं। वहीं भवन की भी स्थिति भी काफी खराब हो हो गई है। इसकी जानकरी प्लांट के मजदुरो दी और बताया कि पिछले दिनों दो मजदुर गिर कर घायल हो गए। 15 दिन पूर्व टुटी सिढी के कारण गिरे मजदुर अमृत मुंडा का दाएं हाथ का एक अंगुली कट कर अलग हो गई है। वहीं कार्य के दौरान ही स्लेप टुटने से मजदुर दिनेष महतो का भी पैर टुट गया। उसके पैर में रड लगा। बताया गया कि मेंटेनेश के नाम पर प्लांट की बाहरी रंग-रोगन किर दिए जाते हैं। अहमदाबाद गुजरात की एपीसीएल कंपी द्वारा प्लांट में आउटसोर्सिंग से मजदुर मुहैया कराती है। किसी मजदुर के दुर्घटना होने पर कंपनी द्वारा किसी प्रकार से घायल को मदद नही करती है। वहीं विभाग के अधिकरी कंपनी से मुआवजा लेने की बात करते हैं। घायल मजदुर अमृतक मुंडा ने बताया कि प्लांट में कार्य करने के दौरान गिरने से अंगुली कट कर अलग हो गई है। वह खूद के पैसे से सालीनी हॉस्पिटल में उपचार करा रहा है। वहीं मजदुर दिनेष महतो ने बताया कार्य के दौरान स्लेप टुटने से गिर गए और पैर टुट गया है। एक वर्ष होने को है, अभी तक कंपनी व विभाग से मुआवजा नही मिला।

> कांटेक्ट वेसिस पर प्लांट में आउटसोर्सिंग मजदूर कार्य करते हैं। दुर्घटना होने पर मुआवजा व पेमेंट एजेंसी को ही देना है।
> **राधेश्याम रवि, कार्यपालक अभियंता (सिविल) पीएचडी।**

> प्लांट में कार्यरत सभी मजदूरों का इंश्योरेंश किया गया है। जो मजदुर घायल हुए उनको कंपनी द्वारा उपचार कराया गया है। घायल होने पर छुट्टी भी दी गई। उसका पेमेंट भी दिया गया है।
> **पूजन शाह, एमडी एपीसीएल।**

# चान्हो: पीसीसी सड़क निर्माण में अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

## बारूद फैक्ट्री से परसातरी तक हो रहा पीसीसी सड़क का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चान्हो।** प्रखंड के चामा पंचायत अंतर्गत परसातरी में बन रहे डीएमएफटी मद से बारूद फैक्ट्री से परसातरी तक पीसीसी पथ का निर्माण में अनियमितता बरतने का मामला प्रकाश में आया है। घटिया निर्माण को लेकर परसातरी, चमरंगा आदि गांव के लोगों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने इस निर्माण की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दिया। जानकारी पाकर चान्हों प्रमुख होलिका देवी, पंचायत समिति सदस्य सुनीता मुंडा, प्रतिनिधि राजकुमार मुंडा ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया और कार्य में गड़बड़ी पाकर कार्य बंद करा दिया। योजना के अनुसार दस फीट चौड़ाई और छह इंच मोटाई ढलाई करना है, जबकि आठ से नौ फीट चौड़ाई और उसके ऊपर पत्थर के डस्ट एक इंच और ढलाई सिर्फ दो इंच किया जा रहा था।

> जिला परिषद आदिल अजीम किसी कार्य में व्यस्त होने के कारण कार्य स्थल पर नहीं पहुंच पाए उन्होंने फोन पर बताया कि अगर इस तरह का घटिया निर्माण किया जा रहा है तो इसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इसकी शिकायत उच्च अधिकारी से जांच करायी जाएगी।

## एक नजर में

### एथलेटिक्स खिलाड़ी वर्षा कुमारी का बेहतरीन प्रदर्शन



**खलारी।** मोरहाबादी मैदान रांची मे जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन में गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ी वर्षा कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान प्राप्त कीए वही स्पोरटिंग क्लब राय के लक्ष्मी कुमारी ने 600 मीटर दौड़ मे तीसरा स्थान प्राप्त कीए दोनों बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र का नाम रौशन कीएदोनो बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय राय स्कूल की छात्रा हैए खिलाड़ियो के बेहतरीन प्रदर्शन करने पर गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतोए स्कूल के प्रधानाध्यापक महोदय नेसार अहमद, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम कुमार भुईयां, मंजू देवी, अनूप कुमार, राम सुंदर, संजय दास, गणेश बैठा, विकेस सिन्हा, सोनी, सुमन, रागिनी ने बधाई दिए।

### हड़गड़ा टोली में ट्रांसफारमर का उद्घाटन

**चान्हो।** प्रखंड के रोल पंचायत अंतर्गत हडगड़ाटोली में मंगलवार को नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन जिप सदस्य की उपस्थिति में एक बुजुर्ग दंपति के हाथों फीता काटकर किया गया। बताते चले एक सप्ताह पूर्व उक्त गांव में लगा 63 केवीए का काट्रांसफार्मर खराब हो चुका था जिससे यहां के ग्रामीण काफी परेशानियों का सामना कर रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही जीत सदस्य समाजसेवी आशुतोष तिवारी ने अपने प्रयास से यहां नए ट्रांसफार्मर विभाग से दिलवाया जिससे गांव के लोग बहुत ही प्रसन्न थे। मौके पर मुखिया चंपा उरांव उप मुखिया रतना उरांव, प्रखंड मोमिन कांफ्रेंस के अध्यक्ष कयूम अंसारीए शकील अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### आम्रपाली में विरोध-प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर कोफिमयू ने की चर्चा

**खलारी।** कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने अम्रपाली महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी की अध्यक्षता में मंगलवार को एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में अम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र में आहूत 9 दिसम्बर को विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए विनय सिंह मानकी ने कहा कि 11वां वेतन समझौता में हो रही विलम्ब के खिलाफ यह विरोध होने जा रहाए विरोध प्रदर्शन में सीएमयू पूरे दमखम से अपना विरोध प्रदर्शन करेगीए बैठक का संचालन संतोष विश्वकर्मा व धन्यवाद ज्ञापन मिथिलेश सिंह ने किया। बैठक में उपेन्द्र कुमार राणा, रविन्द्र विश्वकर्मा, राजू मुंडा, दीपू कुमार प्रसाद, रंजीत कुमार, सतीश कुमार साव, गणेश गंझू, जीतन गंझू, सिकन्दर कुमार चौहान, विकास कुमार साव, शंकर तुरी, निखिल आनंद सहित अन्य मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं की स्वास्थ्य जांच

**सोनाहातू।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू में चिकित्सा प्रभारी डॉ जयराम शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने छात्राओं का हिमोग्लोबिन जांचए बीपी जांच एसहित अन्य स्वास्थ जांच किया गया। इस दौरान सामान्य सर्दी खांसी और बुखार वाली छात्राओं को दवा दिया गया। सभी छात्रा सामान्य स्थिति में पाये गये। विद्यालय की वार्डेन शशि बाड़ा ने बताया कि विद्यालय में रूटीन जांच किया गया। साथ ही छात्राओं की जांच गायनोकोलिजिस्ट महिला चिकित्सक से कराने का अनुरोध किया गया है एजिसपर प्रभारी द्वारा जल्द डॉक्टर भेजने का आश्वासन दिया गया है । टीम में डॉ नतालिया केरकेट्टा के नेतृत्व में एएनएम प्रभा मिंजए सुमन मुंडा और कुमारी अयोध्या बाला मौजूद थी । मौके पर शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो और सौरभ कुमार सिंह मौजूद थे ।

### शिक्षक के निधन पर शोक की लहर



**बेड़ो।** बेड़ो के अंग्रेजी माध्यम के मॉडल स्कूल के विज्ञान के शिक्षक गौतम कुमार के निधन से सम्पूर्ण बेड़ो प्रखंड सहित शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। अपने छात्र.छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय रहे गौतम कुमार का उनके निवास स्थल रांची के मंगल विहार तिरिल आश्रम न्यू बैंक कॉलोनी कोकर में मंगलवार को अपराह्न लगभग 3.00 बजे ब्रेन कैंसर की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन जानकारी मिलते ही शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर अजप्टा के प्रदेश अध्यक्ष विजेन्द्र चौबेए प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो के प्राचार्य करम सिंह महतोए पूर्व प्राचार्य उमा चरण प्रसादए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवशंकर कुमारए प्रभारी प्रधानाध्यापक भिनसेन्ट सोरेंग एपूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा सिंहए बसंत कुमार सिंह, पारा शिक्षक अरुण कुमार साहू, सहायक शिक्षिका रेखा रानी, निर्मला मिंज, पूनम गुड़िया, राखी जयसवाल सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके निधन पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना किया। उधर दर्जनों छात्र छात्राओं ने भी अपनी संवेदनाएं प्रकट की है।

# समावेशी विकास के प्रबल पक्षधर थे बाबा साहेब : कालीचरण मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा सम्मेलन का आयोजन तमाड़ प्रोजेक्ट विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में तमाड़ के पूर्व विधायक काली चरण मुंडा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष आरण्पीण्रंजन व समता सैनिक समाज के महासचिव चंदन सिंह गौतम शामिल थे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कालीचरण मुंडा ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉण्भीमराव अंबेडकर समाबेशी विकास के प्रबल पक्षधर थे। बाबा साहेब के महापरिनिर्वाण दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान यह बातें कही। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के अग्रदूत डॉण्भीमराव अंबेडकर ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी। जहां सबको समान अधिकार एवं नीति.निर्णय से समान भागीदारी मिले। लेकिन बाबा साहेब का सपना आज भी अधूरा हैं। विशिष्ट अतिथि आर पी रंजन ने कहा कि आज भारत की आजादी के 75 साल बाद भी अनुसूचित जाति की मिले अधिकारों पर चिंतन करना चाहिए। उनके अवसरों से वंचित शक्तियों की पहचान करनी चाहिए। दलितों को जातिवादई बेरोजगारीई भूख, गरीबी, अन्याय, अत्याचार, अशिक्षा से सरकार वंचित रखा हैं। डॉण्साहेब के विचारों को आज युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की आवश्यकता हैं। चंदन सिंह गौतम ने कहा कि जनजाति को संविधान प्रदत अधिकार प्रदान करने के लिए आज नये अधिकार आंदोलन का प्रारंभ करना चाहिए। साथ ही विभिन्न वक्ताओं ने प्रस्तावित अनुसूचित बालिका विद्यालय का निर्माण के लिए आंदोलन करने की बात कही गई।

### मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल का खेला गया फाइनल मैच

**तमाड़।** प्रखंड अंतर्गत आमलेशा फुटबॉल मैदान में मंगलवार को दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेल का आयोजन किया गया। 5 दिसंबर एवं 6 दिसम्बर को बालक एवं बालिका वर्ग के कुल 15 टीमों में बालक वर्ग के 13 टीम वहीं बालिका वर्ग के दो टीमों के बीच खेला गया। बालक वर्ग के फाइनल में आमलेशा और पुण्डीदीरी के बीच खेला गया।

# पुरनाडीह परियोजना के कांटा घर का दरवाजा तोड़ कंप्यूटर, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरा ले उड़े चोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी/पिपरवार।** थाना अंतर्गत एनके एरिया सीसीएल के पुरनाडीह परियोजना के कांटा घर में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने दरवाजा तोड़कर कंप्यूटरए प्रिंटरए सीसीटीवी कैमराए यूपीएस सहित डेड सेल के 23 बैटरी चोरी कर ले उड़े चोर। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह 8 बजे कांटा कर्मी चंदू मुण्डा सुरेन्द्र उराँवएप्रकाश शर्मा कांटा घर को खोलने के लिए पहुँचेण्तो देखा कि कांटा घर का ग्रिल का ताला टूटा हुआ हैएउसके बाद अंदर इंटरलॉकिंग दरवाजा को तोड़ कर कांटा के कार्य के लिए वस्तुओं को क्षतिग्रस्त कर कीमती समान लेकर चले गयेण इतने में सीसीएल सुरक्षा कर्मी को बताया गयाणउसके बाद पिपरवार थाना को सूचित किया गयाण घटना की सूचना मिलने पर पिपरवार थाना पुअनि रूपेश कुमार महतो दल बल के साथ पहुँचे। पुलिस घटना स्थल पहुचकर छानबीन में जुट गई है। बताना चाहते है कि कांटा घर सहित पूरे परियोजना की सुरक्षा के लिए एसआईएसएफ जवान एवं सीसीएल के सुरक्षा कर्मी 24 घंटे तैनात रहते हैं।

### सुरक्षाकर्मियों के रहते हो गई चोरी

सुरक्षाकर्मियों के रहते हुए चोर बड़ी आसानी से चोरी कर चले गये और सुरक्षा कर्मी को भनक तक नहीं लगा। कांटा घर के उपकरणों की चोरी हो जाने पर कांटा नंबर 2 से कोयला वजन का कार्य ठप हो गया है। पुरनाडीह परियोजना में पिछले कुछ दिनों से चोरों ने आतंक मचा रखा है बीते माह बिजली का ट्रांसफार्मर की चोरी कर लिया गया थाण्जिसका अब तक चोरों की तलाश जारी है।

# पीडीएस दुकान से लाभुकों को कम मिलता है राशन

## समस्या को लेकर राहे प्रखंड में पंचायत समिति ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राहे।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रमुख लीलमनी देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रमुख ने कहा कि जनहित में पारदर्शिता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाये। प्रखंड प्रशासन सुनिश्चित करें कि आम जनता को कोई परेशानी ना हो। इस दौरान बारी.बारी से सभी विभागों की समीक्षा किया गया। बैठक में पीडीएस दुकान में अतिरिक्त बटखारा लगाकर लाभुकों को कम अनाज देने का मामला सामने आया। प्रमुख ने साफ निर्देश दिये की पारदर्शिता के साथ अनाज वितरण किया जाये ओर मामले की जांच कर दोषी डीलर पर करवाई किया जाए। बंसिया पंचायत में लगान रसीद नहीं काटने का मामला को समाधान करने की बात कही गई। इस दौरान अनुपस्थित सीडीपीओ, चिकित्सा प्रभारी, शिक्षा पदाधिकारी कक कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में लाये गये सभी मामले का समाधन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप प्रमुख उमेश प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य टुसुमनी देवी, छोटन मुंडा, रीना देवीए प्रकाश मुंडा एगुनेश्वरी देवी, निधि देवी, अनीता देवी, भानुमति देवीए चिंता सिंह मुंडा, बीडीओ हारून रशीद, सीओ महेंद्र छोटन उरांव, बीएसओ बिष्णु खंडित, बीपीओ सुजीत सागर वन विभाग सिंचाई विभाग पेयजल विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# बाबरी मस्जिद विध्वंस को लेकर शिवसेना का विजय दिवस

## अयोध्या झांकी है काशी-मथुरा अभी बाकी है नारों से गूंजा बेड़ो

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** शिवसेना ने राजधानी में मंगलवार को भगवा विजय दिवस मनाया। मोराबादी से सैकड़ों की संख्या में बाइक के साथ भगवामय शोभायात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा भारतीय विद्यार्थी सेना के रांची महानगर प्रमुख रोनित कुमार के अध्यक्षता में निकाला गया। शोभायात्रा में जय श्री रामए अयोध्या अभी झांकी है काशी.मथुरा अभी बाकी है और हिन्दू विरोधियों का आर्थिक बहिष्कार करो के जयकारों से जहां जहां से शोभायात्रा गुजरा वहां ये जयकारा गूंजते रहा। शोभायात्रा के दौरान युवासेना राज्य प्रमुख संदीप मुखेर्जी ने बताया की आज का दिन सभी हिंदुओ के लिए गर्व का दिन है। 1992 में आज के दिन हिन्दू वीरों ने बता दिया था कि जब जब धर्म पर संकट आएगा तब तब हिन्दू वीर अपने धर्म के लिए मारने या मरने के लिए खड़ा रहेगा। बाबरी मस्जिद विध्वंश के समय सबसे पहले मस्जिद पर चढ़ने वाला भी शिवसैनिक था और इस विषय पर जब हिन्दू हृदय सम्राट स्वर्गीय बालासाहेब जी से पूछे जाने पर बाबरी मस्जिद विध्वंश का पूरा जिमेवारी भी बालासाहेब ने लिया था। इसलिए आज का दिन हम शिवसैनिकों के लिए महत्वपूर्ण दिन है।



# भू जल पर विवाद

देश में भू-जल स्तर के ताजा आंकड़ों से रीचार्ज में वृद्धि और निकासी में कमी आने का संकेत मिलता है लेकिन इससे भारत में वास्तविक स्थिति की सही तस्वीर संभवतः नहीं मिलती है। जल विशेषज्ञों का कहना है कि भू-जल स्तर के आकलन के लिए बनाई गई इकाइयां काफी बड़ी हैं और उनकी संख्या भी काफी कम है। ऐसे में सूक्ष्म स्तर की तस्वीर नहीं दिख सकती है। भारत में गतिशील भू-जल संसाधन की 2022 की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल के दौरान देश भर में कुल वार्षिक भू-जल रीचार्ज में 2020 के पिछले आकलन के मुकाबले 1.29 अरब घन मीटर (बीसीएम) की वृद्धि हुई। जबकि निकालने योग्य कुल वार्षिक भू-जल संसाधनों में भी 0.56 बीसीएम की बढ़ोतरी हुई है। सिंचाई, घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए वार्षिक भूजल निकासी में भी इस दौरान 5.76 बीसीएम की कमी आई है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मुख्य तौर पर मापदंडों में संशोधन, कुओं की गणना के आंकड़ों में संशोधन और भू-जल व्यवस्था में बदलाव के कारण इस प्रकार के अंतर दिख रहे हैं।' साउथ एशिया नेटवर्क ऑफ डैम्स ऐंड रिवर्स के हिमांशु ठक्कर ने कहा, 'जमीनी वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं हुआ है जिससे अतिरिक्त कमी दिखेगी। वृहद स्तर पर पिछले छह दशकों से वृद्धि की रुझान दिख रहा है। रीचार्ज में वृद्धि से भी समस्या है क्योंकि आर्द्र भूमि और नदी की तलछटी जैसी व्यवस्थाएं नष्ट हो रही हैं। हमें पुख्ता सबूत चाहिए जो रिपोर्ट में मौजूद नहीं है।' कृषि क्षेत्र भू-जल संसाधनों का प्रमुख उपयोगकर्ता क्षेत्र है। भू-जल की कुल वार्षिक निकासी में सिंचाई की हिस्सेदारी करीब 87 फीसदी है। घरेलू एवं औद्योगिक उपयोग के लिए महज 30.69 बीसीएम भू-जल की निकासी होती है जो कुल निकासी का लगभग 13 फीसदी है। देश में भू जल की तस्वीर साफ नहीं होना एक बड़ी समस्या है।

# संविधान का संदेश

26 नवंबर की तारीख भारत के लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण हो गई है। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, इसलिए यह दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। फिर 2008 में मुंबई पर भयावह आतंकी हमला हुआ, जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने की नापाक कोशिश थी। इस बार 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर जब प्रधानमंत्री ने भाषण दिया, तो उसमें मुंबई हमलों का जिक्र था। हिंदुस्तान में किसानों की छवि गरीब, मजबूर लोगों की बन चुकी है, जो या तो सूखे की मार से परेशान रहते हैं या फिर कर्ज के बोझ तले दबे रहते हैं। इस बार संविधान दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने हम भारत के लोग को केवल शब्द नहीं भावना बताया और इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवाओं को संविधान समझना चाहिए, उसकी जानकारी रखनी चाहिए।

अगर नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ शाहीन बाग में महिलाएं प्रदर्शन के लिए दिन-रात बैठी रहीं, अगर किसान कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से अधिक वक्त तक आंदोलनरत रहे, अगर बेरोजगार युवा नौकरियों की मांग को लेकर बार-बार सड़कों पर उतर रहे हैं, अगर देश के दो राज्य सीमा विवाद के कारण हिंसक संघर्ष में उलझ रहे हैं, अगर विरोध की आवाजों को दबाने के लिए सरकार को बार-बार देश के कुछ हिस्सों में इंटरनेट बंद करना पड़ रहा है, अगर देश में पत्रकारों की निष्पक्षता और विश्वसनीयता संदेहों के दायरे में आ रही है। लोकतंत्र को मजबूत करने की व्यवस्थाएं संविधान में हैं और संविधान की दी गई इसी शक्ति का इस्तेमाल यात्रा में हो रहा है। निश्चित ही भारत का संविधान देश की एकजुटता और विकास को लेकर सजग है। यही कारण है कि हमारा देश विविधता के बीच एकता का संदेश देता है।

# अब उपभोक्ता ही तय करेंगे बाजार का मिजाज






- महेश व्यास

> अक्टूबर, 2022 को 18.7 परिवारों ने यह कहा था कि बीते साल की तुलना में उनकी आमदनी अधिक थी। अक्टूबर के अंत तक यह प्रतिशत बढ़कर 19.9 फीसदी हो गया था। नवंबर मध्य के दौरान यह थोड़ा और बढ़कर 19.4 फीसदी हो गया। अभी यह अक्टूबर की तुलना में कहीं बेहतर है। एक ओर बेहतरी वाला आशावादी रुख है, तो दूसरी ओर निराशा वाले रुख में भी बढ़ोतरी हुई है।

**भारत** में 2022 के त्योहारों का मौसम विदा हो चुका है। गणेश चतुर्थी से शुरू होकर दीपावली पर खत्म होने वाले त्योहारी मौसम में उपभोक्ता धारणाओं को आमतौर पर तेजी से बल मिलता है। नवंबर में उपभोक्ता धारणाओं को कोई मदद नहीं मिली है। दीपावली की सजावट हटाए जाने के बाद चमक फीकी पड़ गई है और त्योहार के कारण दी गई छूट वापस ले ली गई हैं। ऐसे में उपभोक्ता धारणाओं को यह क्या हो गया है? उपभोक्ताओं के टिकाऊ सामान पर खर्च करने के जज्बात को विशेष रूप से क्या हुआ है? क्या ये इरादे धराशायी हो गए, इन इरादों ने कदम पीछे खींच लिए हैं या वे टिक पाएंगे? सीएमआई के तीव्र-आवृत्ति उपभोक्ता धारणाओं के सूचकांक और उनके घटक भविष्य के बारे में कुछ अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। इस क्रम में 6 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में उपभोक्ता धारणा सूचकांक (आईसीएस) 2.2 फीसदी बढ़ा। यह त्योहार के मौसम के समाप्त होने के बाद पहला सप्ताह था। लेकिन इसके अगले सप्ताह आईसीएस में 3.4 फीसदी की गिरावट आई थी। इस कारण त्योहारी मौसम के महीने अक्टूबर की तुलना में नवंबर के आसपास आईसीएस में 0.65 फीसदी की कमी आ गई थी। सितंबर-अक्टूबर के दौरान आईसीएस में संचयी रूप से 11.9 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी। यह बढ़ोतरी त्योहार के मौसम का असर थी। हालांकि त्योहारी मौसम खत्म होने के एक पखवाड़े बाद यह सूचकांक 0.65 प्रतिशत गिर गया।

त्योहार का मौसम खत्म होने के बावजूद ये रुझान न धराशायी हुए और न ही कम हुए हैं। ऐसा लगता है कि त्योहारी मौसम में रुझानों का जो स्तर था, अब उस स्तर से भी ज्यादा हो गए हैं। यह फिर से आश्वासन देने वाला है। उपभोक्ता अवधारणाएं कोरोना पूर्व से पहले के स्तर तक तो नहीं पहुंच पाई हैं लेकिन ये धारणाएं निरंतर आगे बढ़ रही हैं।

दो सप्ताह के आंकड़ों को पढ़ कर कोई रुझान निकालना कुछ जोखिम भरा हो सकता है। इसलिए बाहरी परिस्थितियों में बदलाव के कारण हमें तेजी से बदलने वाले उपायों पर भी ध्यान रखना चाहिए - अभी भारत में त्योहारी मौसम खत्म हो चुका है। बीते दो हफ्तों के दौरान उपभोक्ताओं ने टिकाऊ उपभोक्ता सामान खरीदने के अपने उत्साही रुझान को कुछ कम कर दिया है। अक्टूबर 2022 के दौरान 18.4 प्रतिशत परिवार एक साल पहले की तुलना में टिकाऊ उपभोक्ता सामान खरीदने के लिए अधिक उत्साहित थे। बीते माह के अंतिम सप्ताह-दीपावली वाले सप्ताह-यह अनुपात उछलकर 19.9 फीसदी पर पहुंच गया था। त्योहारी मौसम खत्म होने के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में यह अनुपात गिरकर 19.5 फीसदी पर आ गया था और दूसरे सप्ताह में गिरकर 18.4 फीसदी आ गया। अभी यह उस स्तर पर है, जितना अक्टूबर के माह में था।

अक्टूबर, 2022 को 18.7 परिवारों ने यह कहा था कि बीते साल की तुलना में उनकी आमदनी अधिक थी। अक्टूबर के अंत तक यह प्रतिशत बढ़कर 19.9 फीसदी हो गया था। नवंबर मध्य के दौरान यह थोड़ा और बढ़कर 19.4 फीसदी हो गया। अभी यह अक्टूबर की तुलना में कहीं बेहतर है। एक ओर बेहतरी वाला आशावादी रुख है तो दूसरी ओर निराशा वाले रुख में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे परिवारों का भी अनुपात बढ़ा है जो टिकाऊ उपभोक्ता सामान खरीदने को उचित समय नहीं मानते हैं और उनकी आमदनी में भी गिरावट हुई है। हालांकि आधे परिवारों ने कहा कि उनकी सोच में कोई बदलाव नहीं आया है।

ऐसे में शेष परिवारों में 20 फीसदी आशावादी हैं जबकि 30 फीसदी निराशावादी हैं। हम इनके अनुपात में बदलाव का अध्ययन कर रहे हैं। हमने पाया कि अक्टूबर, 2022 की तुलना में इस महीने आमदनी व खर्चे को लेकर दोनों पक्ष आशावाद और निराशावाद बढ़े हैं लेकिन इसमें निराशावाद अधिक बढ़ा है। इसका परिणाम यह हुआ कि वर्तमान आर्थिक स्थितियों का सूचकांक (आईसीसी) अक्टूबर 2022 की तुलना में 13 नवंबर, 2022 को समाप्त सप्ताह तक 1.6 प्रतिशत कम था।

हालांकि आईसीसी में गिरावट आई है और उपभोक्ता अपेक्षाओं के सूचकांक (आईसीई) में कोई बदलाव नहीं आया है। यह महत्त्वपूर्ण है। वर्तमान आर्थिक स्थितियों के खराब होने से परिवारों के नजरिये पर अत्यधिक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन यह त्योहारी मौसम के खत्म होने के बाद आने वाले हफ्तों में अचानक नहीं हुआ है।परिवारों में एक बड़ा अनुपात यह मानता है कि भारत में आगामी 12 महीनों की अवधि के दौरान आर्थिक माहौल बेहतरी के लिए बदलेगा। अक्टूबर 2022 की तुलना में नवंबर 2022 के पहले दो सप्ताह में आगामी 12 महीनों के दौरान वित्तीय और कारोबार की स्थितियों में महत्त्वपूर्ण रूप से सुधार होने की धारणाएं बेहतर हुईं। यह अवधारणा सितंबर 2022 के दौरान भी पर्याप्त रूप से बेहतर हुई थी।

यह धारणा अक्टूबर में बेहतर हुई थी और इसे नवंबर में भी बल मिला। करीब 20 फीसदी परिवारों का अब यह मानना है कि आने वाले 12 महीनों में देश की वित्तीय और कारोबारी स्थितियों में सुधार आएगा। हालांकि अगस्त में ऐसी सोच वाले केवल 10 फीसदी परिवार थे। अभी एक चौथाई लोग यह मानते हैं कि आने वाले समय में स्थितियां खराब होंगी। हालांकि ऐसी सोच वाले लोगों के अनुपात में गिरावट आ रही है।नवंबर के पहले पखवाड़े में आगामी 12 महीने की अवधि के लिए परिवारों की धारणाओं के परिणाम अत्यधिक परिवर्तनशील रहे थे। नवंबर के पहले सप्ताह में बेहतरी की आस वाले परिवारों के अनुपात में खासी बढ़ोतरी हुई थी जबकि इसमें अगले सप्ताह कुछ गिरावट आई। यह भी संभव है कि नवंबर 2022 में आईसीएस में बढ़ोतरी की दर में कुछ गिरावट आ जाए। यह सूचकांक सितंबर में 7.1 फीसदी बढ़ा था जबकि अक्टूबर में 4.6 फीसदी बढ़ा था। लेकिन बाद में इस बढ़ोतरी में पर्याप्त गिरावट आई थी। यह अपने अक्टूबर के स्तर पर स्थिर रह सकती है। त्योहार का मौसम खत्म होने के कारण सितंबर और अक्टूबर में मिली पर्याप्त बढ़ोतरी को वापस आने की संभावना खत्म हो चुकी है।

## खास बात

# मार्क्सवादी दुराग्रह

**डॉ वेदप्रताप वैदिक**

**केरल** की मार्क्सवादी सरकार का दुराग्रह अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया है। सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अपने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने राज्यपाल को केरल के विश्वविद्यालयों के कुलपति पद से हटाने के लिए एक अध्यादेश तैयार कर लिया है और अब विधानसभा का सत्र बुलाकार वे अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रस्ताव भी पारित करना चाहते हैं। उनसे कोई पूछे कि राज्यपाल के हस्ताक्षर के बिना कौन सा प्रस्तावित अध्यादेश लागू किया जा सकता है और उनके दस्तखत के बिना कौन सा विधेयक कानून बन सकता है।

यानी केरल की विजयन सरकार झूठ-मूठ की नौटंकी में अपना समय बर्बाद कर रही है। जहां तक उपकुलपतियों का सवाल है, उनकी नियुक्तियां विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार ही होनी चाहिए लेकिन उन नियमों का उल्लंघन करके आप अपने मनमाने उम्मीदवारों को चुन लें और फिर राज्यपाल से कहें कि वे आंख मींचकर उन पर मोहर लगा दें। राज्यपाल आरिफ खान ने इस मामले में दृढ़ता दिखाई है और ऐसे उपकुलपतियों से इस्तीफे देने के लिए कहा है। आरिफ खान के इस दृष्टिकोण को भारत के सर्वोच्च न्यायालय और केरल के उच्च न्यायालय ने दो उपकुलपतियों के मामलों में बिल्कुल सही ठहराया है। उन्होंने कहा है कि यदि राज्यों के विश्वविद्यालयों को विश्व विद्यालय अनुदान आयोग की मान्यता और वित्तीय सहायता मिल रही है तो उन्हें नियुक्तियों में उसके नियमों का पालन करना अनिवार्य है। केरल के विश्वविद्यालयों और सरकारी दफ्तरों में सारे नियमों को ताक पर रखकर मार्क्सवादी पार्टी के समर्थकों और कार्यकर्ताओं और नेताओं के रिश्तेदारों को भरा जा रहा है। अदालतों ने मार्क्सवादी नेताओं की पत्नियों को दी गई कई बड़ी नौकरियों को गैरकानूनी घोषित कर दिया है। कई अपराधी पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकारी नौकरियां पकड़ा दी गई हैं ताकि उनके सहारे वे कानून की वैतरणी पार कर जाएं और दो साल की नौकरी के बाद जीवनभर पेंशन के मजे लूटते रहें।

# पंचवटी में राम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**खर** दूषण के साथ उसकी बहन सूर्पनखा गुप्तचरी करती है और हर आने-जाने वाले को टोह लगाती रहती है। मुनि अगस्त्य ने कहा कि आपलोग वहां जाकर अवश्य अपना शिविर बनाएं। ज्योंही वह जानेगी कि कोई अजनबी आए हैं वह तुरंत आ जाएगी और जब वह पास में आ जाए तो देर मत करिए उसका नाक-कान काट दीजिएगा। परिणाम यह होगा कि वह दौड़ कर जाएगी और अपने भाई खर-दूषण को सूचित करेगी। खर-दूषण उसके बाद पूरी क्रोध में सेना लेकर आपलोगों को मारने दौड़ेगा। मैं आपको बता देता हूं कि आप गंधर्व विद्या के जानकार हैं तो आप उस गंधर्व विद्या का प्रयोग करेंगे और उसके द्वारा उसकी दस हजार सेना मारी जाएगी। बच जाएगा खर और दूषण जिसका वध आप वाणों से कर सकते हैं। श्रीराम अगस्त्य मुनि की बात सुन कर पंचवटी की ओर प्रस्थान किये। एक दिन उन्होंने सोचा कि जो कुछ मुनि ने कहा है उससे ये बताया है कि शूर्पणखा जाकर लंका में रावण को बताएगी और वह रावण सीता को हरण करेगा। अतः यह बात हमें सीता को बता देना चाहिए। एक दिन लक्ष्मण जी कंद मूल और फल लेने के लिये जंगल में गये थे तब राम जी ने सीता को बुलाया और सारी कहानी कह दी। वे बोले सीता रावण बध के लिये तुम्हारा अपहरण होगा और तुम्हें लंका जाना पड़ेगा। सीता नेकहा प्रभु यह हाड़ मांस का देह किसी न किसी दिन मिट्टी में मिलेगा। अगर आपके किसी काम आ जाए तो मेरा जीवन धन्य है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**बड़ा** खूबसूरत रिश्ता है
हमारे और उपर वाले के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं
कम वो देता नहीं।
**-अनुपम खेर, अभिनेता**

## आपके ट्वीट



शिवाजी महाराज के साहस, बाबासाहेब के दिए संविधान, महात्मा फुले की शिक्षा, और सभी महाराष्ट्रवासियों के प्रेम को प्रेरणा बना कर आगे बढ़ रहे हैं। इस सत्कार और अभूतपूर्व अनुभव के लिए प्रदेश के लोगों को दिल से धन्यवाद।
**- राहुल गांधी**



सत्संग की महिमा अद्भुत अकथनीय है। विवेक जागरण, दिव्यता के प्रस्फुटन व भगवत्प्राप्ति आदि श्रेष्ठ पुरुषार्थों के मूल में सत्संग ही है। अतः जीवन सिद्धि के लिए सत्संग अबाध रहे
**- स्वामी अवधेशानंद गिरी
जूना अखाड़ा**

# काश, राहुल गांधी सीख लेते अपनी दादी इंदिरा गांधी से

## चर्चा में

**आरके सिन्हा**

**राहुल** गांधी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद भवन जाएं तो एक बार देख लें विनायक दामोदर सावरकर का वहां पर लगा चित्र। वे संसद भवन के स्टाफ से यह भी पूछ लें कि इस चित्र का अनावरण कब और किसने किया था। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में वीर सावरकर पर ओछी टिप्पणियां करके अपनी अज्ञानता और मंद बुद्धि का ही परिचय दिया है। हो सकता है कि उन्हें पता ही न हो कि वीर सावरकर का चित्र संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ है, जहां तमाम सांसद रोज ही जाते हैं। वीर सावरकर के चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। इस पर कांग्रेस को जवाब दिया गया था कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए सेंट्रल हॉल में उनका चित्र स्थापित उन्हें कर सम्मान दिया गया। क्या राहुल गांधी को पता नहीं है कि संसद भवन में किसी असाधारण शख्सियत का ही चित्र लग सकता है? भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विगत मंगलवार को राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में रैली की। उन्होंने कहा कि एक ओर बिरसा मुंडा जैसी महान शख्सियत हैं, जो अंग्रेजों के सामने झुकी नहीं और दूसरी ओर सावरकर हैं, जो अंग्रेजों से माफी मांग रहे थे। राहुल गांधी ने कहा- ह्यभगवान बिरसा मुंडा जी 24 साल की आयु में शहीद हो गए। अंग्रेजों ने उन्हें जमीन देने की कोशिश की, धन देने की कोशिश की, उन्हें खरीदने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सब नकार दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने लोगों को हक दिलवाना है।

राहुल गांधी, उनके सलाहकार और समर्थक उन्हें संविधान से प्राप्त अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। अपनी सियासी यात्रा में उन्होंने स्वातंत्र्यवीर सावरकर जी के सम्बन्ध में जो टिप्पणी की है उसकी जरूरत क्या थी। काश, उन्होंने सावरकर के बारे में अपनी दादी और देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की ही राय को जान लिया होता। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर और उन्हीं की देखरेख में सावरकर जी पर केंद्रित डाक्यूमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी।

इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति या सम्मान में डाक टिकट जारी होने की जानकारी भी शायद इन लोगों को क्यों नहीं होगी। ऊपर से, इनको यह जानकारी क्यों नहीं है कि स्वयं इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिए 11,000 रुपये का अंशदान किया था। जो बातें आज राहुल गांधी कहते हैं, वे इंदिरा गांधी को क्यों नहीं मालूम थीं या राहुल गांधी अपनी पसंद का नया इतिहास ही जानने की जिद पर अड़े हैं। वैसे यह भी सच है कि सियासत और सत्ता के गलियारों में सत्य की जगह सिकुड़ रही है। वह सब भी ठीक है, किंतु क्या राहुल की छवि ऐसे ही सुधरेगी? इंदिरा गांधी ने सावरकर को रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1908 को पंडित बाखले, सचिव, स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा ने लिखा- मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडीटर

### रोकें भ्रमजाल

**चुनाव** का बिगुल बजते ही लुभावने वादों के साथ जन प्रतिनिधि जनता के दरबार में सेवक की भांति पेश होते दिखाई देते हैं। गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी दूर करना, मुफ्त बिजली-पानी, मकान, मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, किसानों का कर्ज माफ व उनकी आय दोगुनी करना ये ऐसे कुछ वादे हैं जिन्हें अपने चुनाव घोषणा-पत्र में शामिल कर राजनीतिक पार्टियां सालों से अपनी रोटियां सेंकती आ रही हैं। **– निशीकांत, रांची**

### अन्न का संरक्षण

**समर्थन** मूल्य पर गेहूं जैसी उपज की सरकारी खरीद जारी है। खबरों के मुताबिक कई केंद्रों पर उपज को सुरक्षित रखने के माकूल इंतजाम नहीं हैं। पिछले वर्ष भी जब सरकारी खरीदी की गई और बेतरतीब मौसम की बेरुखी के चलते पानी गिरने से बेशकीमती गेहूं पानी में भीगने से सड़-गल गया था। ऐसे में सरकार पिछले साल के कटु अनुभव को ध्यान में रखते हुए अभी से उचित उपाय करने चाहिए। **– हेमा हरि, मेदिनीनगर**

# बाल सत्यजीत राय का मिलना रवींद्रनाथ टैगोर से

## फिल्म

**अजय कुमार शर्मा**

स्वतंत्र भारत में भारतीय सिनेमा को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण नाम सत्यजीत राय का है तो परतंत्र भारत में भारतीय कला, संगीत और साहित्य को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का काम रवींद्रनाथ टैगोर ने किया।

सत्यजीत राय जब 17 वर्ष के थे तो उनकी मां सुप्रभा देवी इसी शांति निकेतन (विश्वभारती विश्वविद्यालय) के कलाभवन में एमए में दाखिले के लिए बेटे को ले आई। उस समय भी इसमें पढ़ने के लिए छात्र-छात्राओं में होड़ लगी रहती थी। यह बात 1937 के आसपास की है। राय वहां भर्ती हुए और ढाई साल कुछ महीने रहे भी लेकिन तभी कलकत्ता में जापानी युद्धक विमानों की बमबारी शुरू हुई। मां ने डर के मारे बेटे को वहां से बुला लिया। पढ़ाई अधूरी छोड़कर राय कलकत्ता अपने घर लौट आए। लेकिन इससे पहले जब सत्यजीत राय दस साल के थे तो उन्हें शांति निकेतन जाने और वहां रवींद्रनाथ टैगोर से मिलने का अवसर मिला था।

दरअसल शांति निकेतन में हर साल नई फसल के समय पौष मेला लगता है। इस पौष मेले की खासियत यह है कि इसमें बाउल गायक और कीर्तन गायक से लेकर तरह-तरह लोकगायक शिरकत करते हैं। बंगाल ही नहीं, भारत के दूर-दराज के हिस्सों से भी लोग 'पौष मेला' को देखने आते हैं। पौष मेले की शुरूआत रवींद्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ने की थी। इस मेले का पहला आयोजन दिसंबर 1843 में हुआ था। कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर, सत्यजीत राय के पिता सुकुमार राय को अच्छी तरह जानते थे। सत्यजीत राय के दादा उपेंद्र किशोर रायचौधरी की लेखनी के भी वे प्रशंसक थे। बाप-बेटा दोनों लेखक हों, तो सोने में सुहागा।

एक लेखक के तौर पर बंगाल में तब सुकुमार राय और उपेंद्र किशोर रायचौधरी को शायद ही कोई न जानता हो। सत्यजीत राय की मां सुप्रभा देवी को यह मालूम था तो, उन्होंने सोचा-मेला भी घूम लेंगे और बेटे को भी कविगुरु से मिलवा देंगे। उन दिनों रवींद्रनाथ टैगोर के आवास का नाम 'उत्तरायण' था और यह शांति निकेतन के अंदर ही था। मुलाकात के समय गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने सत्यजीत को पहले प्यार किया, बैठाया और खाने की बात पूछने लगे। तभी नन्हे सत्यजीत ने गुरुदेव को एक कापी थमाई और उस पर हस्ताक्षर कर देने का आग्रह किया। इस बीच मां सुप्रभा से इधर-उधर की बातचीत में वे सत्यजीत की कापी पर हस्ताक्षर करना भूल गए। थोड़ी देर बाद बालक सत्यजीत ने मां को उस कापी की याद दिलाई।

मां ने कहा- कल गुरुदेव के घर फिर चलेंगे। अगली सुबह मां-बेटा गुरुदेव के समक्ष फिर हाजिर हुए और गुरुदेव को उस कापी पर हस्ताक्षर की याद दिलाई। गुरुदेव ने दोनों को फिर अंदर बुलाया और बच्चे के हाथ में कापी थमाई। कुछ देर बाद बच्चे ने कापी को खोलकर देखा, तो उसके भीतर कुछ लिखा था और सबसे नीचे गुरुदेव का हस्ताक्षर था। सत्यजीत भीतर ही भीतर काफी प्रसन्न था और मां सुप्रभा देवी भी। असल में सत्यजीत राय की उस कापी के भीतर गुरुदेव ने एक कविता लिख दी थी अपने हाथ से, जिसे पढ़कर उसकी मां काफी खुश थी। बेटा सत्यजीत भी गदगद था गुरुदेव के हस्ताक्षर को देखकर।

सत्यजीत राय को क्या मालूम था कि बड़ा होने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उसे फिर इसी शांति निकेतन में आना पड़ेगा। वे शांति निकेतन से पढ़ाई तो पूरी न कर सके लेकिन कलाभवन की चाक्षुष कलाएं सत्यजीत राय के दिलोदिमाग पर हमेशा छाई रही।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# पतरातू में बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने की ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग, दहशत

हरदेव कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट कैंप पर 10-12 राउंड फायरिंग की गई, कोई हताहत नहीं

**अजीत सोलंकी**



मजदूरों से जानकारी लेते एसडीपीओ।

**पतरातू।** पतरातू थाना क्षेत्र में निमार्णाधीन पीवीयूएनएल के पावर प्लांट के लिए रेलवे लाइन निर्माण कर रही कंपनी हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर बाइक सवार अपराधियों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैला दी। घटना मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे की बताई जा रही है। बताया गया कि पतरातु रांची मुख्य मार्ग की ओर से आधा दर्जन बाइक पर सवार 10-12 की संख्या में अपराधी हथियार लहराते हुए पतरातू वीणा टॉकीज के पास स्थित दुर्गा मंडप के पीछे स्थित हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पहुंचे और 8-10 राउंड फायरिंग कर निर्माण कार्य बंद करने की धमकी दी। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। साइट पर फायरिंग करने के बाद सभी अपराधी निमार्णाधीन तीन नंबर के पुल के पास पहुंचे और वहां भी दो राउंड हवाई फायरिंग कर जयनगर की ओर भाग गए। घटना के बाद से मजदूरों में दहशत है।

**पुलिस ने तीन खोखा बरामद किया:** सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी, थाना प्रभारी गौतम कुमार, एसआई निर्मल उरांव, एसआई सोनू कुमार सशस्त्र बलों के साथ मौके पर पहुंचे। मजदूरों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा भी बरामद किया। एसडीपीओ ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट पर हवाई फायरिंग हुई है। घटनास्थल से तीन खोखा बरामद की गई है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई है। जल्द ही फायरिंग करने वाले अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

**कनपटी पर पिस्टल सटाकर साइट इंचार्ज को फोन लगाने को कहा:** हवाई फायरिंग करने वाले अपराधियों में से एक अपराधी ने साइट पर मौजूद राइट्स इंटरनेशनल लिमिटेड के एक अधिकारी के कनपटी पर पिस्टल सटाकर हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट इंचार्ज को फोन लगाने को कहा। अपराधी ने फोन पर साइट इंचार्ज को धमकी देते हुए कहा कि जब तक बॉस से बात नहीं कर लोगे तब तक काम शुरू किया तो अंजाम बुरा होगा।

**नहीं मिला रंगदारी तो गिरोह के गुर्गे ने दिनदहाड़े की फायरिंग**

घटना के बाबत जानकारी मिल रही की इस क्षेत्र में सक्रिय अपराधिक गिरोह द्वारा पूर्व में कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट मैनेजर को रंगदारी के लिए फोन किया गया था।

**पुलिस ने सर्च अभियान चलाया**

हवाई फायरिंग करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नाकेबंदी की गई। इसके अलावा अपराधियों के संभावित ठिकानों पर भी छापेमारी की गई।

## सभी को न्याय मिले, यही हमारा प्रयास : जयंत सिन्हा



सांसद का स्वागत करते लोग।

**रामगढ़।** सांसद जयंत सिन्हा मंगलवार को पुराना डेली मार्केट पहुंचने पर किसानो द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। किसानो ने पुराना डेली मार्केट मामले को सुलझाने के लिए सांसद को धन्यवाद दिया। इस क्रम में सांसद ने कहा कि जो विवाद चल रहा था उसको लेकर समझौता हो गया। दोनो ओर से आश्वासन दिया गया है कि मामले को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से चर्चा होगी। सांसद ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व सड़क के दूसरी और फल और कपड़े का दुकान चलाने वाले दुकानदारों को लेकर कहा जा रहा था कि उनकी दुकान उजाड़ दी जाएगी। जिसके बाद सड़क के उसपर फल और कपड़े का दुकान चलाने वाले किसानो को दुकान चलाने की अनुमति मिली। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, नारायण चंद्र भौमिक आदि मौजूद थे।

## अंधाधुंध किये जा रहे बालू उठाव से नदी एवं पुल का अस्तित्व खतरे में

**5 बड़े व दर्जनों छोटे पुल गिरने के कागार पर**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले का बड़कागांव प्रखंड जहां का मुख्य व्यवसाय कृषि रहा है और दो बड़ी नदियां हाहारो एवं बदमाही दो अलग-अलग छोर से निकलकर बिश्रामपुर के निकट महुदी में जाकर मिलता है और दामोदर का रूप धारण कर उरीमारी, रामगढ़ होकर पश्चिम बंगाल की ओर कुच कर जाती है। जो सिर्फ सिंचाई और उपजाऊ भूमि बनाने में कारगर सिद्ध नहीं हुई बल्कि बड़कागांव को समृद्ध बनाने में विशेष योगदान रहा। उक्त नदियों की सुंदर व चिकनी अच्छे किस्म की बालू पूरे प्रदेश मे विशेष महत्व रखता था। जिसकी भंडारण इतनी थी कि कई पीढ़ियों तक इसे उपयोग में लाया जा सकता था। लेकिन बालू के कारोबारियों की नजर पड़ते ही महज चार से 5 वर्षों में नदियों का बालु ही समाप्त नहीं हुआ बल्कि नदी इतने गहरे हो गए कि नदी किनारे खेत बंजर होने लगे।साथ ही साथ जल स्तर इतना नीचे चला गया कि कुआं, तालाब व नाले का पानी बरसात में जहां एक ओर अभिशाप बनकर लोगों को तबाह करता है वहीं दूसरी ओर पानी के लिए लोग तरसते रहते हैं। वही इन नदियों पर बने 5 बड़े बड़े पुलों के साथ - साथ छोटे बड़े दर्जनों पुल - पुलिया का अस्तित्व खतरे में है तथा कई पुल ध्वस्त हो चुके हैं तथा कई गिरने के कगार पर हैं अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो करोड़ों रुपए से आवागमन के लिए बनाया गया पुल जमींदोज हो जाएगा और कई गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट जाएगा।

## वोटर कार्ड सहित कई मामले को जल्द किया जायेगा निष्पादित : क्रिस्टीना रिचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धोबघट में बीडीओ व स्थानीय ग्रामीण।

**बरही।** बरही के पहाड़ों में सबसे ऊंची चोटी महाबर पहाड़ की चोटी में स्थित गांव धोबघट में पहुंचकर बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने प्रखंड कार्यालय के अपनी पूरी टीम के साथ ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं से अवगत हुई। इस दौरान ग्रामीणों से संबंधित कई कार्यों के लिए आवेदन भी प्राप्त किया। जानकारी देते हुए बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने बताया कि बहुत दिनों से धोबघाट दौरा पेंडिंग था, चूंकि गांव जाने के लिए उपयुक्त सड़क एवं कोई अन्य मार्ग नही होने के कारण वहां के लोगो को सरकारी कार्यों के लिए प्रखंड कार्यालय आने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसलिए वोटर कार्ड सहित कई कार्य लंबित पड़े थे। साथ ही गांव के विद्यालय में शिक्षको का आभाव है। साथ ही वोटर कार्ड, पेंशन, नरेगा जॉब कार्ड सहित राशन कार्ड के पेंडिंग कार्यों को जल्द पूरा किया जायेगा। जिससे ग्रामीणों को अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध हो सके। मौके पर मुखिया मूर्ति देवी, प्रतिनिधि रामचन्द्र टुड्डू, बीपीआरओ साँवना मांझी, इलेक्शन ऑपरेटर वशिम अकरम, मोहन मृधा, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार, बीएलओ सुपरवाइजर जगदीश प्रसाद, जीआरएस शिबू विश्वकर्मा, वाशिद सहित अन्य प्रखण्ड कर्मी मौजूद थे।

## बाबा साहेब ने समाज में समरसता लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया : देवराज



**रजरप्पा।** अंबेडकर समिति रजरप्पा क्षेत्र द्वारा मंगलवार को अंबेडकर पार्क में बाबा साहेब की 67वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जीएम ऑपरेशन देवराज व विशिष्ट अथिति जीएम उत्खनन सुबोध कुमार मौजूद थे। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में समरसता लाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। बाबा साहेब ने सदैव जाति-पांति से उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के यहां पहुंचने पर उनका स्वागत आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर अंबेडकर समिति के अध्यक्ष सह स्टॉफ ऑफिसर सुजीत कुमार गोस्वामी, सचिव महेन्द्र मिस्त्री, कोषाध्यक्ष जगन रविदास, रोगन मांझी, बालदेव रविदास, अरुणजय कुमार रवि, रामू राम, जीतराम, इजहार अहमद, राजेश कुमार सोरेन, मुकेश मांझी सहित कई मौजूद थे।

## सर्वोदय निकेतन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**कुजू।** सर्वोदय निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को 'वार्षिक क्रीड़ा सप्ताह' प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता का समापन 12 दिसंबर 2022 को होगा। क्रीड़ा सप्ताह के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव थे। मुख्य अतिथि के आगमन पर विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट व सलामी दी गई। तत्पश्चात विद्यालय प्राचार्य ने मशाल जलाकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कराया। विद्यालय में अंतर्सदनीय बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में गांधी सदन और कलाम सदन की टीमें फाइनल में पहुंचीं। जबकि लड़कियों के अंतर्सदनीय कबड्डी प्रतियोगिता में बिरसा सदन और सुभाष सदन की टीमें विजेता होकर फाइनल में पहुंचीं। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सूर्यनाथ यादव ने कहा कि छात्रों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल अवसरों को भी प्रदान किया जाना आवश्यक है। जबकि स्कोरिंग का काम शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। वहीं विद्यालय के शिक्षक सत्य प्रकाश वर्मा और रविंद्र नाथ उपाध्याय ने कमेंटेटर की भूमिका निभाई।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अतिथियों के साथ ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज के विद्यार्थी।

**बासल (रामगढ़)।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज रोजगारन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कलेज में हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नये बैच का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेएसपी पतरातू सीएसआर प्रमुख रवि निवास, हेड हेल्ड हाई बेंगलुरु के देव आशीष दुबे एवं संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में की। मौके पर अतिथियों ने ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना करते हुए बताया कि ओपी जिंदल कम्युनिटी कलेज पतरातू और हेड हेल्ड हाई, बेंगलुरु के द्वारा मिलकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे ने हेड हेल्ड हाई बेंगलुरु के द्वारा संचालित कोर्स पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को कौशल विकास का महत्व बताया।

## गौरियाकरमा टीम बना प्रखंड चैंपियन, कोल्हुआकला को एक शून्य से किया पराजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बरही।** प्रखंड मैदान में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का प्रखण्ड स्तरीय मैंच का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखण्ड के 20 पंचायतों में 13 पंचायत की टीम हिस्सा लिया। फुटबॉल मैच का शुभारंभ बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, गौरियाकरमा के मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, केदारुत मुखिया सरिता देवी, हरेंद्र गोप की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। लीग स्टेज, क्वार्टरफईनल व सेमीफइनल के बाद फाइनल मैच गौरियाकरमा व कोल्हुआकला के बीच सम्पन्न हुआ। गौरियाकरमा की टीम ने कोल्हुआकला को एक शून्य से हराया। जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में प्रमुख मनोज रजक, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, गौरियाकरमा के मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, कोल्हुआकला मुखिया मंगलदेव यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, केदारुत मुखिया सरिता देवी, प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पंचमाधव के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, रसोइया धमना मुखिया गोविंद साव, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पंसस मो तैयब ने विजेता व उपविजेता टीम को शील्ड व मैडल देकर पुरस्कृत किया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने भी मैदान में जाकर खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

## रैयतों ने दुकानदारों को बैठक के लिए किया आमंत्रित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया बरगांवा हुरूमगढ़ा के रैयतो ने भुरकुंडा बाजार क्षेत्र के दर्जनों दुकानदारों को सूचना देकर मतकमा चैक में 10 दिसंबर को आयोजित बैठक में शामिल होने को ने निमंत्रित किया है। इसमें कहा है कि भुरकुंडा बाजार अंतर्गत जो जमीन पड़ता है वह जमीन हमारी रैयती है। इससे संबंधित सारा दस्तावेज हमारे पास है। जिसके खाता संख्या 24, प्लॉट संख्या 754, 751, 745, 746 व 747 में आपकी दुकान बनी हुई है। जिसका संचालन वर्षों से आपके द्वारा की जा रही है और रैयतों को कोई लाभांश प्राप्त नहीं है। रैयतो ने 10 की बैठक में शामिल होकर आपस में समन्वय स्थापित करने की बात कही है। बैठक 12 बजे दिन से आहुत की गई है। सूचना पत्र में बिरेंद्र सोरेन, अजय सोरेन, सुलेंद्र सोरेन, राजकुमार सोरेन, बबलू सोरेन, उमेश मुंडा आदि के हस्ताक्षर अंकित है।

## 20 सूत्री अध्यक्ष कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय में 6 दिसंबर को 20 सूत्री अध्यक्ष कार्यालय का उद्घाटन 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह ,शिबुप्रसाद सोनी दोनों अध्यक्ष के संयुक्त रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया गया । वही 20 सूत्री अध्यक्ष संग शिक्षा विभाग,प्रखंड आपूर्ति विभाग, बिजली, सहकारिता ,कृषि, जेएसएलपीएस ,स्वास्थ विभाग,बाल विकास ,मनरेगा, वन विभाग, विभिन्न विभागों द्वारा प्रखंड में भ्ष्टाचार पर अंकुश लगाने को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ साइनी तिग्गा ने किया । उपस्थित सभी पदाधिकारियों से क्षेत्र विकास को लेकर समीक्षा किया तथा अध्यक्षों से विकास क्षेत्र में सहयोग करने का अपील किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष शिबुप्रसाद सोनी ,रवि सिंह,झामुमो प्रखण्ड सचिव सह टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव एमओ आलोक कुमार,सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह,डॉ. रेखा रानी सहितकई पदाधिकारी मौजूद थें।

## स्पीड न्यूज

### विश्व मृदा दिवस मनाया गया

**बरही।** बरही अंतर्गत गौरियाकरमा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। डॉ विशाल नाथ विशेष कार्य अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। डॉ विशाल नाथ ने अपने अध्यक्षीय भाषण बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छात्राओं एवं संस्थान के वैज्ञानिको को संबोधित करते हुए स्वस्थ्य रहने की टिप बताते हुए कहा कि मृदा का दोहन और क्षरण होने से सभी को बचाना होगा। इसके लिए आपको आवश्यकता अनुसार ही खाद्य एवं उर्वक का प्रयोग करना चाहिए। संस्थान के वैज्ञानिक डॉ- मनोज चौधरी ने विश्व मृदा दिवस सूक्ष्म तत्वों उर्वरकों के उचित उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व को वर्णित किया। डॉ प्रीति सिंह एवं डॉ दीपक कुमार गुप्ता के सहयोग से मृदा स्वास्थ्य से संबंधित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### पांच बकरे और सत्रह हजार रुपये की हुई छिनतई

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के जिनगा पंचायत के ग्राम कोय के पास एक बकरे के ब्यापारी से पांच बकरे और सत्रह हजार रुपैये लूट लेने की घटना सामने आई है। इस सम्वन्ध में भुक्तभोगी अशोक मेहता पिता रामा महतो ग्राम तरवा खरवा निवासी एक पिकअप वैन में बकरा लेकर झुमरा से मंगुरा इचाक की तरफ जा रहा था। इसी रास्ते से जाने के क्रम में कोयं के पास इसी ग्राम के निवासी कारू सिंह ,दसरथ सिंह ने बुलेट बाइक से ओवरटेक कर पांच बकरे और साथियों के जेब मे रखे सत्रह हजार रुपैये नगद लूट लिए ।बकरा और पैसा वापस मांगे जाने पर उनके साथ मारपीट की गई और रिवाल्वर निकालकर धमकी दिया। इस घटना की जानकारी दूरभाष पर थाना प्रभारी को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को सम्हाला। इस संबंद में दूसरे पक्ष द्वारा भी थाना में आवेदन दिए जाने की खबर मिली है।

### लंपी बीमारी से मवेशियों की मौत पर मुआवजे की मांग

**इचाक।** प्रखंड मैं इन दिनों लंपी बीमारी से मवेशियों की मौत लगातार हो रही है। इससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य लक्ष्मण यादव ने विभाग से मिलकर अविलंब गांव गांव में कैंप के माध्यम से मवेशियों का टीकाकरण कराने की मांग के साथ-साथ मवेशियों की मौत का सूची बनाकर सरकार से मुआवजे की मांग की है। यह भी कहा कि मवेशियों की मौत के बाद किसानों को खेती का कार्य बाधित हो जा रहा है। इससे किसानों की कमर टूट रही है। सरकार अगर इस पर विचार नहीं करती है तो जनसहयोग के माध्यम से आंदोलन की जाएगी। किसान कामेश्वर प्रसाद मेहता, बन्नू गोप, महादेव प्रसाद मेहता, लोकन महतो, किशोरी यादव, गुलटन यादव समेत अन्य किसानों ने बताया कि बीमारी पर अगर समय रहते विभाग या सरकार ध्यान नहीं देती है तो क्षेत्र में मवेशियों की लगातार हो रही मौत से मवेशी देखने तक नहीं मिलेंगे।

### अदाणी फाउंडेशन ने महुगाई कला में लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने मंगलवार को प्रखंड के महुगाई कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। अपने सीएस आर कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कैंप में 43 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर जेनरल फिजिशियन डॉ आरके रंजन के नेतृत्व में पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की।कैंप में महिलाएं,ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगाए गए शिविर में कई ग्रामीणों ने डॉक्टर से अपने आंखों की समस्याएं, तनाव, डायबिटीज, कमजोरी, बॉडी पेन, कफ, कोल्ड, फीवर, त्वचा संबंधित बीमारियां और बैक पेन आदि की शिकायत की। कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह दी। डॉक्टर ने यह भी कहा कि ठंड के मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

## एक नजर में

### वैश्य समाज केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी की गयी

**रामगढ़।** झारखंड वैश्य समाज के केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों की सूची जारी की। जिसमें रघुवर दास, गोपाल साहु, बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो,मनीष जायसवाल, नवीन जायसवाल, अंबा प्रसाद, अमित मंडल, योगेंद्र साव व प्रदीप प्रसाद को मुख्य सरंक्षक बनाया गया है। नंदकिशोर प्रसाद उर्फ नंदू गुप्ता को संगठन का केंद्रीय अध्यक्ष, राजीव जायसवाल को मुख्य संस्थापक, पंकज साहा और खेगेंद्र साहु को सरंक्षक, रवि साहु केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, रविंद्र साहु केंद्रीय महासचिव और लक्ष्मण नायक को बनाया गया है। वहीं, केंद्रीय उपाध्यक्ष पंकज साहु, महेश महतो, चितरंजन साव को बनाया गया है। केंद्रीय सचिव जयगोविंद साहु, अजीत जायसवाल, संजय जायसवाल को मनोनीत किये गये हैं। वहीं, उमाशंकर साहु, राधेश्याम प्रसाद, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, हरिशंकर प्रसाद एवं रोबिन गुप्ता संगठन के केंद्रीय सदस्य बनाये गये हैं।

### धान खरीदने को लेकर बिचौलिए सक्रिय

**चरही।** चुरचू प्रखंड के दर्जनों गांव जिसमें चरही,चनारो, सडवाहा, इंद्रा, जरबा, कारुखाप, बासाडीह, कजरी, दासोखाप, हेंदेगड़ा, निमाडीह, मुकरू, बहेरा, फुसरी सहित कई क्षेत्रों में धन कटनी अंतिम चरण में है ।वहीं बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। किसानों के द्वारा उपजाये गए धान को बिचौलिए औने-पौने दामों में खरीदने के लिए पिकअप वाहन को लेकर गांव-गांव घूम रहे हैं। धन कटनी शुरू होते ही बिचौलिए धान को खरीददारी के लिए किसानों के घर सुबह-सुबह पहुंच जा रहे हैं। उपरोक्त गांवों में प्रतिदिन धान खरीददारी के लिए 15 से 20 पीकअप वाहन पहुंचते हैं। बिचौलिए किसानों को पहले रुपये देने का प्रलोभन दिया जा रहा है। फिलहाल किसान इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि पैक्स में धान को बेचने से कोई फायदा नजर नहीं आता है। कारण की तत्काल नगद और समय पर नहीं मिल पाता है। मजबुरन धान को बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है। बिचौलिए भी इतना तेज हैं कि तौल में धान को मार लेते हैं। जो किसान को मालूम तक नहीं चलता।

### स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और आर्ट्स कला की प्रस्तुति

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही संत मेरी स्कूल के दर्जनों छात्रों-छात्राओं ने अपने द्वारा बनाये गए कलाओं को स्कूल परिसर में स्टॉल लगाकार इस स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और आर्ट्स कला की शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की। जिसमें मंगल मिशन,पानी बचाने,आधुनिक खेती,पवन चक्की,सोलर एनर्जी सहित कई आर्ट कलाओं को इस प्रदर्शनी में देखने के लिये छात्र-छात्राओं के अभिभावक गण पहुंचे थे। विद्यालय के प्राचार्य सिवानी दास ने तैयार किये गए कलाओं को देखकर काफी खुशी जाहिर की।साथ ही इस तरह के कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष कराया जाता है। इस के कार्यक्रम को कराए जाने से छात्र-छात्राओं में उत्साह बढ़ता है। साथ ही साथ शारीरिक और मानसिक क्षमता बढ़ती है। इस विज्ञान प्रदर्शनी कला के लिए विद्यालय परिवार की ओर से प्रोत्साहित किया गया।

### झामुमो की बैठक संपन्न

**इचाक।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर कुमार मेहता द्वारा एवम प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इचाक मनहोर रामहदारी स्कूल में बैठक रखा गया। इस बैठक में सरकार के कामों को जनता तक कैसे पहुंचाया जाए इसपर मंथन किया गया। मीडिया प्रभारी के रूप में अजय मेहता को मनोनित किया गया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा अजय मेहता पार्टी में आ जाने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इस बैठक में 20 सूत्री अध्यक्ष इचाक मनोहर राम, झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य इचाक दिगम्बर कुमार मेहता, झामुमो प्रखंड सचिव इचाक रामप्रवेश सिंह, बाबुन हंसता, संतोष मेहता, प्रबिल मेहता, प्रयाग मेहता, इन्द्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, महेंद्र राम, राजेंद्र राम,जगन्नाथ यादव, सुरेंद्र मेहता, रामफल मेहता, राजेंद्र मेहता, राजेंद्र शर्मा सहित कई मौजूद थे।

### जुबिली कॉलेज के तीन छात्राओं का खो-खो महिला टीम में हुआ चयन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विनोवा भावे विश्वविद्यालय खो-खो महिला टीम में जुबिली कॉलेज भुरकुंडा की तीन छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित छात्राएं केबी वोमेंस कॉलेज हजारीबाग में ट्रेनिंग कैंप के लिए मंगलवार को रवाना हुई। प्राचार्य डॉ. आरके दास ने बताया कि कॉलेज की मंजली मुंडा, भारती व प्रीति कुमारी का चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह टीम अंतर विश्वविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु फकीर मोहन विश्वविद्यालय उड़ीसा के लिए 12 दिसंबर को रवाना होगी। जहां विभावि की टीम अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में अपने खेल का जौहर दिखायेंगी। मंगलवार की सुबह प्राचार्य व अन्य शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों को रवाना करते हुए बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

### समझौता के लिए वार्ता करेंगे रविंद्र सिंह और खोखा सिंह

**चरही।** श्रमिक संगठन जीएमएस के रविंद्र सिंह और एच एमएस के द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह को सीएमपीडीआई में संयुक्त मोर्चा की ओर से 7 दिसंबर को प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। उपरोक्त श्रमिक संगठन के नेताओं ने कहा है कि बीते 30 नवंबर को कोलकता के कोल इंडिया कार्यालय परिसर श्रमिक संगठन बीएमएस, एचएमएस, एटक और सीटू की सामूहिक बैठक हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि कोल इंडिया और सीसीएल प्रबंधन के द्वारा वेतन समझौता में लिए गए निर्णय को पुरजोर विरोध किया जाएगा। दोनों नेताओं ने कहा की 11वें वेतन समझौता जल्द लागू किया जाय। इसके लिए कोल इंडिया और सीसी एल के कोल कर्मियों का एक कन्वेशन सम्मेलन आगामी 7 जनवरी 23 को सीएमपीडीआईएल रांची में किया जाएगा। इस कन्वेंशन सम्मेलन में चारों श्रमिक संगठन बीएमएस,एचएमएस एटक और सीटू से दो-दो प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की मनाई गई पुण्यतिथि



**कुजू।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मंगलवार को कुजू चौक पर मनाई गई। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के समाजसेवी सह कांग्रेस सिमरिया विधानसभा प्रभारी धर्मराज राम मुख्य रूप से मौजूद थे। इस दौरान धर्मराज राम द्वारा बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान लोगों से किया। मौके पर अरुण केसरी, मेघलाल राम, शंकर शर्मा, अरविंद राम, सुरेश राम, विनोद राम, रविंद्र वर्मा, रितेश कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### महिला की आत्महत्या मामले में पति को पुलिस ने भेजा जेल



**सेन्हा।** बदला पंचायत के बदला बोधा टोली में एक महिला ने शनिवार को दिन में अपने ही घर में दुपता बांधकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मृतक महिला पम्मी कुमारी के मायके वाले को दिया गया। वहीं महिला के मायके वाले परिजनों ने दामाद के विरुद्ध पुलिस को बयान देते हुए बताया कि मेरी पुत्री के साथ आए दिन मेरा दामाद प्रेमवीर मुंडा शराब पीकर झगड़ा एवं मारपीट करता रहता था। जिससे तंग हो कर पुत्री ने आत्महत्या कर ली। सेन्हा थाना के पुआनि संतोष कुमार ने कहा कि मृतक महिला पम्मी कुमारी के परिजनों के बयान पर आरोपी प्रेमवीर मुंडा के विरुद्ध थाना कांड संख्या 123/22 दर्ज कर धारा 306 आईपीसी के तहत बदला बोधा टोली निवासी रामकिशोर मुंडा के पुत्र प्रेमवीर मुंडा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत लोहरदगा जेल भेजा गया है।

### स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी:भारती

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड स्थित गांधी मेमोरियल प्लस टू उच्च विद्यालय मराडीह में बुधवार को योग शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा नवम के ब्यूटी एंड वेलनेस की छात्राओं को पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक निर्भय भारती द्वारा योगाभ्यास कराया गया। साथ ही योग के बारे विस्तार से जानकारी दी गई।



मौके पर योग प्रशिक्षक निर्भय भारती ने कहा कि शरीर, में व आत्मा को नियंत्रित करने में योग सहायक होता है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव और बीमारी दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग दिल को स्वस्थ रखने में भी सहायक होता है। साथ ही शरीर व नसों में रक्त प्रवाह को बढ़ाता है। प्रति दिन आधे घंटे का योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक और आध्यत्मिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन को बनाए रखने के साथ साथ आपके जीवन में बदलाव ला सकता है। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रमेश कुमार साहु, विद्यालय समिति के अध्यक्ष सत्यजीत भारती, व्यावसायिक प्रशिक्षक डॉली वर्मा आदि मौजूद थे।

### इंटरसिटी वाराणसी तक चलाने की मांग

**लोहरदगा।** रांची भाया लोहरदगा सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को काशी वाराणसी तक बढ़ाने की मांग भाजपा लोहरदगा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने सांसद सुदर्शन भगत के माध्यम से केंद्रीय रेल मंत्री से की गई।भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत से पत्र के माध्यम से कहा है कि रांची भाया लोहरदगा सासाराम ट्रेन को वाराणसी जंक्शन तक विस्तार होने से लोहरदगा संसदीय क्षेत्र ही नहीं दक्षिणी छोटानागपुर पलामू प्रमंडल के अलावा उड़ीसा और छत्तीसगढ़ के लोगों को व्यापारिक दृष्टिकोण से एवं सांस्कृतिक धार्मिक दृष्टिकोण से काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का दर्शन एवं अस्थि विसर्जन हेतु वाराणसी जाने का यह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन मिलने से सुविधा होगी। वर्तमान में कोई भी ट्रेन बनारस जाने के लिए इस क्षेत्र के लोगों को उपलब्ध नहीं है।

### शिक्षा में नहीं आने देंगे बाधा : राधा



**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित संचालित मध्य विद्यालय का चार दिवारी निर्माण एव नंदलाल प्लस 2 विद्यालय में डिपबोरिंग के लिये ग्राम प्रधान करमा पाहन की अध्यक्षता में ग्राम सभा हुई। ग्राम सभा में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि क्षेत्र का विकास शिक्षा है। जिसपर खरा उतरने का प्रयासरत रहूंगी। साथ ही उन्होंने कहा मुझे जनता ने विश्वास के साथ चुना है। तो जनता का कार्य करने का प्रयास करूंगी। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश विद्यालयों में चारदीवारी हैंडपंप, शौचालय की कमी है। जिसको बारी बारी से ग्राम सभा से योजना लेकर विकास करने की बात कही गई। इसके अलावे कहा कि बहुत दिनों से मध्य विद्यालय अरु की चारदीवारी की मांग अभिभावक एवं शिक्षकों द्वारा किया जा रहा था। जिसको जिला स्तर पर बात रखते हुए निर्माण कराने का मांग किया गया था। जिसपर शीघ्र अमल कर विकास कार्य को गति दिया गया है। और नंदलाल प्लस 2 विद्यालय अरु में डीप बोरिंग का कार्य भी किया जाएगा। जिसको लेकर ग्राम सभा आयोजित किया गया। चार दिवारी निर्माण एवं विद्यालय प्रांगण में डिपबोरिंग से विद्यालय के छात्र छात्राओं को राहत एवं सुरक्षा प्रदान होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नाली, सड़क, पीसीसी पर लोग अधिकतर ध्यान देते हैं लेकिन विद्यालय की बुनियादी सुविधा पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसलिए मैं शिक्षा के क्षेत्र में अधिक विकास की कार्य करने का प्रयास करूंगा। मौके पर मुखिया राजश्री उरांव,ग्राम प्रधान करमा पहान,पंचायत समिती पूनम उरांव,सबिता उरांव ,विकेश सिन्हा, सीमा नैंसी लकड़ा सहित अविभावक मौजूद थे।

### शिक्षकों को दी गयी यू डायस की जानकारी



सेन्हा। प्रखंड कार्यालय स्थित संसाधन केंद्र सेन्हा में यु डायस प्लस के अन्तर्गत प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को जिला असिस्टेंट कंप्यूटर प्रोग्रामर श्याम चौधरी के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर प्रशिक्षक श्याम चौधरी ने कहा की जिला शिक्षा अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी पंजीकृत विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण लेना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 6 दिसम्बर को मध्य विद्यालय और 7 दिसम्बर को सभी पंजीकृत उच्च विद्यालय तथा गैर सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को यु डायस प्लस के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम दिन प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सभी विद्यालय को यू डायस प्लस को अपडेट करते हुए लिंक भरना अनिवार्य है। यु डायस प्लस में 2022-2023 का कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। जिसको समझना सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए जरूरी है। साथ ही विद्यालय संबंधित उचित डाटा को यु डायस प्लस के में भरना है। प्रशिक्षण के दौरान मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन प्रखंड,सिनी टाटा ट्रस्ट के सदस्य पंकज कुमार,तरुण कुमार के अलावे संकुल व साधन सेवी तथा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पुलिस से लूटी गयी हथियार व गोली बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नक्सली रविंद्र गंजू दस्ते के सक्रिय सदस्य की आने की सूचना पर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान**




**गुमला।** नक्सलियों के खिलाफ गुमला पुलिस द्वारा चलाये गये सर्च अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अभियान के दौरान भाकपा माओवादियों के द्वारा पुलिस का लूटा हुआ एक 303 राइफल सहित भारी मात्रा में गोली बरामद किया है। मंगलवार को बिशुनपुर थाना में एसडीपीओ मनीष चंद्रलाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि भाकपा माओवादी रविंद्र गंजू दस्ता का सदस्य इंद्रदेव खेरवार अपने मृतक ससुर के ब्राह्मण भोज में शामिल होने के लिए नीचे हपाद गांव स्थित अपने ससुराल आया हुआ है। जिसके बाद तत्काल संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में सीआरपीएफ 158 बिशुनपुर पुलिस के द्वारा टीम गठन कर क्षेत्र की घेराबंदी की गई। लेकिन घना जंगल का फायदा उठाकर नक्सली इंद्रदेव खेरवार फरार हो गया। जिसके बाद सीआरपीएफ 158 बटालियन व बिशुनपुर पुलिस के द्वारा मेटल डिटेकटर एवं खोजी कुत्ता के सहयोग से इलाके का सर्च किया। इस दौरान इंद्रदेव खेरवार के द्वारा हपाद जंगल में छुपा कर रखे गए एक 303 पुलिस से लूटा हुआ राइफल, 303 देसी राइफल, 76 पीस गोली, एक जोड़ा जूता बरामद किया है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि इन क्षेत्रों में भाकपा माओवादी के रविंद्र गंजु का दास्तां सक्रिय है लगातार सीआरपीएफ व पुलिस नक्सलियों के खिलाफ क्षेत्र में अभियान चला रही है। जिससे नक्सली बैकफुट पर आ गए है। पुलिस को लगातार इन क्षेत्रों में सफलता मिल रही है। छापामारी में सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट सुधीर कुमार, सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर राम कुमार तिवतीया, थाना प्रभारी सदानंद सिंह, बिशुनपुर पुलिस व सीआरपीएफ के जवान व सेट 8 के जवान शामिल थे।

# बसिया के अधिकारियों ने 46 टीबी मरीजों को की मदद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## उपायुक्त ने सभी मरीजों को दिया पोषण किट




**गुमला।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निश्चय मित्र के सहयोग से बसिया के 46 टीबी मरीजों को पोषण किट सामग्री का मंगलवार को बसिया अंचल कार्यालय परिसर में उपायुक्त के हाथों वितरण किया गया। साथ ही सभी निश्रय मित्रों को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अभियान में प्रखंड के पदाधिकारियों कर्मचारियों और समाजसेवियों ने टीवी मरीज को गोद लेकर उनके इलाज व उनके स्वास्थ्य की उन्नति के लिए सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई। टीबी मरीजों को गोद लेने वाले व्यक्तियों को निश्रय मित्र की उपाधि दी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया ने भी 5 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने का नेक कार्य कर रहें है। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यह एक बढ़िया संदेश देता है कि पदाधिकारी किस तरह आम नागरिकों के लिए मददगार हो सकते हैं और टीबी जैसे जानलेवा बीमारी से बचने के लिए आगे बढ़कर सहायता प्रदान कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि सरकार टीबी मरीजों के इलाज के लिए प्रति माह 500 रुपए पोषण आहार हेतु देती है। इसके अलावा टीबी के मरीजों का मुफ्त में इलाज एवं दवा भी दिया जाता है। ठीक हुए टीबी मरीजों का समय समय पर मॉनिटर करते हुए उनके वर्तमान स्थिति पर भी नजर रखी जाती है। अतः आवश्यक है जनता को जागरूक होने की। कार्यक्रम के दौरान एसडीओ बसिया संजय पीएम कुजूर ने घोषणा की कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन जल्द ही पालकोट एवं कामडारा प्रखंड में भी किया जाएगा। बसिया प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि बसिया में वर्तमान में 46 उपचारित टीबी मरीज है जिनका सरकार द्वारा मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। इन सभी मरीजों को पौष्टिक आहार भी मिले इसके तहत एक वॉट्सएप ग्रुप टीबी मरीजों को गोद ले के नाम से बनाया गया। कुछ ही दिनों में 29 लोगों ने जिनमें से कुछ सरकारी पदाधिकारी, कर्मी एवं कुछ स्वयं सेवियों ने सभी टीबी मरीजों को गोद लिया है। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**उपायुक्त ने किया प्रखंड कार्यालय एवं निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण**

बसिया के कार्यक्रम के पश्चात उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय परिसर एवं निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान छोटी छोटी कमियों को देखते हुए उपायुक्त ने उसमें सुधार करने का निर्देश दिया। आवश्यक मरम्मती एवं नए निर्माण कार्यों हेतु योजना बना कर प्रस्ताव की मांग की। उन्होंने पुराने भवनों की मरम्मती का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 26 जनवरी से पूर्व इंडोर स्टेडियम के निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीओ बसिया, बीडीओ, सीओ बसिया के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### डीसी ने सुनी समास्या

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने अपने कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन कर आवेदकों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त के जनता दरबार में कामडारा प्रखंड की सिसीलिया बरला, लतरा कापरा निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वर्ष 2013 में पीएलएफआई उग्रवादियों के द्वारा उनके पति की हत्या कर दी गई है। जिसके लिए नौकरी तथा मुआवजा राशि की मांग की। इस संबंध में उपायुक्त ने जिला स्थापना शाखा को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही गुमला प्रखंड के सुलेखा कुमारी, डारूटोली निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि वह रूमेटाइड अर्थराइटिस बीमारी से पीड़ित है। जिसके लिए उपायुक्त से इलाज के लिए खर्च हेतु सहायता की मांग की।आवेदन पत्र को उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को स्वास्थ्य सहायता योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। आवेदिका ने बताया कि पति स्वः वीरेन्द्र पहान समादेष्टा झारखंड गृह रक्षावाहिनी के पद पर कार्यरत थे। सेवा के दरमियान ही उनकी मृत्यु हो गई। उनके द्वारा बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं भरण-पोषण हेतु सरकारी लाभ से अच्छादित करने की मांग की गई। आवेदन पत्र को आग्रेतर कार्रवार हेतु जिला स्थापना को भेजने का निर्देश दिया गया।

### केसीसी ऋण देने में कोताही ने बरतें बैंक कर्मी : उपायुक्त




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को विशेष डीएलसीसी की बैठक हुई। बैठक में बैंकों में केसीसी के लंबित आवेदन, जेएसएलपीएस के महिला स्वयं सहायता समूहों का क्रेडिट लिंकेज के लिए आवेदन, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के आवेदन निष्पादन की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा एलडीएम, लोहरदगा को निर्देश दिया गया कि केसीसी के जो आवेदन बैंकों द्वारा किसी वजह से लौटाये गये हैं उन आवदनों की पुनः जांच कर उन्हें शुक्रवार तक स्वीकृत करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय। साथ ही, जो आवेदन बैंक के पास अभी भी हैं वैसे आवेदनों को भी स्वीकृत करने कर किसानों को केसीसी से अच्छादित किये जाने का कार्य किया जाय। डीपीएम, जेएसएलपीएस लोहरदगा बताया गया कि बैंकों में 374 आवेदन क्रेडिट लिंकेज के लिए भेजे गये हैं। उपायुक्त द्वारा एलडीएम लोहरदगा को निदेश दिया गया कि जो आवेदन लंबित हैं उन्हें निष्पादित कर प्रतिवेदन समर्पित करें।

# पोडहा में फायरिंग से दहशत



भंडरा । थाना क्षेत्र के पोडहा गांव मे अपराधियों ने गांव में फायरिंग कर दहशत फैलाया। सोमवार रात 9.25 बजे 10 से 12 की संख्या मे गांव पहुंचे हथियारबंद अपराधियों ने कई राउंड फायरिंग की। हालांकि संयोग रहा कि इस दौरान कोई इनकी गोलियों का शिकार नहीं बना। मंगलवार को सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई। डीएसपी परमेश्वर प्रसाद थाना प्रभारी गौतम कुमार दलबल के साथ पोडहा पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोमवार की रात करीब 9.25 बजे 10 से 12 की संख्या मे हथियारों से लेस अज्ञात अपराधी पोडहा डिपा टोली पहुंचे , और गंदुर भगत के घर के दरवाजे पर हवाई फायरिंग की।

सुखदेव उरांव को जान से मरने की कोशिश की ।उसके बाद अपराधियों ने केश्वर उरांव व बरतु उरांव के घर मे फायरिंग की और पूरे गांव मे फायरिंग करते हुये हावड़ा मोड़ होते हुये लाठदाग की और निकल गये । इस दौरान अपराधियों ने दर्जनों राउंड फायरिंग की और पिस्?टल लहराते हुए सिसई की ओर निकल गए। हालांकि इस दौरान कोई दुखद घटना नहीं हुई, लेकिन लोग दहशत में आ गए। इसकी सूचना पर पहुंचे डीएसपी परमेश्वर प्रसाद व भंडरा थाने की पुलिस ने घटनास्थल से कई खोखा बरामद किया है।

पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है । पुलिस ने घटनास्थल पर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मौके पर डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने कहा की पुलिस ग्रामीणों के साथ है अपराधी जल्द पुलिस के गिरफ्त मे होंगे। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने की सलाह दी । साथ ही गांव के युवाओ की टीम बनाकर रात मे पहरा करने की बात कही। पुलिस का कहना है कि अपराधी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पोडहा के सुखदेव भगत,गंदुर भगत,बरतु उरांव ने गांव के चार लोगो के अलावे अन्य अज्ञात के खिलाफ थाना में दहशत कायम करने के उद्देश्य से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। उन्होंने बताया कि गांव के 350 एकड़ की जमीन को लेकर पिछले 2018 से विवाद चल रहा है । ग्रामीणों ने बताया की हम अपने कई पूर्वजो से गांव मे रहते आ रहे है ।पहले कोई विवाद नही था ।पर 2018 से कुछ दलालो द्वारा गांव के जमीन को लेकर गांव मे अशांति व दहशत फैलाया जा रहा है ।

# कोहीपाठ डोपाटोली में ट्रांसफार्मर जला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**55 परिवार अंधेरे में, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में समस्या रखने के बाद भी नहीं हुआ समाधान : ग्रामीण**



घाघरा। घाघरा प्रखंड के कोहीपाठ डीपाटोली गांव के 55 परिवार के लगभग ढ़ाई सौ सदस्य अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों ने गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर के समीप पहुंचकर विरोध जताया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि विगत 6 महीने पूर्व गांव में लगा ट्रांसफार्मर जल गया था। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को मौखिक तौर पर भी सूचना दी गई। बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर नहीं लगा। जिससे हम सभी ग्रामीण अंधकार में जीने को विवश है। इसके साथ ही बच्चों के शिक्षा पर भी काफी असर पड़ रहा है। बच्चे रात में बिजली नहीं रहने के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। जिससे काफी कठिनाइयों का सामना हम सभी ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। इसके साथ ही खेती से संबंधित भी कार्य बिजली नहीं रहने के कारण नहीं हो पा रही है। लेकिन इस ओर अधिकारियों का कोई भी ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सिर्फ बिजली बिल लेने के लिए कर्मी और पदाधिकारी दिखते हैं। जबकि ट्रांसफार्मर 6 महीने से जला हुआ है इस ओर कोई ध्यान विभाग के अधिकारियों व कर्मी नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी से मांग किया है कि जल्द ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। ग्रामीणों ने कहा कि कुहीपाट पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी लिखित तौर पर नये ट्रांसफार्मर लगवाने की भी बात की गई थी। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की जा सकी है।

### सत्यचंडी महायज्ञ में 21 जोड़ों की हुई शादी

घाघरा। सेहल बाजारटाँड़ में चल रहे नव कुंडीय सत्यचंडी महायज्ञ का मंगलवार की देर शाम संपन्न हो गया। महायज्ञ के अंतिम दिन 21 वर वधु जोड़ा का शादी संपन्न कराई गई। साथ ही एकादश शिवलिंग का रुद्राभिषेक ब्राह्मणों द्वारा कराया गया। साथ में हवन और पूजन के साथ यज्ञ अनुष्ठान का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके साथ ही समिति द्वारा प्रसाद वितरण की गई। मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि महायज्ञ में प्रखंड क्षेत्र के अलावा कई अन्य प्रखंडों से भी लोग हजारों की संख्या में शामिल हुए और श्रीमद् भागवत कथा का आनंद उठाया।

## एक नजर में

### बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करें : बड़ाईक



गुमला। संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को ब्लॉक चौक कामडारा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर मिशन बदलाव के सदस्यों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और बच्चों को कॉपी और पेन देने के साथ बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया। मौके पर प्रदीप नायक ने कहा कि भीम राव अंबेडकर दलित ,आदिवासी, दबे कुचले कमजोर लोगों के मसीहा थे। समतामूलक विचार वादी थे। हमें उनके द्वारा बताये गये जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है। मिशन बदलाव के प्रखंड संरक्षक राम बालक बडाईक ने कहा कि जीवन में कुछ अच्छा करने के लिए शिक्षित होने के साथ साथ संविधान में दिये मौलिक हक व अधिकार को जानना होगा। मिशन बदलाव के प्रखंड अध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य मडवारी बिरहोरऔर पंचायत समिति सदस्य जेम्स टोपनो ने कहा कि समाज में नयी चेतना जागृत करना होगा तभी अंबेडकर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके अलावे अन्य वक्ताओं ने भी अपना विचार देकर उनके आदर्शों पर चलने पर बल दिये। इस अवसर पर मूल निवासी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव राम ने संविधान के बारे संक्षिप्त जानकारी दिये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जोन फैड्रिक तोपनो, बासुदेव नाग, निरल बारला , अजीत गुड़िया, मुकुद नायक, बिमल होरो, सलीम केरकेट्टा, महेंद्र लोहरा, निरल बरला, बिरसा केरकेट्टा समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बोलेरो व बाइक की टक्कर में पोस्ट मास्टर की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा पुल के समीप सोमवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में आदर पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर कुंदन कुमार साहू की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार आदर पोस्ट ऑफिस में कुंदन कुमार साहू पोस्ट मास्टर के पद पर पदस्थापित थे। वह अपने घर बिजुपारा से सोमवार को घाघरा लौट रहा थे। इसी दौरान नवडीहा पुल के समीप अज्ञात बोलेरो से सीधी भिड़ंत हुई। जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल अवस्था में कुंदन को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान कुंदन की मौत हो गई। यहां बता दें कि नवडीहा पुल निर्माण का कार्य का काम चल रहा है। जहां ठेकेदार के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिसके कारण प्रत्येक दिन दुर्घटना हो रहे है। घटना के बाद पूरे घाघरा प्रखंड में मातम छा गया।

### मूलनिवासी संघ ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



गुमला। बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को शहर के अंबेडकर नगर समुदायिक भवन में मूल निवासी संघ के सदस्यों ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी और उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही मानव सेवा से जुड़े कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही गई। इस अवसर पर मूलनिवासी संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर सतीश, मूलनिवासी संघ के जिला उपाध्यक्ष रूपेश कुमार सनी, जिला महा संगठन सचिव मोहम्मद शमशेर, जिला सचिव गणेश राम और मीडिया प्रभारी अखिलेश अंबेडकर, प्रखंड सचिव संजय राम, अजीत राम, अमरनाथ राम, छोटू राम कमलेश राम, राजीव राम आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं ने निकाली लिंग हिंसा के खिलाफ रैली



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर से जेएसएलपीएस के तत्वधान में संकुल संगठन की महिलाओं के द्वारा मंगलवार को लिंग आधारित हिंसा के विरोध में रैली निकाली गई। रैली के दौरान महिलाओं ने पूरे नगर का भ्रमण करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटा और बेटी दोनों को काबिल बनाओ, बराबरी का साथ निभाएं, महिलाएं अब आगे आएं, महिलाओं को डायन कहना बंद करो, महिलाएं अबला नहीं सबला है आदि नारे लगाकर महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध महिलाओं और पुरुषों को जागरूक किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सीह, चैनपुर पंचायत के मुखिया शोभा देवी, बीपीएम अल्पना खलखो, संकुल संगठन के सदस्य बीआरपी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### गुमला : सड़क दुर्घटना में छात्र घायल

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड चंदाली के समीप सड़क दुर्घटना में पॉलिटेक्रीक गुमला का छात्र अमन लकड़ा घायल हो गया। जानकारी देते हुए घायल अमन ने बताया कि पॉलिटेक्निक कॉलेज का सेकंड सेमेस्टर का स्टूडेंट है। बाइक से गुमला की ओर आ रहा था। जहां चंदौली के समीप बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। जिससे वह घायल हो गया। वही पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कांग्रेस कमेटी 15 दिनों में होगा गठित : चैतु

**गुमला।** नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चैतु उरांव ने मंगलवार को स्थानीय परिसदन में प्रेस कान्फ्रेंस कर बताया कि 15 दिनों के अंदर 50 सदस्यीय जिला कमेटी का विस्तार किया जाएगा। वहीं जिला स्तरीय विशेष कार्यसमिति में दस सदस्य होंगे। श्री उरांव ने कहा कि अनुमंडल स्तर पर 50 व पंचायत कमेटी में 15 सदस्यी बनाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय व प्रखं मुख्यालय कार्यालय की स्थापना होगी। आफिस में फ्लेश बोर्ड व पार्टी का झंडा अनिवार्य रूप से लगाना तय किया गया है। वहीं सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए प्रभारियों की नियुक्ति व पंचायतवार एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक माह में स्थानीय समस्याओं व जन मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं जनसुनवाई व जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर फिरोज आलम, अरूण गुप्ता सहित कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

### सीओ के नोटिस के बाद डीसी से मिले ग्रामीण



गुमला। शहर के रामनगर स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति की जमीन का घेराबंदी का कार्य जोर-शोर से चल रहा है और इधर बाजार समिति का जमीन का अतिक्रमण हटाने के लिए अंचलाधिकारी के द्वारा सात लोगों को 72 घंटे का अल्टिमेटम दिया है। अंचलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के लिए रामनगर के सात अलग-अलग लोगों क्रमशः मालती सिन्हा, आलोक कुमार साहु, गणेश झा, अजय शर्मा, वंशी महतो तथा सुरेन्द्र भगत को नोटिस जारी कर बाजार समिति का जमीन से हटाने का निर्देश दिया है। इधर लोगों का कहना है कि हमारे द्वारा बाजार समिति का कोई भी जमीन का अतिक्रमण नहीं किया गया है। अजय शर्मा के बड़े भाई सुरेश्वर शर्मा ने उपायुक्त से मिलकर आवेदन सौंपकर कहा है कि मौजा करौंदी का खाता नo 135 , प्लांट नo 620, 621 तथा 622 में कुल रकबा 3.15 एकड़ मेरी खरीदगी जमीन है तथा सब जज गुमला के यहां टाईटल शुट नo - 6/2010 न्यायालय में फैसला के लिए लम्बित है। उन्होंने इस पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। सुरेन्द्र भगत के द्वारा भी उपायुक्त को आवेदन सौंपकर मौजा फसिया स्थित खाता नंo - 114, प्लांट नं 51, रकबा 0.5 डीसमील जमीन को जय प्रकाश सिंह से डीड नo 786/779 दिनांक 04-04-1992 का खरीदगी तथा मोटेशन कराकर सरकारी लगान रसिद कटाने का प्रमाण देकर उनके द्वारा बाजार समिति के एक इंच भी जमीन का अतिक्रमण नहीं होने पर इस पर हस्तक्षेप करने की मांग की। मालती सिन्हा, गणेश झा, आलोक कुमार साहु, वंशी महतो ने भी उपायुक्त एवं एसडी गुमला से न्याय दिलाने का आग्रह किया गया है।

स्पीड न्यूज



## आवासीय विद्यालय के बच्चों को नये स्वेटर व पाठ्य सामग्री वितरित

**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय गोलमुरी में 1 से 9 क्लास तक के 165 बच्चों के बीच नए स्वेटर और पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका, संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, निभा मोदी, शिप्रा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

## कम्युनिटी सेंटर के पास ब्राउन शुगर बेचते धराया

**जमशेदपुर।** गत सोमवार को रात्रि समय करीब नौ बजे सीतारामडेरा थाना अंतर्गत न्यू ले आउट स्थित आदिवासी कम्युनिटी सेंटर के पास सोनू सिंह उर्फ तेजस्व पाल सिंह, पता गराबसा मदन चक्की थाना गोलमुरी के पास से 10 पुड़िया ब्राउन शुगर बिक्री करते हुए पकड़े गए है। गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया है।

## जुगसलाई क्रॉसिंग पर फुटओवर ब्रिज जरूरी

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष, (जनसंपर्क एवं कल्याण) मुकेश मित्तल ने दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक सुश्री अर्चना जोशी को पत्र लिखकर मांग की है कि जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज के शुरू होने के मद्देनजर पैदल यात्रियों के लिए जुगसलाई की ओर आने-जाने वालों के लिये जुगसलाई में रेलवे क्रॉसिंग पर एक फुटओवरब्रिज के निर्माण हेतु प्रावधान किया जाये।

## जय महाकाल सेवा संघ ने मनाया शौर्य दिवस



**जमशेदपुर।** आज पूरा भारतवर्ष जोश खरोश के साथ शोर्य दिवस मना रहा है जय महाकाल सेवा संघ के तत्वाधान में शौर्य दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे सर्वप्रथम शक्ति के देवता बजरंगबली जी की आरती की गई, और 201दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात सभी हिंदु भक्तों ने जमकर अतीश बाजी की गई। तत्पश्चात शोर्य दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की गई जिसमें उन सभी कार सेवकों को याद किया गया, जिन्होंने 6 दिसंबर 1992 को कारसेवा के दौरान गए थे जिनमे कुछ लोग बलिदान भी हुए थे।

## कालिकापुर में बाइक से गिरकर महिला की मौत

**पोटका।** पोटका थाना क्षेत्र के हाता मुसाबनी मुख्य पथ पर कालिकापुर चुड़ा मिल के समीप बाईक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला का नाम बंदना भकत (22) है। घटना मंगलवार की है। जानकारी अनुसार बंदना अपने पति प्रभाष भकत और डेढ़ वर्ष के बेटे यस भकत संग बाईक से पिछली से घाटशिला शादी समारोह में जा रहे थे। घटनास्थल पर किसी प्रकार बाईक अनियंत्रित हुआ और बंदना सिर के बल जमीन पर गिर गई। गिरने से सिर पर अंदरूनी गंभीर चोट लगा। चोट से वह तत्काल बेहोश हो गई। सूचना पाकर मौके पर पोटका पुलिस पहुंची। पुलिस की सहायता से घायल बंदना को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोटका लाया गया। यहां चिकित्सक द्वारा जांचोपरांत बंदना को मृत बताया। घटना में सौभाग्य से मृतका के बेटे को चेहरे पर सिर्फ खरोंच आया। घटना के बाद पति प्रभाष का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभाष की स्थिति फिलहाल ठीक है।

# झारखंड महोत्सव : परिवार संग मेला घूमने और खरीदारी करने आ रहे लोग

➲ जियाडा के एमडी प्रेमरंजन भी पहुंचे मेला घूमने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में चल रहा झारखंड महोत्सव हथकरघा एवं हस्तशिल्प मेला बुलंदी पर है। यह मेला 10 दिसंबर तक चलेगा और शहरवासी यहां परिवार के साथ दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक मेला भ्रमण एवं खरीदारी का लुफ्त उठा सकते हैं। मेले में बच्चों के लिए चिल्ड्रन कॉर्नर है। यहां उनके मनोरंजन के लिए झूले आदि की व्यवस्था है। इसके अलावा फूड कॉर्नर में मेले के आगंतुक पसंद के नाश्ते एवं भोजन कर सकते हैं।

मेले में आज औचक भ्रमण पर जियाड़ा के एमडी प्रेम रंजन पहुंचे। उन्होंने रुचि लेकर मेले का भ्रमण किया और कुछ वक्त आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित गिरिजा फूड्स के स्टॉल पर बिताया।




जियाडा के एमडी प्रेमरंजन गिरिजा फूड्स के स्टॉल पर संस्थापक श्रीमती गिरिजा देवी और चेयरमैन बीके चतुर्वेदी चर्चा करते हुए।

गिरजा फूड का स्टॉल पर प्रेम रंजन का स्वागत गिरिजा फूड की संस्थापक श्रीमती गिरिजा देवी एवं कंपनी के चेयरमैन श्री बीके चतुर्वेदी (सेवानिवृत डीएसपी) ने किया। प्रेम रंजन ने गिरजा फूड्स के आचार की गुणवत्ता की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने कहा कि एक घरेलू महिला गिरिजा देवी के द्वारा स्थापित इस उद्योग की प्रगति की भी कामना करते हैं।

### अक्षय स्टॉल पर पहाड़ी मसाला चाय और हाथ से बुने गर्म कपड़ों की मांग

**जमशेदपुर।** झारखंड महोत्सव - 2022 मेले में बैनेट यूनिवर्सिटी के पूर्वर्ती छात्रों का स्टार्टअप अक्षय के स्टॉल पर पहाड़ी मशाला चाय मेला आने वालों के लिए आकषर्ण बना हुआ है। नैनिताल के पहाड़ी मशाला चाय



अक्षय स्टॉल

हंडी में तैयार होती है और मिट्टी के कुल्हड़ में इसे पीने का आनंद ही अलग है। अक्षय का स्टाल यहां सुश्री मुस्कान के नेतृत्व में लगा हुआ है जो बैनेट यूनिवर्सिटी की पूर्ववर्ती छात्रा हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी चाय का फामूर्ला यूनिक है और हम लोग को खुशी है कि शहर वासियों को पहाड़ी मसाला चाय बहुत पसंद आ रही है। इस स्टॉल पर नैनीताल के ग्रामीण महिलाओं द्वारा बुने गए गर्म स्वेटर मफलर और टोपी की मांग भी आगंतुकों में बनी हुई है।

### मेले में आकर खरीदिये ओरिजनल जयपुरी रजाई, वजन मात्र 1800 ग्रा



**जमशेदपुर।** जयपुरी रजाई की मांग बड़ी झारखंड महोत्सव में राजस्थान से आए मोहम्मद आलम ने जयपुरी रजाई का स्टॉल लगाया है उनके स्टाल पर आप सिंगल साइज रजाई 1150 में और डबल साइज रजाई 2150 में खरीदा जा सकता है आलम मियां ने बताया की जयपुरी रजाई का वजन मात्र 18 ग्राम होता है किंतु यह बहुत ही गर्व होता है राजस्थानी रजाई बनाने के लिए इसमें सेमल और कपास की रूई मिश्रित का इस्तेमाल किया जाता है जबकि इसकी इसमें प्लेन कॉटन का इस्तेमाल होता है। जयपुरी रजाई को आप दोनों से ओर से ओढ़ सकते हैं। गंदा होने पर इसे वाशिंग मशीन में इजी डिटर्जेंट के जरिए खुद साफ किया जा सकता है।

### भागलपुरी साड़ी, सूटपीस और फैब्रिक्स का भी लगा है स्टॉल



**जमशेदपुर।** भागलपुरी सिल्क के प्रोडक्ट लेकर मोहम्मद शब्बीर ने स्टॉल लगाया है। इस स्टॉल पर आप एमएम सिल्क के ब्रांड तले 1000 रू. से लेकर 4000 रू. के रेंज में साड़ी एवं टू-पीस खरीद सकते हैं जबकि फैब्रिक 250 रू. प्रति मीटर से लेकर 1500 रु. प्रति मीटर तक उपलब्ध है।

### 750 रुपये के रेंज में बिक रहा है महिलाओं के लिए लांग कोट और ब्लेजर



**जमशेदपुर।** झारखंड महोत्सव में अपनों कलेक्शन ब्रांच तले उदय कुमार ने लेडीज कोट, ब्लेजर, स्वेटर और कांटिगन का स्टॉल लगाया है आप यहां पर लांग कोट और ब्लेजर 750 की रेंज में कर सकते हैं जबकि ड्रेस 350 के रेंज में, स्वेटर 200 रू. के रेंज में और कार्डिगन भी 200 रू. के रेंज में खरीदा जा सकता है।

एमजीएम के नये 500 बेड अस्पताल के नये भवन में बिजली-पानी आपूर्ति को लेकर मंथन

# मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन और हॉस्टल का होगा जीर्णोद्धार

➲ डीसी विजया जाधव ने की उच्च स्तरीय बैठक

➲ सीधे राज्य सरकार को भेजा जायेगा प्रस्ताव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर, डिमना में निमार्णाधीन 500 बेडेड अस्पताल को मार्च 2023 में शुरू करना प्रस्तावित है। शहरी क्षेत्र का हो रहे विस्तार तथा आने वाले समय में अस्पताल की जरूरतों को देखते हुए जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव की अध्यक्षता में आहूत उच्च स्तरीय बैठक में कॉलेज और अस्पताल के लिए डेडिकेटेड पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था के लिए राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया। इस प्रस्ताव में कॉलेज परिसर के लिए 1.5 मीलियन लीटर का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के साथ-साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए अलग ट्रॉन्सफॉर्मर एवं अन्य व्यवस्था की जाएगी। वर्तमान में कॉलेज परिसर में 7 डीप बोरिंग है लेकिन नए अस्पताल बन जाने के बाद यह पर्याप्त नहीं होगा। कॉलेज परिसर में सुदृढ़ बिजली व्यवस्था के लिए लगभग 6 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है जिसे राज्य स्तर पर भेजा जायेगा।



बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी श्रीमती विजया जाधव।

उपायुक्त ने अगले 30 वर्षों में शहरी क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी को भी नगर निगम क्षेत्र के लिए अलग से 10 मीलियन लीटर का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के प्रस्ताव को नगर विकास विभाग भेजने के निर्देश दिये।

बैठक में एमजीएम कॉलेज का मेन बिल्डिंग, ब्वॉयज व गर्ल्स हॉस्टल, गेस्ट हाउस, ऑडिटोरिम के जीर्णोद्धार पर भी चर्चा की गई। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि सन 1961 में कॉलेज की स्थापना के बाद से ही कोई जीर्णोद्धार कार्य नहीं हुआ है ऐसे में भवनों के बेहतर रखरखाव के लिए इसकी सख्त आवश्कता है। उपायुक्त द्वारा प्राथमिकता के आधार पर 16 दिसंबर तक ऑडिटोरियम एवं हॉस्टल के जीर्णोद्धार के लिए प्राक्कलन बनाने का निर्देश भवन निर्माण विभाग के इंजीनियर को दिया गया। एमजीएम प्रशासक-सह-एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने बताया कि मार्च तक एमजीएम कॉलेज परिसर में नया अस्पताल शुरू हो जाता है तभी एमजीएम अस्पताल में भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। महिला एवं प्रसूती विभाग में फिलहाल 20 बेड बढ़ाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये गये हैं।

## मास्टर एथलेटिक्स 11 को, नौ तक करवा सकते हैं पंजीयन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के जे आर डी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में आगामी 11 दिसंबर 2022, दिन-रविवार को प्रातः 6:00 से प्रारंभ होने जा रहे एक दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों के विशेष अनुरोध पर आज आयोजन समिति की आकस्मिक बैठक का आयोजन कर प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिए इच्छुक मास्टर खिलाड़ियों के निबंधन हेतु नई तिथि का निर्णय लिया गया। जिसमें प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एथलीटों के निबंधन की सुविधा 4 दिसंबर 2022 निर्धारित की गई थी, उसे आज की बैठक में संशोधित करते हुए विस्तारित कर - 9 दिसंबर 2022 की संध्या 6:00 तक कर दिया गया है।

## अंधेरे में संस्था के सदस्यों के साथ कुणाल षाड़ंगी ने सैकड़ों जरूरतमंदों में बांटे कंबल

›› नाम्या स्माइल फाउंडेशन की पहल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर में शीतलहर व सर्द हवाओं से कड़कती ठंड को देखते हुए मानगो चौक, बिस्टुपुर राम मंदिर, एमजीएम अस्पताल व रेलवे स्टेशन के आसपास सड़क के किनारे ठिठुरते सैकड़ों गरीब व असहाय लोगों के बीच नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी ने कंबल वितरण किया। कुणाल षाड़ंगी ने संस्था के युवा सदस्यों के संग देर रात शहर के कई स्थानों पर सोये हुए लोगों के बीच जाकर कंबल वितरण किया। ठंड से कंपकंपा रहे लोगों को जब रात में अचानक कंबल मिली तो ये लोग काफी प्रसन्न हुए गये और संस्था के प्रति धन्यवाद करते हुए भावुक दिखे। नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षाड़ंगी भी मौजूद रहे।



स्टेशन पर सोये लोगों को कंबल ओढ़ाते पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी।

## सनातन उत्सव ने की हनुमान आरती साथ में जलाये 5100 मिट्टी के दीये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सनातन उत्सव समिति द्वारा शौर्य दिवस पर साकची स्थित श्री श्री हनुमान मंदिर में विशेष आरती का आयोजन किया गया। साथ ही 5100 दिए जलाकर साथ ही 51 किलो लड्डू वितरण कर खुशियां मनाई और प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पित किया गया। उक्त अवसर पर आरती में शामिल हुए भाजपा नेता दिनेश कुमार ने कहा कि जिस भव्यता के साथ अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी विराजमान हुए वैसे ही इस मंदिर में श्री हनुमान जी विराजमान होंगे और इस पुनीत कार्य में सनातन उत्सव समिति के सभी सदस्य बधाई के पात्र है। मंगल आरती में चिंटु सिंह, अमरजीत सिंह राजा, कमलेश साहू, सोनू ठाकुर, सोनू सिंह, सुरेंद्र शर्मा, छककन चौधरी, निशांत सिंह, वीर सिंह, कन्हैया सिंह, राहुल दुर्गे, ललित राव, हरीश राय, कुलदीप सिंह अमृत सिंह, मनप्रीत सिंह, अमन सिंह, चुनमुन सिंह,दीपक शुक्ला, प्रतीक दिनकर, शंटू कुमार, सागर शर्मा, अमनदीप सिंह, लख्खी सिंह, समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## टाटा स्टीलकर्मी प्रभुनाथ सिंह ने 17वीं बार किया एसडीपी दान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रक्तदान जागरूकता के क्रम में एसडीपी डोनेशन में रक्तदाता लगातार आगे बढकर रक्तदान कर रहे हैं और आज इसकी जरूरत भी हो गयी है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह इसके लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं कि हर जरूरतमंद को समय से एसडीपी प्राप्त हो, आज इसी क्रम में श्री सिंह ने अपना 17वां एसडीपी डोनेशन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया। उन्होंने इस क्रम में अपना 53 रक्तदान पूरा किया है। श्री सिंह को सम्मानित करने के लिए जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशासक सह महाप्रबंधक संजय चौधरी ने प्रशस्ति पत्र के साथ स्मृति चिह्न दिया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने जरूरतमंद को जीवनदान देने के प्रयास के लिए श्री सिंह की प्रशंसा की।

# प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने किया बाबा साहेब को नमन

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनायी बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि को पूरे श्रद्धाभाव से मनाया गया। मंगलवार को भाजपा जमशेदपुर अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अजीत कालिंदी के नेतृत्व में सांसद विद्युत वरण महतो, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने पुराना कोर्ट मोड़ स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यकताओं ने साकची जिला कार्यालय से पुराना कोर्ट मोड़ तक पैदल मार्च करते हुए बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाए।

इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर एक महान व्यक्तित्व थे। उन्होंने देश से भेदभाव असमानता को दूर किया और सभी जाति-वर्गों के लोगों को एक साथ जीने की प्रेरणा दी। हमें उनके द्वारा बताए गए बातों का अनुसरण करना चाहिए। विद्युत महतो के कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने समाज कल्याण के लिए दर्जनों योजनाओं को चलाया है। जिसमें हर-घर शौचालय, गरीब कल्याण योजना, मुद्रा लोन योजना, उज्जवला योजना, सौभाग्य योजना, सुकन्या योजना जैसी अनेकों लाभकारी योजना समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचा कर उन्हें आगे बढ़ाने का काम कर रही है। कहा कि हमें समाज में एकता बनाए रखने व दीन दुखियों की सेवा का कार्य सदैव करना चाहिए।



बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सांसद विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष गूंजन यादव, उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य।

**ये भी थे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधांशु ओझा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, जिला मंत्री नीलू मछुआ, राजीव सिंह, विनोद सिंह, सुरेश शर्मा, राजेश सिंह, बिनानंद सिरका, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री पी के करवा, ताराचंद कालिंदी, ज्योति बाग समेत अन्य पदाधिकारी मे दिलीप पासवान, राकेश मुखी, शंभु राम, चंदन भारती, धीरज मुखी, चंद्रशेखर दास, मंडल अध्यक्ष में विकास बाउरी, पोरेष कालिंदी, राजाराम, अशोक कुमार, गणेश दास, बबलू मुखी, अशोक बेहरा, चंदन मुखी, बादल मुखी, महिला कार्यकर्ताओं में संध्या देवी, बिंदिया मुखी, गंगा मुखी, चंदा कालिंदी,आरती मुखी, मुकेश बेरा, रवि भुइयां, झुटू कोर, किशोर कालिंदी, नरेश बगत्ती, गुरु पोदो कालिंदी, करण बाउरी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### मंदिर में शेड और पेवर ब्लॉक बिछाने का काम शुरू



**जमशेदपुर।** सी टाइप केबल टाउन के श्री हनुमान मंदिर के निकट में शेड एवं पेवर ब्लॉक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ करने हेतु भूमि पूजन किया गया। मौके पर भाजमो जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, गोलमुरी विधायक प्रतिनिधि असीम पाठक, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर मिश्रा, संजीव कुमार, ब्रजराज मिश्र, राधे जी, त्रिलोचन सिंह, संतोष श्रीवास्तव एवं कॉलोनी के गणमान्य उपस्थित थे। सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि जनसहयोग से क्षेत्र विकास के कार्य निरंतर जारी है और जल्द सभी जनहित के सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा।

### किड्स प्ले स्कूल प्रांगण में लगा नेत्र जांच शिविर



**जमशेदपुर।** मंगलवार को अली हुसैन आसिम बिहारी और बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के यौम ए वफात के मौके पर झारखंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन और अल-मनार सोशल सर्विस के सहयोग से मानगो जवाहर नगर बाल विद्यालय किड्स प्ले जोन में पूर्णिमा नेत्रालय हॉस्पिटल जमशेदपुर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया जिसमें 105 लोगों की जांच की गयी। फाउंडेशन के महासचिव खालिद इकबाल मरीजों की आंखों की देखभाल के बारे में बताया। लोगों को तुलसी का पौधा उपहार में दिया गया। कार्यक्रम में पूर्णिमा नेत्रालय से डॉ अनुपम, झारखंड ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के अध्यक्ष रियाज शरीफ, राहत हुसैन मोना, अहद आलम, शाहेबे आलम, पिंकी, रिंकी, वर्षा गुप्ता, रानी, शादान, अफसाना, शाना इत्यादि उपस्थित थे।

### रविदास समाज के शिविर में 67 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर 6 दिसंबर को जमशेदपुर ब्लड बैंक बिस्टुपुर में रक्तदान शिविर लगा। शिविर में कुल 67 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रविदास समाज के इस कार्यक्रम में आरएस फाउंडेशन सोनारी भी सहयोगी रहा। बाबा साहेब आंबेडकर मानव की स्वतंत्रता, समता, न्याय और बंधुत्व के लिए जीवन भर काम किए। संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने हेतु यह संगठन कार्यक्रम आयोजित करता है। जीवन में एक युनिट दान करनेवाले कम से कम तीन लोगों को जीवन दान देते हैं। इससे बड़ा जीवन में अन्य कार्य नहीं है। इस कार्य में सरयु रविदास, हरिबालक प्रसाद, विश्राम राम, अशोक कुमार, राम जी, प्रकाश चंद्र,सावन कुमार, कविदास, मोहन दास, विद्या राम, बनारसी राम, श्याम लाल एवं राजेंद्र रविदास आदि लोगों का विशेष योगदान रहा।

### सरयू राय ने बिरसानगर पूर्व में किया जनसंपर्क



**जमशेदपुर।** वृहत जनसंपर्क सह क्षेत्र भ्रमण अभियान कार्यक्रम के तहत विधायक सरयू राय ने भाजमो जमशेदपुर महानगर कार्यकर्ताओं संग बिरसानगर पूर्वी क्षेत्र का दौरा किया। बिरसानगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष शंकर कर्मकार के नेतृत्व में पूर्वी बिरसानगर जोन 10 के इंदु चौहान नर्सिंग होम के समीप अभियान शुरू हुआ। श्री राय क्षेत्र के सभी गली-मोहल्लों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों से मिले और उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना। साथ ही बिरसानगर बाजार के दुकानदारों और अन्य से भी मुलाकात की। श्री राय ने जानता कि हर एक समस्या को सुनने और देखने के पश्चात कहा कि सभी मूलभूत समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा। श्री राय ने कहा की उनका निरंतर प्रयास है की घनी आबादी वाले बिरसानगर को एक आर्दश क्षेत्र के रूप में विकसित करें और पेयजल, बिजली, सड़क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य सभी गुणवत्तायुक्त सुविधा जनता को मिले। स्थानीय लोगों ने विधायक सरयू राय का स्वागत बहुत ही गरम जोशी से किया। इस दौरान विधायक के साथ काफी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### विधायक कालिंदी ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विस क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत उत्तर पूर्वी गाधड़ा पंचायत तिलकानगर वासियों को विद्युत संबंधित समस्याएं थी, जिसकी जानकारी जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को मिलने पर विधायक ने संज्ञान में लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश देकर तिलकानगर में बिजली के नये खंभे, बिजली के तार एवं नया ट्रांसफार्मर लगवाया। जिसके बाद विधायक खुद पहुंच ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की हर समस्याओं का समाधान करना उनकी जिम्मेदारी है। जैसे ही उन्हें कोई समस्या की जानकारी मिलती है वह खुद संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द उसका समाधान करवाते हैं ताकि स्थानीय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ में पंचायत अध्यक्ष बबलू महतो, विकास स्वर्णकार, रजनी दास, नीरज, छोटू, अजय सिन्हा, उमेश मंडल, उपेन्द्र कुमार, रंजीत कुमार, विजय आर्या, नवनीत एवं काफी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बाबा साहेब का जीवन दर्शन प्रेरणादायी : मनोज



**मेदिनीनगर।** आजादी के बाद देश को बेहतर संविधान की जरूरत थी। तब बाबा साहब ने कई देशों के संविधानों का अध्ययन किया और विश्व का सबसे बड़ा और अच्छा संविधान बनाकर भारत के लोकतांत्रिक स्तंभ को मजबूत किया। उनके जीवन दर्शन से युवा वर्ग को अध्ययन करने और देश को ऊंचाइयों पर ले जाने की प्रेरणा मिलती है। डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है। वे एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाज सेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। उक्त बातें बाबा साहब डॉ अंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर पार्क में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देने के उपरांत मेदिनीनगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कही।

### सभी का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन : डॉ तान्या



**हैदरनगर, पलामू।** हैदरनगर स्थित निकाह भवन में मंगलवार को एनएमसीएच जमुहार के नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने शिविर लगाकर 50 लोगों की नेत्र जांच की, जिसमे 18 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। अन्य मरीजों को उचित सलाह दी गई। मोतियाबिंद के सभी 18 मरीजों का एनएमसीएच जमुहार, सासाराम में ऑपरेशन कर निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा। उन्हें संस्था वाहन भी उपलब्ध करायेगा। नेत्र रोग विशेषज्ञ डा तान्या ने बताया कि एनएमसीएच प्रत्येक वर्ष मोतियाबिंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन और लेंस प्रत्यारोपण करता है। हैदरनगर के बाद जपला में 9 दिसंबर को शिविर लगा कर मोतियाबिंद के मरीजों को चिह्नित किया जायेगा। शिविर में डॉ प्रिंस कुमार, सहायक ललन सिंह, सोनू पाल, महेंद्र कुमार, सत्यनारायण सिंह आदि मौजूद थे।

### जपला में खुला लक्ष्य इंस्टीट्यूट



**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के जपला रिद्धि सिद्धि होटल के सामने राजेश भारद्वाज के मकान में सोमवार को लक्ष्य इंस्टीट्यूट का उद्घाटन किया, जिसके उदघाटनकर्ता, हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश एवं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन ने किया। मकान मालिक राजेश भारद्वाज ने आध्यात्मिक मासिक पत्रिका विहंगम योग संदेश देते हुए विहंगम योग से हो रहे सेवा कार्य एवं विद्यार्थियों के लिए भी विहंगम योग की 10 मिनट की साधना से स्मरण शक्ति में वृद्धि, निर्णय क्षमता का विकास, अवसाद में कमी सहित अनेकों होने वाले लाभों की जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि कॉम्पटीशन के समय मे सही व मोटिवेशनल शिक्षा के साथ साथ मोटिवेशनल शिक्षक का होना अनिवार्य हैं विद्यार्थियों को सही दिशा मिल पायेगी। मौके पर बुलबुल सिंह, संजय कुमार सहित कोचिंग के संचालक हरेंद्र सिंह, सूरज सिंह, अंकित सिंह एवं बबलू ने इंस्टिट्यूट में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी सभी लोगों को विस्तार से दिये।

### सतबरवा में मना महापरिनिर्वाण दिवस



**सतबरवा।** भारतीय संविधान के निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि ट्रेनिंग कॉलेज प्रांगण में मंगलवार को मनाई गई। इस दौरान बाबा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर गरीब, शोषित, दलित, पीड़ित परिवार से ताल्लुक रखते थे। ऐसे परिवार में जन्म लेने के बाद भी अपनी इच्छा शक्ति के कारण ही आज संविधान निर्माता कहला रहे हैं। हम सभी को भी उनके बताए हुए मार्ग पर चल कर संविधान की रक्षा करना चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष पप्पू सिंह, डब्लू उरांव, अजय उरांव, नंदू राम, गुलाब भुइयां, रवि मेहता, सत्येंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

### बाबा साहब के चलते आज गरीबों को मिल रहा हक व अधिकार : लक्ष्मी रवि



**पड़वा, पलामू।** मंगलवार को बासु के दलित टोला में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसके मुख्य अतिथि पड़वा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी लक्ष्मी रवि ने भाग लिया। लक्ष्मी रवि ने कहा कि पूरे विश्व के सभी देशों के संविधान का अध्ययन कर लोकतांत्रिक भारत के लिए संविधान की रचना करने का काम किया। जिस संविधान से आज समाज के सबसे निचले तबके के लोगों को भी उचित न्याय मिल रहा है एवं स्वयं को समाज में उचित दर्जे पर स्थापित कर पा रहे हैं। बाबा साहब शोषितों, वंचितों के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करते रहे। आज उन्हीं के संघर्ष का प्रतिफल है गरीबों को उनका हक अधिकार मिल पा रहा है। लक्ष्मी रवि ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ संविधान निमार्ता ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता थे। कार्यक्रम में जर्जर हो रहे। बाबा साहेब की प्रतिमा का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से कार्य हेतु संरक्षण समिति का गठन किया गया जिसका अध्यक्ष राजीव रंजन, सचिव इंद्रदेव राम, कोषाध्यक्ष अमित मेहता एवं संरक्षक पंकज मेहता को बनाया गया मौके पर दिलीप मेहता अजय मेहता, रवि मेहता, रूपेश मेहता, अजय मेहता, बिपीन सिंह, शैलेश मेहता, बबलू राम, रितेश मेहता, श्रीकांत साव, राजेश मेहता, दशरथ राम, योगेन्द्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### मुख्य पथ पर खड़े पिकअप वैन की चोरी

**नावा बाजार, मेदिनीनगर।** औरंगाबाद मुख्य पथ पर नावाबाजार थाना क्षेत्र के पड़वा मोड़ के पास मुख्य पथ पर खडी पिकअप वाहन की चोरी अज्ञात चोरों ने कर लिया है। पिकअप वाहन के मालिक चंद्रदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह पांच बजे वाहन को बुकिंग में जाना था इसलिए पड़वा मोड़ के पास चालक अजय मेहता अपने घर के बाहर मुख्य पथ पर वाहन खड़ा किया था।अहले सुबह में जब वह जगा तो देखा कि वाहन गायब है। चालक अजय मेहता ने इसकी सूचना वाहन मालिक और पुलिस को दिया। सूचना मिलने पर नावाबाजार पुलिस ने छानबीन शुरू की।

## बाबा साहेब के बताये रास्ते पर चलने का लें संकल्प : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनायी गयी। सर्वप्रथम कांग्रेसजनों ने बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर फूल माला देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि उन्हें दिल से सम्मान और आदर देने का एकमात्र तरीका यह है कि हम उनके बताये गये मार्गो और सिद्धांतो का पालन करे। उन्होंने भारत में फैले जाति, वर्ग और लिंग-भेद पर विचार किया तथा लोगों को अपने रंग, जाति और धर्म के भेदभाव के बावजूद स्वतंत्र रूप से जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। हम सब मिलकर प्रतिज्ञा करें कि हम सदैव उनके सिद्धांतों का पालन करेंगे और हमारे देश को सभी के लिए एक बेहतर स्थान बनायेंगे।

# आशी केयर हॉस्पिटल का उद्घाटन आज

■ पलामू प्रमंडल की हर जान को बचाना प्राथमिकता : निदेशक मनीष तिवारी

■ बड़े शहरों के भरोसे नहीं छोड़ेंगे चिकित्सा व्यवस्था : उप निदेशक अमितेष पाण्डेय

गजेंद्र कुमार

**मेदिनीनगर।** पलामू में स्वास्थ्य सेवा अकास्मिक वक्त के लिए सक्षम दिखाई नहीं पड़ती है। हर जान की कीमत है।आशी केयर हॉस्पिटल की कोशिश होगा कि तत्काल चिकित्सा सुविधा पलामू प्रमंडल वासीयों को उपलब्ध कराए। रेड़मा पांकी रोड में आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान निदेशक मनीष तिवारी एवं उप निदेशक अमितेष पाण्डेय ने कही।

**मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की कमी दूर करेगा आशी केयर :** उन्होंने कहा कि सात दिसंबर बुधवार को आशी केयर हॉस्पिटल का शुभारंभ होगा। रांची रोड में दस सालों से संचालित आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल का नया एवं वृहद स्वरूप आशी केयर हॉस्पिटल के रूप में लोगों को देखने को मिलेगा। यह अस्पताल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का अभाव को दूर करेगा।

**अस्पताल में क्या-क्या मिलेंगी सुविधाएं :** यहां पर इमरजेंसी, आईसीयू, एनआईसीयू वेंटिलेटर, सर्जरी, ओपीडी, डिलेवरी समेत सभी तरह की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है।



जानकारी देते हॉस्पिटल के निदेशक व अन्य।

इस मौके पर निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में सभी तरह के सुरक्षा मानकों का ख्याल रखा गया है। बड़े शहरों के भरोसे पलामू के जनमानस की टूटती सांसों को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

**क्या बोले उपनिदेशक अमितेष पांडेय :** उप निदेशक अमितेष पांडेय ने बताया कि पलामू में मेडिकल कॉलेज खुलने से चिकित्सक की संख्या बढ़ी है। इसका लाभ पलामू के लोगों को तभी मिलेगा। जब हाईटेक मशीन उपलब्ध रहे। जिस कमी को आशी केयर हॉस्पिटल प्रबंधन पूरा करेगी। आमतौर पर दुर्घटना, ब्रेन हैमरेज, हार्ट अटैक जैसे आकस्मिक समय पर चौबीस घंटे सुविधा सुलभता से मुहैया नहीं हो पाती है। जिस कारन लोग बड़े शहरों तक पहुंचने से पहले दम तोड़ देते हैं। लेकिन आशी केयर हॉस्पिटल इमरजेंसी के वक्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में कारगर साबित होगा। इसके लिए आईसीयू की विशेष व्यवस्था रखी गई है। बड़े शहरों की भांति हाइटेक एवं सुविधा दी जायेगी। उन्होंने कहा कि कई रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक हमारे संपर्क में हैं, जो इस अस्पताल में अपनी सेवा देने को तैयार हैं।

# जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं : उपायुक्त

■ उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक संपन्न

■ सतबरवा के मलय डैम में शुरू होगी जल क्रीड़ा और साहसिक क्रीड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**ये भी थे उपस्थित :** बैठक में उपायुक्त के अलावा प्रशिक्षु आईएएस, अपर समाहर्ता, विश्रामपुर व हुसैनाबाद के विधायक प्रतिनिधि, चतरा संसद के प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, भवन निर्माण के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

**मेदिनीनगर।** जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व से किए जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गयी साथ ही इस बात पर विस्तार से चर्चा की गयी कि जिले के किन इलाकों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की संभावनाएं हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा जो स्थल बताया गया उस पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में मेदनीनगर शहर के शाहपुर किला को विकसित करने को लेकर पर्यटन विभाग को प्रस्ताव भेजने पर सहमति बनायी गयी।

**सतबरवा के मलय डैम में शुरू होगी जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा :** बैठक में तय किया गया कि मलय डैम में विभिन्न तरह के वॉटर एक्टिविटीज प्रारंभ किया जाएगा जिसमें मोटरबोटिंग भी शामिल है। इन कार्यो को विस्थापित लोग व स्थानीय समिति के माध्यम से संचालित किया जायेगा।

**जनता दरबार में समस्याएं सुनी :** उपायुक्त ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी समस्याएं बताते हुए समाधान का अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन पत्र अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने को कहा।

# मनातू : पूर्व विधायक और कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया प्रखंड 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मनातू, पलामू।** मनातू प्रखंड कार्यालय के प्रमुख ऑफिस के सामने वाला रूम में फुल विधायक बिट्टू सिंह एवं जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, मनातू प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो निश्चित रूप से विधिवत पूजा अर्चना कर फीता काटकर शुभारंभ किया गया। मौके पर अपने संबोधन में बिट्टू सिंह ने कहां की राज्य सरकार कई योजना चला रही है परंतु मनातू प्रखंड में प्रखंड स्तरीय पर 20सूत्री की अपना ऑफिस के चलते मनातू को ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल पा रही थी लेकिन ऑफिस खुल जाने से अब सारी योजनाओं की जानकारी इस कार्यालय के लोगों से मिलेगी।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने सम्मानित कमेटी वह सरकार के बीच चलाई गई योजना को धरातल पर लाने को कहा और जन समस्या योजनाओं के क्रियानव की जानकारी सरकार तक पहुंचेगी। कार्यालय उद्घाटन समारोह में मनातू प्रखंड के विभिन्न गांव से काफी संख्या में लोग आये थे। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष सीना यादव 20 सूत्री अध्यक्ष उमेश साव जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने अपने अपने संबोधन में गागर में सागर भरने का काम किया।

## अव्यवस्था का आलम और गंदगी का अंबार देख भड़के बीडीओ, वार्डन को लगायी फटकार

■ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

■ आधे से अधिक छात्राएं विद्यालय से गायब, शिक्षिकाओं की भी मिली कमी

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर प्रखंड के रेहला स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में अव्यवस्था का आलम पाया गया। विद्यालय परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ था। जिसे देखकर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम भड़क गए। उन्होंने वार्डन उषा कौशिक को जमकर फटकार लगायी। विद्यालय में नामांकित छात्राओं में से आधी गायब मिली। कई शिक्षिकाएं भी अनुपस्थित पाई गईं। जिसकी पूरी जानकारी बीडीओ ने वार्डन से ली। उन्होंने छाताओ से भी बात की। छात्राओं ने भोजन की गुणवत्ता पर अपना असंतोष बीडीओ के समक्ष प्रकट किया। छात्राओं ने बताया कि पाठ्य पुस्तक की भी कमी है।

## डालटनगंज-लेस्लीगंज-पांकी पथ निर्माण की गुणवत्ता की करायें जांच

➲ पांकी विधायक ने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को भेजा पत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने डालटनगंज पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र के माध्यम मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के द्वारा डालटनगंज-लेस्लीगंज-पांकी पथ निर्माण कार्य में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने व अनियमितता बरतने के मामले से अवगत कराया है। विधायक डा मेहता ने कहा कि मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन द्वारा डालटनगंज-लेस्लीगंज-पांकी पथ का निर्माण कराया जा रहा है। यह पथ इस क्षेत्र की जीवन रेखा है। विधायक ने पत्र में कहा है कि इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि उक्त निर्माण कंपनी के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया जा रहा है। संवेदक के द्वारा प्राक्कलन में तय मानक से बिटुमिन के मात्रा का कम इस्तेमाल किया जा रहा है। पथ में बिछाई जा रही बिटुमिन हॉट मिक्स की मोटाई तय मानक से कम बिछाई जा रही है। विधायक ने कहा कि उक्त अत्यंत महत्पूर्ण पथ के गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने व विधायक

### पाटन : छड़-सीमेंट दुकान का उद्घाटन



**पाटन, पलामू।** पाटन प्रखंड के किशनपुर के पास चंद्रकांत उपाध्याय का छड़ सीमेंट दुकान एवं छोटू उपाध्याय का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन माननीय विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया। मौके पर पंचायत के वरिष्ठ कृष्ण उपाध्याय, बिपिन बिहारी दुबे, सरदारी उपाध्याय, बृजेश उपाध्याय, बलराम दुबे, रविंद्र उपाध्याय, सविंदर उपाध्याय, बचन उपाध्याय, कुंदन दुबे, उपेंद्र दुबे, आशीष उपाध्याय, ननकू पांडे, राजन तिवारी इत्यादि सैकड़ों गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### पशु शेड-बकरी शेड घोटाले की जांच हो : संग्राम सिंह

■ पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में मनरेगा योजना में किया गया घोटाला



**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में मनरेगा योजना के तहत संचालित पशु शेड, बकरी शेड में घोटाला किया गया है। किसकी खुलासा लोकपाल के द्वारा जांच में किया गया। इस घोटाले में शामिल प्रखंड कर्मियों एवं पूर्व के पंचायत प्रतिनिधि प्रखंड प्रतिनिधियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस संबंध में पाटन पश्चिमी के जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर बताया कि नौडीहा पंचायत में विगत तीन से चार वर्ष के कार्यकाल में काफी घोटाला किए गए हैं। जिसकी लीपापोती करने में प्रखंड कार्यालय लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि पशु शेड निर्माण में काफी घोटाला किया गया है। इसमें बिचौलियों के माध्यम से पाटन प्रखंड के वी डी ओ समेत अभियंता, रोजगार सेवक,पंचायत सेवक एवं मुखिया की संलिप्तता पाई गई है। इस योजना में न लाभुक का पता है और ना ही शेड का पता है। और पैसे की निकासी कर ली गई है। श्री सिंह ने कहा कि लोकपाल के द्वारा नौडीहा पंचायत के श्रवण कुमार सिंह, सरवरे आलम, मजहर अंसारी, सलमा बीवी, धर्मेंद्र सिंह, जयराम सिंह, अमरजीत सिंह समेत कई लाभुकों के पशु शेड निर्माण की जांच की गयी। जिसमें किसी का भी पशु शेड निर्मित नहीं पाया गया। और फर्जी तरीके से राशि की निकासी कर ली गई है। इस बाबत विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने 18 अक्टूबर 2022 को पाटन वी डी ओ को पत्र देकर स्पष्टीकरण की मांग की गई। जिसका संतोषजनक जवाब वी डी ओ द्वारा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना में 5 से 6 लाख करोड रुपए कि घोटाला किया गया है। इस मामले से संबंधित सभी कागजातों को जून 2022 को जला दिया गया है ताकि मामला का उजागर ना हो सके। संग्राम सिंह ने उपायुक्त से मांग किया है कि पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत समेत अन्य पंचायतों में संचालित मनरेगा योजना के सभी कार्यों की जांच कराया जाए। लूट की योजना में शामिल सभी लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाए। वरना आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## प्रेरणा परमार्थ आश्रम आज रेहला में करेगा वस्त्र वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बिश्रामपुर (पलामू)।** आदि गुरु दत्तात्रेय जी की जयंती पर प्रेरणा परमार्थ आश्रम की रेहला शाखा द्वारा बुधवार को जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण किया जायेगा। इसकी जानकारी प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा सदस्य रंजीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि श्रद्धेय भैया जी के निर्देशन में 7 दिसंबर को रेहला रेलवे ओवर ब्रिज स्थित शिव अवतार ट्रेडर्स में 500 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरित किया जायेगा। जबकि लातेहार के महुआडांड़ में प्रेरणा परमार्थ आश्रम की सोहर पाट शाखा में 2000 जरूरतमंदों के बीच वस्त्र का वितरण आठ दिसंबर को किया जायेगा। रेहला शिव अवतार ट्रेडर्स में 7 दिसंबर को 9:30 बजे आदि गुरु दत्तात्रेय जी का पूजन के साथ कार्यक्रम का शुरूआत होगा। इसके बाद 10:30 से वस्त्र वितरण कार्यक्रम प्रारंभ होगा।

### बाजार से बाइक की चोरी

**हुसैनाबाद, पलामू।** मुख्य सब्जी बाजार के सोना कॉम्लेक्स के पास खड़ी एक बाइक की चोरी हो गई। भुक्तभोगी कस्तूरी चनकार के अभिमन्यु कुमार ने हुसैनाबाद थाना में लिखित शिकायत की है, जिसमें कहा है कि वह अपनी बाइक (एचआर 26 ईएम 1551) खड़ी कर सोना कॉम्पलेक्स में कपड़ा खरीद रहे थे जब बाहर निकला तो बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन के बावजूद पता नहीं चला। हुसैनाबाद पुलिस आवेदन के आलोक में इसकी तफ्तीश में जुटी है।

### राशि भुगतान की मांग

**बिश्रामपुर (पलामू)।** आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष शिवबंश मिश्रा ने कहा कि सेविका सहायिका के कई कार्य का पारितोषिक राशि बकाया है, जिसका भुगतान यथाशीघ्र नहीं किया गया तो आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। वे मंगलवार को बिश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

## कर्नल कप फुटबॉल : सबानो ने जीता अपना मैच,बभंडी ने खेला ड्रॉ



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला मैच सबानो बनाम कुकहीं खेला गया, जिसमें सबानो की टीम ने दमदार खेल के दम पर कुकही को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में जीत के साथ आगाज किया है। दूसरा मुकाबला बभंडी बनाम लंगरकोट खेला गया जिसमें दोनों टीमों ने भरपूर कोशिश की, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में कामयाब नहीं हो पायी और मैच बराबरी पर खत्म हुआ। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि अपने जमाने के मशहूर टीम रही बिहार के रोहतास जिला के बंजारी टीम के फुटबॉल कैप्टन लालकेश्वर पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

# आज के बच्चों को अंबेडकर के जीवन से सीख लेने की जरूरत है : यूपी सिंह

■ रामवि मॉडल स्कूल में शिक्षकों और बच्चों ने 66वां परिनिर्वाण दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के रामवि मॉडल स्कूल हुसैनाबाद में मंगलवार को शिक्षक और बच्चों ने संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेड़कर के 66 वां पुण्यतिथि सह महापरिनिर्वाण दिवस मनाया मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय प्रताप सिंह एवं शिक्षक छात्र/छात्राओं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जुबैर अंसारी ने किया। श्री सिंह ने कहा कि डॉ भीम राव अंबेडकर उस समय विकृत सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था में शून्य से शिखर पर पहुंचे थे, जो आज के समय में सभी बच्चों के लिए उनके जीवन चित्रण की अनुकरण करने की जरूरत हैं। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने सभी बच्चों को उनके जन्म माता पिता एवं जीवन परिचय को बताया। आगे बताया कि वे कुल 32 डिग्रीयां हासिल किये थे। 2 वर्ष 11 महीने 18 दिन में उन्होंने संविधान को लिख दिया था। मौके पर शिक्षक कन्हैया प्रसाद, जीएस चौबे, राजेश सिन्हा, कंप्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता, शिक्षिका पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

### समाज-संविधान के शिल्पकार थे बाबा साहेब : चेतना परिषद

**हुसैनाबाद, पलामू।** मंगलवार हुसैनाबाद शहर के स्थानीय अम्बेडकर चौक स्थित अम्बेडकर चेतना परिषद ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ बीआर अंबेडकर की 66वी पुण्यतिथि सह परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। अध्यक्षता व संचालन बीके रंजन ने की। कार्यक्रम में परिषद के लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद सभी लोगों ने बुद्धं शरणं गच्छामि संघं शरणं गच्छामि और धम्मं शरणं गच्छामि बौद्ध धर्म की मूल मंत्र को पढ़ते हुए बाबा साहेब के जीवन का चित्रण किया। रामेश्वर मेहता ने कहा कि आंबेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे।

# बाबा साहेब की प्रतिमा का शीघ्र होगा सौंदर्यीकरण : लक्ष्मी रवि

➲ बासु के हरिजन टोला में मनी भारत रत्न बाबा साहेब की 66वीं पुण्यतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता



बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाते लोग।

**पंडवा पलामू।** पंडवा प्रखंड के ग्राम बासु के हरिजन टोला में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 66वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें पड़वा प्रखंड के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी लक्ष्मी रवि शामिल थे। उन्होंने कहा कि जब देश अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुआ तो अंग्रेजों ने कहा कि आपलोग अपना देश कैसे चलाओगे? उस समय बाबा साहब से ज्यादा विद्वान कोई नहीं था। जिन्होंने पूरे विश्व के सभी देशों के संविधान का अध्ययन कर लोकतांत्रिक भारत के लिए संविधान की रचना की। जिस संविधान से आज समाज सबसे निचले तबके के लोगों को भी उचित न्याय मिल रहा है। हम स्वयं को समाज में उचित दर्जे पर स्थापित कर पा रहे हैं। कहा कि बाबा साहब शोषितों, वंचितों के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करते रहे। श्रीमती रवि ने कहा कि बाबा साहब सिर्फ संविधान निर्माता ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माता भी हैं। मौके पर निर्णय लिया गया कि वर्तमान में अंबेडकर की जर्जर प्रतिमा का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण शीघ्र किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

## 35 लाभुकों के बीच बकरी का वितरण

**निचितपुर।** बौआ कला उत्तर पंचायत के सचिवालय प्रांगण में एक सादे कार्यक्रम में निप्पोन लाइफ इंडिया एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड संस्था की और से 35 लाभुकों के बीच बकरी पालन के लिए बकरी वितरण किया गया। इससे बेरोजगार महिलाओं को आय अर्जन का रास्ता साफ होगा। बकरी वितरण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर अर्पित चर्टर राज ने बताया कि गरीब व बेरोजगार महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बकरी पालन को प्रोत्साहित करने के लिए बकरी दिया गया है। आगे भी संस्था महिलाओं का सहयोग करेगी। मौके पर मुखिया भीमलाल रजक, उप मुखिया मिट्ठू देवी, निमाई चंद्र ठाकुर, जीतू रवानी, विवेक रवानीमौजूद थे।

## पुलिस मेंस एसो. बोकारो के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न

**बोकारो।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन बोकारो शाखा के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। बोकारो शाखा के नए अध्यक्ष का ताज संजीत कुमार महतो के सिर बंधा। उन्होंने राजकुमार मुंडा को 161 मतों से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष पद पर प्रफुल्ल किंडोए सचिव पद पर सुभाष चंद्र शुक्लाए कोषाध्यक्ष के रूप में अजीत कुमार सिंह एवं अंकेक्षक की जिम्मेवारी मोहम्मद मुमताज को मिली। एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पांडे ने सभी नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जाहिर की है कि ये अपने दायित्वों का निर्वाह ईमानदारी पूर्वक करेंगे। ज्ञातव्य है कि सिपाहीए हवलदार एवं चालक वर्ग के कुल लगभग 1470 मतदाताओं में से 1197 पुलिसकर्मियों ने मतदान किया।

## अंगवाली में लगा चिकित्सा शिविर

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल ढोरी के सौजन्य से एनसीआरएपी के तहत नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अगवाली पंचायत भवन में किया गया। शिविर में सैकड़ो लोगों को डां डॉक्टर ए डॉन ने इलाज कर दवा दिया। डॉ ए डॉन ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि इस मौसम में हमेशा गर्म पानी का सेवन करें। ठंड से बचने की हमेशा प्रयास करें। शिविर को संचालन करने में चीफ फार्मासिस्ट आर के प्रतापए फार्मासिस्ट चंद्रकांत प्रसादए आया सावित्री देवीए वार्ड बॉय गणेश तुरीए हेल्पर मोहम्मद अफरोज आलम का सराहनीय योगदान रहा।

## चलकरी बस्ती में जुआ में फंसे युवक परेशान हैं अभिभावक

**बेरमो।** पेटरवार थाना क्षेत्र के करगली दामोदर नदी पुल के समीप चलकरी बस्ती के एक युवा इन दिनों जुआ ;तास के पत्ते से पैसा हारने .जीतने का खेलद्ध खेलने में अपना समय व पैसा बर्बाद कर रहे हैं। इन युवाओं के अभिभावक इससे काफी परेशान है। जबकि पुलिस चुप्पी साधे हुए है। हालत यह है कि चलकरी गांव में सभी आयु के लोग इस खेल में लिप्त है। यहां पर कई जगह से जुआ खेलने को लोग आते हैं। नाम न छापने की शर्त पर कई अभिभावकों ने बताया। गांव में तो यह खेल संक्रामक रोग की तरह फैल गया है। जुए के शौकीन तय स्थान पर पहुंच तास की पत्ती फेंटना शुरू कर देते हैं। इन गावों मे सौ रुपये से लेकर हजारों मे पत्तों पर दांव आजमाए जाते हैं। खेती के कामए लकड़ी तोड़ने व दिन में शौच के लिए बाहर निकलने वाली महिलाओं को कई बार फब्तियों का सामना करना पड़ता है।

## नावागढ़ मोड़ में रिद्धि मेडिकल हॉल का उद्घाटन

**नवागढ़।** नावागढ़ मोड़ बिनोद बिहारी महतो चौक स्थित नव प्रतिष्ठान रिद्धि मेडिकल हॉल का उद्घाटन स्टेट बार काउंसिल के कॉ – चेयरमैन राधे श्याम गोस्वामी के कर कमलों द्वारा किया गया । रिद्धि मेडिकल हॉल के प्रो. मनोज कुमार पाण्डेय ने अपनी सहयोग स्वरूप सभी दवाओं पर विशेष छुट देने की बात कही है एवं बहुत ही जल्द सभी विभाग के डाक्टरों की सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# टाइल्स दुकान में गोलीबारी: छह गिरफ्तार

### प्रेस वार्ता में पुलिस ने दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** रेनबो एजेंसी मार्बल टाइल्स दुकान पर अपराधियों ने गोली चलाई थी ।जिसका उद्भेदन कर लिया गया। मंगलवार को प्रेस वार्ता कर इसका खुलासा धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने अपने कार्यलय में किया। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रेशमा रामिशन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ बाघमारा निशा मुर्मू के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया ।जिसमें कतरास थाना प्रभारी रणधीर कुमार पुलिस पु.आ.नी चांद महतो विक्की कुमार शंकर रजक,प्रिंस एवं आरक्षी धनंजय कुमार सिंह,हरेन्द्र सिंह के द्वारा विभिन्न जगहों पर छापेमारी कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है ।गिरफ्तार अपराधियों में गोलू कुमार सिंह पिता विजय सिंह उम्र 21 वर्ष, गणेश गुप्ता पिता कामदेव प्रसाद गुप्ता उम्र 25 वर्ष,शिवम सिंह पिता अरुण सिंह उम्र 19 वर्ष,दीपक कुमार महतो पिता शिबू महतो उम्र 20 वर्ष,सुमित गुप्ता पिता कामदेव प्रसाद गुप्ता उम्र 21 वर्ष,सुजल कुमार गुप्ता पिता सुनील कुमार गुप्ता उम्र 19 वर्ष शामिल है। इनमे से हाल ही धनबाद जेल से छूटे है ।गणेश गुप्ता, सुजल गुप्ता, सोनू कुमार सिंह, इनमे से सुजल गुप्ता जेल में तथा बाहर भी मैसेंजर के द्वारा अपराधियों से संपर्क में रहता है। तथा अपराधी गिरोह बनाता है । इन अपराधियों के पास से 2 नाइन एमएम पिस्टल दो जिंदा गोली चार देसी जिंदा सुतली बम एक बिना नंबर प्लेट का काला अपाची व पल्सर व तीन मोबाइल सेट पुलिस ने बरामद किया।

### बाइक और हथियार भी किया गया बरामद

2 दिसम्बर को हुई काली मंदिर के समीप रेनबो एजेंसी मार्बल टाइल्स दुकान पर अपराधियों ने गोली चलाई थी। जिसमे पुलिस द्वारा त्वरित करवाई करते हुए घटना में शामिल अभियुक्त मोटर साइकिल व हथियार की बरामदी कर ली गयी है .कतरास शहर में दिनदहाड़े गोली चलने के बाद कतरास में दहशत का माहौल हो गया था। राजनीतिक व व्यवसाइयो ने प्रशासन पर उंगली उठाने से भी नहीं चूके यहां तक भी कह दिया कि व्यवसायियों को पलायन करना होगा। राजनीति करने वाले लोग कानून व्यवस्था को चौपट भी कहा ,लेकिन धनबाद कप्तान संजीव कुमार कि पुलिससिंग करवाई से कतरास के लोगों ने राहत की सांस लिया ।अपराधी कितना भी गोली और बम बरसाए लेकिन जिले में दहशत नहीं बनाएंगे उन्हें सलाखों के पीछे बंद किया ही जाएगा। यह जनता को देखने को मिल भी रहा है।

## बोकारो: ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के नाम पर जमीन के बिखराव पर जन प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** अखिल भारतीय किसान सभा के कॉ केदार महतो की अध्यक्षता में कसमार में संपन्न अंचल कमिटी की बैठक में सभा के जिला अध्यक्ष कॉ शकूर अंसारी ने कहा कि आज बड़े पैमाने पर लैंड बैंक के नाम पर रैयतों का रसीद काटना बंद हो गया है ।झारखण्ड में जमीन के ऑनलाइन रिकार्ड का रजिस्ट्रेशन के नाम पर रैयतों की जमीन इधर से उधर हो रही है ।पर्चा को संशोधन करने के नाम पर किसानों को काफी पैसा खर्च करना पड़ रहा है ।जमीन लीज के नाम पर गैर राजस्व जमीन को गैर कानूनी तरीके से कॉरपोरेट के हाथों सौंपा जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 20 दिसंबर को प्रखंड मुख्यालय कसमार में जन प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी के लिए 6 दिसंबर से कसमार अंचल के विभिन्न गांवों व टोला में जन जागरण चलाया जाएगा। बैठक के मौके पर कॉव केदार महतो ए संतोष महतो एकपूरा देवी ए एनुल अंसारी ए युगल करमाली ए इमामुल हुसैनए जमाल खान एइरफान अंसारी एअरूण कुमार महतो ए सलीम अंसारी ए कलीम अंसारीए फिरोज साह ए शरीफ अंसारी आदि ने भी अपने. अपने विचार रखे।

## मंजीत हत्याकांड: टांगी खोजने पानी भरे माइंस में उतरे गोताखोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के सुभाष नगर रांची धौड़ा निवासी सीसीएल कर्मी मंजीत उर्फ मनसा पातर के हत्या के आरोपियों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर गांधीनगर थाना पुलिस ने मंगलवार को डीवीसी माइंस के मैदान के निकट पानी भरे माइंस में टांगी खोजने के लिए जरिडीह बाजार के गोताखोरों को उतारा। लेकिन चुंबक के सहारे हत्या में उपयोग किए गए टांगी की जगह बहुत से छोटे.छोटे लोहे पानी से निकाले गए। काफी परिश्रम के बाद ठंड के कारण आज गोताखोरों को टांगी बरामद नहीं हो सका। अब गोताखोर गुरुवार को पुनः पानी भरे माइंस में उतरकर टांगी खोजने का प्रयास करेंगे। गोताखोरों में राजेंद्र कुमार निषादए विजय निषादए भूलन निषादए मांझी निषाद, राजेश निषादए चीकू निषादए श्याम निषाद आदि शामिल थे। इस मौके पर गांधीनगर थाना के एस आई संदीप कुजुरए इंद्र लाल रायए उमेश शर्मा के अलावा मृतक मनजीत उर्फ मनसा पातर के परिजन सोमरा मुंडाए देव कुमारए रामनाथ मुंडाए करियो मुंडाए भतीजी पुष्पा कुमारी के सहित अन्य लोग मौजूद थे। मृतक मंजीत बर्फ मनसा की पत्नी रेणुका देवी से पैसे और टांगी लेकर डीवीसी बेरमो माइंस के निकट लाकर दो टांगी से हत्या कर टांगी को बंद माइंस के पानी में फेंकने की बयान के आधार पर टांगी खोजने का प्रयास किया गया।

## बकाया मजदूरी भुगतान के जांच के दिये गये आदेश

**कतरास।** जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने झारखंड सरकार का संयुक्त श्रमायुक्त सह निदेशक के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि मेसर्स जियो मेक्स माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड, राजगंज रोड़, कतरास में मजदूरों की बकाया राशि 40 लाख रुपए मजदूरी भुगतान को लेकर जांच का आदेश सहायक श्रमायुक्त को दिया है। बकाया भुगतान को लेकर मजदूर लगभग एक साल से संघर्षरत है।

## खेलो झारखंड: प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया जौहर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर चार स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में झारखंड शिक्षा परियोजना बोकारो द्वारा खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बोकारो विधायक बिरंची नारायणए डीसी कुलदीप चौधरीएएसपी चंदन झाए डीडीसी कीर्ति श्री जीएएसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतएडीइओ प्रबला खेसए डीइएस नूर आलम आदि ने आसमान में गुब्बारा उड़ाकर किया ।मौके पर विधायक बिरंची नारायण ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। कहा कि खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने जिला स्तरीय फाइनल प्रतियोगिता में विद्यालय के अन्य बच्चों को भी शामिल होने के लिए विभाग को आगे से पहल करने की बात कहीं ।मौके पर उपायुक्त श्री चौधरी ने कहा कि खेल से एक द्द दूसरे के बीच समन्वय की भावना उत्पन्न होती है। काम करने के लिए रणनीति निर्धारण में भी सफलता मिलती है ।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। पेटरवार बनाम बेरमो के बीच आयोजित फुटबॉल मैच में खिलाड़ियों का विधायकए डीसी.एसपी समेत अन्य अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया एवं फुटबॉल में किक मारकर मैच की शुरूआत की। मौके पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जरीडीहए कसमारए पेटरवार एवं चंदनकियारी की बच्चियों ने अपने.अपने बैंड का प्रदर्शन किया।

## बोकारो: मुखिया उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर छह स्थित सिटी कॉलेज सभागार में कृषि पशुपालन गव्य एवं सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय मुखिया उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विभागीय निदेशक शशि प्रकाश झाए एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए जिप उपाध्यक्ष बबीता देवीए निदेशालय से पहुंचे डॉ अखिलेश कुमारए डा सैमसन संजय टोप्पोए जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मणि आदि ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सभी पंचायतों के मुखियाए प्रखंड प्रमुखए जेएसएलपीएस की समूह की दीदियोंए पशु सखी आदि उपस्थित थे। निदेशक श्री झा ने नवनिर्वाचित मुखियाध्प्रमुख आदि को उनके कर्तव्य के संबंध में बताया। कहा कि योजनाओं की जानकारी देकर आम जनों को जागरूक करें और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने पशुपालकों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करने को कहा है ।श्री शेखावत ने कहा कि पशुपालन की सभी योजनाएं काफी लाभकारी हैं इन योजनाओं से जुड़कर किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर सकते हैं। मौके पर जिप उपाध्यक्ष बबीता देवी ने पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं की जानकारी लेकर क्षेत्र में लोगों को बताने के लिए कहा।

## तेनुघाट उपकारा का बजा अलार्म, अफरातफरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट जेल में अचानक अलार्म बजने से जेल के सिपाही तुरंत सतर्क होकर चारों ओर देखने लगे और भागदौड़ करने लगे बंदियों को तुरंत वार्ड में जाने की हिदायत देने लगे स वही बंदी भी भय भित हो गए स इस बारे में तेनुघाट जेलर नीरज कुमार ने बताया कि अलार्म परेड कराया गया स इसके तहत यह देखा गया कि अलार्म बजने के बाद जेल में उपस्थित सिपाही कितने सजग और सतर्क रहते हैं स इसे लेकर जेल में अलार्म बजाया गया जिससे ऐसा लगता है कि जेल में कुछ खतरा है और सभी सिपाही सतर्क हो जाते हैं और अपना कार्य शुरू कर देते हैं स जेल में बंदियों को देखा जाता है कि कहीं वो भागने की कोशिश कर रहे हैं या आपस में कोई लड़ तो नहीं रहा है स इसी सतर्कता को देखने के लिए अलार्म परेड के तहत जेल में लगा अलार्म बजाया गया स जिससे देखा गया कि उपस्थित सभी सिपाही पूरी तरह से चुस्त.दुरुस्त नजर आए स इससे यह पाया लग गया कि जेल में कभी भी किसी भी प्रकार का कोई खतरा हो तो जेल में उपस्थित सभी जवान अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक पूरा करने में सतर्क नजर आएंगे।

## नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष संतोष सिंह का स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान, झारखंड प्रदेश कांग्रेश अनुशासन समिति के चेयरमैन ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में देश की संविधान निमार्ता एवं दलित राजनीति के पुरोधा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में अंबेडकर जी के तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। एवं नवनियुक्त धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के बनने पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया एवं उन्हें कांग्रेसजनों द्वारा ऐतिहासिक स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर संविधान के निमार्ता एवं दलित राजनीति के पुरोधा महापुरुष थे, वे एक मनीषी, योद्धा ,नायक, विद्वान ,दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी और धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे, उनके महत्वपूर्ण सराहनीय कार्यों से भारत को एक नसई दिशा मिली, वे निष्ठा और ईमानदारी के पर्याय रहे।

# पुण्यतिथि पर याद किये गये बाबा भीम राव अंबेडकर

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस को सिन्दरी में कई जगहों पर मंगलवार को मनाया गया। इस मौके पर रोहड़ाबाँध चौक पर संविधान निमार्ता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) ने स्मरण दिवस के रुप में याद किया। वहीं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के सिन्दरी नगर कमेटी ने अंबेडकरनगर में विश्व के सबसे बड़े संविधान के शिल्पकार के तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। इस मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद जिलाध्यक्ष प्रकाश बाउरी ने उनके संघर्षों को याद किया। उन्होंने कहा कि आज भारत में जातिवाद, क्षेत्रवाद, गरीबी अमीरी के भेदभाव को पीछे छोड़ते हुए प्रगति के नये आयाम गढ़े जा रहे हैं।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

एडवा के कार्यक्रम में एडवा सिंदरी नगर अध्यक्ष रानी मिश्रा, डीवाईएफआई सिंदरी नगर अध्यक्ष अनिल शर्मा, सचिव मो शमीम, सीपीआई(एम) सिंदरी–बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास ठाकुर, सिंदरी शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सुबल चंद्र दास, शिबू राय, रामलाल महतो, दीपक बनर्जी, राम प्रसाद मंडल, राम लायक राम, नरेंद्र नाथ दास व भाजपा के कार्यक्रम में सिंदरी नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंत्री चंद्रावती देवी, नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुशांत महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा नगर अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रंजना शर्मा, सुमन चौधरी, कुमार राजेश (मुन्ना), शिवकुमार राम, प्रदीप कुमार, शिव प्रकाश, रवि कुमार, राधिका देवी, उषा देवी, शांति देवी, कांति देवी, कालो देवी, चिंता देवी, चंदू देवी उपस्थित थे।

एक नजर में

## आईआईटी, आईएसएम के अंबर हॉस्टल परिसर में छात्र ने लगाई फांसी



**धनबाद।** मंगलवार को धनबाद के प्रसिद्ध आई आई टी आई एस एम के परिसर में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते चलें कि इंजीनियरिंग के छात्र प्रवीण प्रवीण कुमार ने अपने हॉस्टल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।वह इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग का फाइनल ईयर का छात्र था। आईएसएम के डायरेक्टर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की पड़ताल में लगे हुए हैं। छात्र अंबर हॉस्टल के सी ब्लॉक में रहता था। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया कि छात्र ने आत्महत्या क्यों की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**धनबाद।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में पुटकी, धनबाद, झरिया, कतरास, सिंदरी, कुमारदुबी सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दिए। जनता दरबार में भू–माफिया द्वारा खतियानी जमीन पर जबरन दखल करने, महिला को प्रताड़ित करने, प्रमाण पत्र बनाने, जमीन विवाद, गैर आबाद जमीन पर कब्जा करने, पंडित क्लिनिक रोड के चौड़ीकरण सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का निष्पादन करने के लिए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

## बोकारो: दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष अभियान दिवस का समापन

**बोकारो।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिवए मंत्रिमंडल ;निर्वाचनद्ध विभाग झारखण्ड रांची के आदेशानुसार प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय चास में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 36 बोकारो विधानसभ निर्वाचन क्षेत्र सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारीए चास एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 37चन्दनकियारी सह अंचलाधिकारी चास द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया है ।उक्त कार्यक्रम में दिव्यांगजन को मतदाता सूची में दिव्यांग के रूप में मार्किंग करने हेतु पीडब्ल्यूडी एप की जानकारी दी गयी एवं पीडब्ल्यूडी एप को सभी दिव्यांग मतदाता के मोबाइल पर डाउनलोड करवाया गया । ताकि मतदान दिवस के दिन दिव्यांग मतदाताओं को सुविधा उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही कुल 24 दिव्यांग मतदाता को मतदाता सूची में दिव्यांग के रूप में मार्किंग किया गया है ।वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चास मिथिलेश कुमार एवं अंचलाधिकारी चास दिलीप कुमार के व्यक्तिगत सहयोग से कुल 61 दिव्यांग मतदाता को कंबलए सूखा राशन एवं बिस्कीट तथा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया गया।

## मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए बीएलओ की बैठक

**बेरमो/पेटरवार।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 व बेरमो विधानसभा क्षेत्र संख्या 35 के बीएलओ के साथ मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया व अंचल अधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने एक बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 को लेकर बैठक की।

## पेज एक का शेष

### बिजली कटौती पर ...

जेबीवीएनएल को 750 करोड़ रुपये ऋण उपलब्ध कराया जायेगा : बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बिजली जेनरेटिंग कंपनियों का बकाया भुगतान हेतु जेबीवीएनएल को राज्य सरकार अपनी गारंटी पर पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से 750 करोड़ रुपये उपलब्ध करायेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ली जाये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि बिजली बिल वसूली में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाये। बिजली बिल कलेक्शन के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जेबीवीएनएल अब बिजली बिल वसूली नगर विकास विभाग में कार्यरत एजेंसियों द्वारा नगर विकास विभाग के हाउस टैक्स कलेक्शन प्रणाली के आधार पर करेगी। इस निमित्त जल्द ही कार्य योजना तैयार की जायेगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड पूरे राज्य के शहरी क्षेत्रों में बिजली बिल वसूली करने के लिए नगर विकास विभाग के मॉडल एवं शर्तों के आधार पर कार्य सुनिश्चित करेगी।

### सभी मुद्दों पर चर्चा ...

इधर, केंद्र सरकार शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार एक दर्जन से ज्यादा विधेयक पारित कराने और अनुदान की अनुपूरक मांगों को पारित कराने की कोशिश करेगी। वहीं, विपक्षी दल महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और केंद्र राज्य संबंध जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है। वहीं, लोकसभा सचिवालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार की सुबह संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मीडिया से बातचीत कर सकते हैं।

दूसरी ओर, अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि वे सत्र को बंद करने या छोटा कर त्यौहर मनाने की बात नहीं कह रहे हैं, बल्कि सरकार को इसके बारे में सोचने के लिए कह रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने सरकार से कहा है कि जैसे हिंदू, मुस्लिम के त्यौहार होते हैं, वैसे ईसाई लोगों का भी त्यौहार होता है। यह बात ईसाई लोगों के त्यौहार के समय ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार 24-25 विषयों पर चर्चा कराना चाहती है, जिसके लिए समय नहीं, क्योंकि यह सत्र 17 दिन का है। चौधरी ने कहा कि उन्होंने सर्वदलीय बैठक में कॉलेजियम प्रणाली पर केंद्र और न्यायपालिका के बीच टकराव, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, भारत-चीन सीमा की स्थिति, जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों को होने वाले खतरों, हिंदी बहस, संघीय ढांचे जैसे मुद्दों को सामने रखा है। इन सभी मुद्दों पर सत्र के दौरान चर्चा कराये जाने की मांग की है।

### झारखंड में आज...

सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस जमशेदपुर में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस डालटेनगंज में दर्ज किया गया। रांची का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो पिछले 24 घंटे के सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक है।

आज और कल 10 डिग्री तक पहुंच सकता है रांची का न्यूनतम तापमान : : मौसम केंद्र की पूवार्नुमान रिपोर्ट के अनुसार सात और आठ दिसंबर को रांची का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंच सकता है। उसके बाद रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सुबह में कोहरा और धुंध की स्थिति बनी रहेगी।

स्पीड न्यूज

## आशीष मिश्रा समेत 13 पर आरोप तय, चलेगा किसानों की हत्या का केस



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी और केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' के बेटे आशीष मिश्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर किसानों की हत्या का केस चलेगा। मामले में 16 दिसंबर से मामले का ट्रायल शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी।

## सीएम की उप सचिव सौम्या की रिमांड बढ़ी

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के शिकंजे में फंसी राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर और मुख्यमंत्री की उप सचिव सौम्या चौरसिया की 10 दिसंबर तक रिमांड बढ़ा दी गई है।

## तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान राष्ट्र को समर्पित करेंगे मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को नौवीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस (डब्ल्यूएसी) गोवा की राजधानी पणजी में तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान राष्ट्र को समर्पित करेंगे। आयुष मंत्री सबानंद सोनोवाल ने मंगलवार को घोषणा करते हुए बताया कि तीन राष्ट्रीय आयुष संस्थान गोवा में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गाजियाबाद में राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम) और दिल्ली में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान (एनआईएच) को 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगें।

## सेंसेक्स 208 अंक टूटा

**मुंबई।** शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 208 अंकों की गिरावट के साथ 62626 अंकों पर बंद हुआ। निफ्टी भी 58 अंक टूटकर 18642 अंकों पर बंद हुआ।

## पीओके में शहबाज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इलियास का अपमान कर दिया। इससे नाराज होकर मुजफ्फराबाद शहर में भारी विरोध प्रदर्शन हुआ।

### यूएनएससी में भारत ने कहा, जीरो टॉलरेंस अप्रोच जरूरी

# आतंकवाद दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यूएनएससी में भारत ने आतंकवाद को एक बार फिर दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा- आतंकवाद को जीरो टॉलरेंस अप्रोच से खत्म किया जा सकता है।

इराक के मुद्दे पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा- इराक में सरकार और लोग इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट (आइएसआइएल) आतंकी समूह से लड़ रहे हैं। टेररिज्म ग्लोबल चैलेंज है। टेररिज्म का खतरा बहुत तेजी से बढ़ रहा है और इससे दुनिया का कोई भी हिस्सा अछूता नहीं रहा। इसे रोकने के लिए हमें जीरो टॉलरेंस अप्रोच अपनानी होगी।



**26/11 का जिक्र किया**

रुचिरा कंबोज ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। उन्होंने कहा- आतंक के खिलाफ लड़ाई को मजबूती तभी मिल सकती है जब जिम्मेदारों को सजा होगी।

दुनिया के एक हिस्से में आतंकवाद पूरी दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए इस अंतरराष्ट्रीय चुनौती के लिए हमारी प्रतिक्रिया इंटीग्रेटेड, कोऑर्डिनेटेड और सबसे महत्वपूर्ण रूप से प्रभावी होनी चाहिए।

**यूएनएससी की अध्यक्षता कर रहा है भारत :** दिसंबर महीने में भारत यूएनएससी की अध्यक्षता कर रहा है। यानी इस पूरे महीने रूचिरा कंबोड यूएनएससी की प्रेसिडेंट रहेंगी। इसी के साथ महीने के अंत में गैर-स्थायी सदस्य के रूप में भारत के दो साल का कार्यकाल का खत्म हो जाएगा।

**दुनियाभर में ड्रोन से आतंकी हमलों का खतरा : जयशंकर**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की काउंटर टेररिज्म कमेटी की स्पेशल मीटिंग में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तकनीक के जरिए आतंकी हमलों को अंजाम दिए जाने की चेतावनी दी। जयशंकर ने कहा कि कम लागत और आसानी से मिलने की वजह से दुनियाभर में ड्रोन हमलों का खतरा बढ़ गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा यानी यूएनजीए के 77वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चीन और पाकिस्तान का नाम लिए बिना ही दोनों देशों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगे। कोई भी बयानबाजी करके अपनी करतूत नहीं छिपा सकता है।

## देश ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में कृतज्ञ राष्ट्र ने मंगलवार को बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में मुख्य आयोजन किया गया, जहां उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गयी। श्रीमती मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारित मंत्री वीरेंद्र कुमार ने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कई अन्य केंद्रीय मंत्री, सांसद और गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद भवन परिसर पहुंचकर डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को याद किया। उन्होंने कहा, 'महापरिनिर्वाण दिवस पर, मैं डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और हमारे राष्ट्र के लिए उनकी अनुकरणीय सेवा को याद करता हूं। उनके संघर्षों ने लाखों लोगों को आशान्वित किया और भारत को इतना व्यापक संविधान देने के उनके प्रयासों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।'कई केंद्रीय मंत्रियों ने डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए ट्वीट किये।

## गौतम अदाणी एशिया के टॉप तीन दानवीरों में शामिल





**नयी दिल्ली।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारियों की लिस्ट में शुमार गौतम अदाणी परोपकार के मामले में भी पीछे नहीं हैं। अदाणी का नाम फोर्ब्स की ओर से प्रकाशित एशियाई दानवीरों की सूची के 16 वें संस्करण में टॉप थ्री शामिल किया है। उनके अलावे इस लिस्ट में एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर, हैप्पीएस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजीज के अशोक सूटा का नाम शामिल हैं। एशिया के टॉप दानवीरों की यह सूची मंगलवार को जारी की गई।

**पिछले वर्ष जून में अदाणी ने दान में दी थी 60,000 करोड़ रुपये की राशि :** अदाणी ग्रुप के मुखिया गौतम अदाणी को इस लिस्ट में पिछले वर्ष जून में अपने 60वें जन्मदिन के मौके पर 60,000 करोड़ रुपये का दान करने के बाद जगह मिली है। इतनी बड़ी राशि परोपकार के लिए खर्च करने की घोषणा कर वे भारत के सबसे बड़े दानवीर बन गए। यह राशि स्वास्थ्य, शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट पर खर्च होनी है। इस राशि को अदाणी परिवार के फाउंडेशन की ओर से खर्च की जाएगी, जिसकी स्थापना वर्ष 1996 में की गई थी।

**एचसीएल के शिव नादर ने 11,600 करोड़ रुपये की राशि दान में दी**

इस लिस्ट में दूसरा भारतीय नाम शिव नादर का है। पिछले कुछ दशकों के दौरान शिव नादर फाउंडेशन के माध्यम से वे अपनी संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा परोपकारी कार्यों पर खर्च कर चुके हैं। इस वर्ष भी वे करीब 11,600 करोड़ रुपये शिव नादर फाउंडेशन को दान कर चुके हैं, जिसकी स्थापना उन्होंने 1994 में की थी। इसका उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से लोगों को सशक्त करते हुए एक न्यायसंगत और योग्यता आधारित समाज बनाना था।

## सीमा विवाद उग्र हुआ, कर्नाटक में महाराष्ट्र के ट्रकों को रोका, पथराव

एजेंसी

**बेलगावी।** कर्नाटक व महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद उग्र रूप लेने लगा है। मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी के बागेवाड़ी में प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक रक्षण वेदिके के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के ट्रकों पर पथराव किया। इस मामले में पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। उधर, तनाव की आशंका के चलते महाराष्ट्र के दो मंत्रियों ने बेलगावी दौरा निरस्त कर दिया। कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राज्य और उसके लोगों के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी। बागेवाड़ी में वेदिके के कार्यकताओं ने उन ट्रकों को रोका जिन पर महाराष्ट्र की नंबर प्लेट लगी थी।

**महाराष्ट्र ने बंद की बस सेवा पवार ने दिया अल्टीमेटम**

महाराष्ट्र सरकार ने इन घटनाओं पर ऐतराज जताया है। इसके अलावा कर्नाटक के लिए अपनी बस सेवाओं को भी फिलहाल रोक दिया है। यही नहीं इस मुद्दे पर एकनाथ शिंदे सरकार को दूसरे राजनीतिक दलों का भी साथ मिल रहा है। एनसीपी के मुखिया शरद पवार ने इस मामले में तीखे तेवर दिखाए हैं और कर्नाटक को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है।

## हैकर्स ने आइसीएमआर की वेबसाइट पर एक दिन में 6000 बार किये अटैक

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक के बाद अब हैकर्स ने आईसीएमआर की वेबसाइट को हैक करने की कोशिश की है, लेकिन हैकर्स की इस कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, हांगकांग के हैकरों ने 30 नवंबर को 24 घंटे के अंतराल में करीब 6000 बार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की वेबसाइट पर हमला करने की कोशिश की। ये हमले कथित रैंसमवेयर हमले के बाद हुए हैं, जिसने एम्स की ऑनलाइन सेवाओं को पंगु बना दिया था।

## एनएसए डोभाल बोले, टेरर फंडिंग आतंकवाद का आधार, इसे रोकना बने पहली प्राथमिकता

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों, सुरक्षा परिषदों के सचिवों की पहली भारत-मध्य एशिया बैठक में एनएसए अजीत डोभाल ने भी शिरकत की है। उन्होंने इस दौरान कहा कि अफगानिस्तान हम सबके लिए एक बेहद अहम मुद्दा है, जिसे लेकर सब चिंतित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों से बेहद जरूरी आतंकवाद के खिलाफ समझौतों में जुड़े दायित्वों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। डोभाल ने कहा कि अफगानिस्तान में तात्कालिक प्राथमिकताओं के संबंध में भारत के लक्ष्य हम में से कई लोगों के समान हैं। टेरर फंडिंग का विरोध करते हुए एनएसए डोभाल ने कहा कि टेरर फंडिंग आतंकवाद का आधार है। टेरर फंडिंग को रोकना हम सभी की एक समान प्राथमिकता होनी चाहिए। तत्काल प्राथमिकताओं और आगे के रास्ते के संबंध में भारत की चिंताएं और इस जुड़े उद्देश्य हम सभी के आगे हैं। डोभाल ने यह भी कहा कि टेरर फंडिंग पर रोक की कोशिश हर किसी की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बैठक में तुर्कमेनिस्तान की ओर से भारत में नियुक्त उसके राजदूत ने हिस्सा लिया।

## जापान-रूस के बीच फिर बढ़ सकता है तनाव

**टोक्यो।** रूस और जापान के बीच एक बार फिर से तनाव बढ़ने के पूरे आसार हैं। दरअसल, यह तनाव रूस के उकसावे भरे कदम के बाद आया है। बताया जा रहा है कि रूस ने जापान के नजदीक विवादित कुरील द्वीप पर मिसाइल सिस्टम की तैनाती कर दी है। रूस के इस कदम से विवाद बढ़ सकता है। बता दें कि कुरील द्वीप जापान और रूसी कमचटका प्रायद्वीप के बीच फैले द्वीपों की रणनीतिक रूप से स्थित श्रृंखला का हिस्सा है जो कि विश्वयुद्ध के समय से ही विवादों में है। जापानी इन द्वीपों को 'उत्तरी क्षेत्र' कहते हैं जबकि रूस उन्हें 'कुरिल' कहता है। इन द्वीपों पर जापान और रूस के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है।

## अफगानिस्तान : बस विस्फोट में सात की मौत

**मजार-ए-शरीफ।** अफगानिस्तान के उत्तरी बल्ख प्रांत की राजधानी मजार-ए-शरीफ में मंगलवार सुबह सरकारी कर्मचारियों की एक बस में विस्फोट होने से सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता मोहम्मद आसिफ वजीरी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह सात बजकर 30 मिनट पर विस्फोट उस वक्त हुआ, जब मजार-ए-शरीफ शहर के पुलिस जिला-3 में हिरातन सीमावर्ती शहर के पेट्रोलियम निदेशालय के कर्मचारियों की एक बस अपने कार्यालय जा रही थी। उन्होंने कहा, सड़क किनारे रखे बम की चपेट में आने से बस विस्फोट का शिकार हो गयी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। हमले की जिम्मेदारी अभी तक किसी ने नहीं ली है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने तेजस्वी से की फोन पर बात, जाना लालू यादव की सेहत का हाल

**तेजस्वी ने पीएम को बताया लालूजी की हालत ठीक फिलहाल आइसीयू में...**

एजेंसी

**पटना।** लालू यादव का सिंगापुर में एक दिन पहले किडनी ट्रांसप्लांट का सफल ऑपरेशन हुआ है। ऑपरेशन के बाद लालू यादव को आइसीयू वार्ड में रखा गया है। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव से फोन पर बात कर लालू यादव के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उनकी छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने पिता लालू को अपनी किडनी दी है। सिंगापुर में किडनी ट्रांसप्लांट के बाद पहली बार लालू यादव का बोलते हुए वीडियो आया है। जिसमें वो कह रहे हैं कि 'आप लोगों ने दुआ किया, अब हम अच्छा फील कर रहे हैं।' मालूम हो कि अस्पताल में जब लालू यादव का ऑपरेशन चल रहा था।



तेजस्वी ने रोहिणी से आस्पताल में की मुलाकात

उस वक्त तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री और मां राबड़ी देवी और सबसे बड़ी बहन मीसा भारती भी मौजूद रहे।

## बिहार में हो रही टारगेट किलिंग, सीएम से नहीं संभल रहा प्रदेश : चिराग पासवान

**जमुई।** जमुई सांसद चिराग पासवान ने मंगलवार को अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जहां जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की तारीख में टारगेट किलिंग हो रही है। अनुसूचित जाति समाज से आने वाले लोगों, व्यापारी वर्ग एवं गरीब वर्ग से आने वाले लोगों की चुन-चुनकर हत्या की जा रही है। हाल के दिनों में आपराधिक घटना का जिक्र करते हुऐ कहा कि जिस प्रकार से इस प्रकार की घटनाओं के बाद जनसैलाब सड़कों पर है, ये दर्शाता है कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से काफी आक्रोशित है। सीएम से प्रदेश नहीं संभल रहा है।

## फिल्म कला में अपने रेट्रो लुक को मिली तारीफ से खुश हैं अनुष्का



अभिनेत्री अनुष्का शर्मा फिल्म कला में अपने रेट्रो लुक को मिल रही तारीफ से बेहद खुश है। एक दिसंबर को नेटफिलक्स पर फिल्म कला को रिलीज किया गया। यह फिल्म दिवंगत इरफान खान के बेटे बाबिल की डेब्यू फिल्म है। इस फिल्म में अनुष्का ने कैमियो रोल किया है जिसमें उनके रेट्रो लुक को खूब पसंद किया जा रहा है। 'कला' में अनुष्का ने 'घोड़े पे सवार' गाने में कैमियो किया है। इस गाने में अनुष्का रेट्रो लुक में नजर आईं। अपने लुक को मिले दर्शकों के प्यार से अभिभूत अनुष्का ने उन्हें धन्यवाद किया है। अनुष्का ने सोशल मीडिया पर 'घोड़े पे सवार' गाने से अपनी कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए बताया है कि उन्हें इस गाना के लिए परफॉर्म करने पर कितना मजा आया। अनुष्का ने तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'कोई कैसे उन्हें ये समझाए...@ अनविता दीआप ही बताएं। कला की जर्नी का हिस्सा बनकर मजा आया।'




## ब्राजील के खिलाड़ियों ने पेले को समर्पित की जीत, दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराया




**दोहा।** फीफा विश्व कप 2022 के प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराने के बाद ब्राजील के खिलाड़ियों ने जीत दिग्गज पेले को समर्पित की। बीमार पेले साओ पाउलो के अस्पताल में अपना इलाज करा रहे हैं। दक्षिण कोरिया पर जीत के बाद दोहा के स्टेडियम में ब्राजील के खिलाड़ियों ने पेले का पोस्टर स्टेडियम में फहराया। हालांकि, उनके परिवार का मानना है कि वह स्वस्थ होकर घर लौटेंगे। दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच में विनीसियस जूनियर, नेमार, रिचर्डसन और लुकास पाक्वेटा ब्राजील के लिए गोल किए। नेमार ने कहा, 'पेले अभी जिस स्थिति से गुजर रहे हैं, उनके बारे में बात करना मुश्किल है, लेकिन मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।'

**देश की शान बढ़ायेंगी दीपिका पादुकोण स्टेडियम में ट्रॉफी से हटायेंगी पर्दा**

दीपिका पादुकोण बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने हिंदी के साथ-साथ हॉलीवुड फिल्मों में भी नाम कमाया है। अब अभिनेत्री एक बार फिर देश का नाम रोशन करने जा रही हैं। खबर है कि दीपिका कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप में एक बड़ी जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार हैं। नोरा फतेही के बाद अब फीफा वर्ल्ड कप में नजर आने वाली हैं। दरअसल, दीपिका को कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप में ट्रॉफी का अनावरण करने की जिम्मेदारी दी गई है। फीफा वर्ल्ड कप का अनावरण 18 दिसंबर 2022 को होना है। इसके लिए अभिनेत्री बहुत जल्द करत रवाना होंगी। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## रोनाल्डो से 21 करोड़ डॉलर में अनुबंध की पेशकश

**मैड्रिड।** मैनचेस्टर यूनाइटेड छोड़ने वाले 37 वर्षीय फुटबाल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो को सऊदी अरब के एक क्लब ने 21 करोड़ डॉलर सालाना वेतन देने की पेशकश की है। यह अनुबंध राशि मौजूदा साल में किसी भी खिलाड़ी को मिलने वाले वेतन की तुलना में दो गुने से अधिक है। इससे पहले मुक्केबाज कैनेलो अल्वारेज को 84 मिलियन डालर सालाना और एनएफएल क्वार्टरबैक मैथ्यू स्टैफोर्ड ने 72 मिलियन डालर की धनराशि अर्जित की है। सऊदी प्रो लीग (एसपीएल) को दुनिया की शीर्ष फुटबॉल लीगों में से एक नहीं माना जाता है, लेकिन अल नासर - कथित तौर पर रोनाल्डो को लेने वाली टीम, सऊदी अरब के अधिक सफल क्लबों में से एक है।



## ऋषिकेश कानिटकर बने महिला क्रिकेट टीम के बैटिंग कोच, पवार को मिली एनसीए की जिम्मेदारी



**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बैटिंग कोच की जिम्मेदारी ऋषिकेश कानिटकर को सौंपी गई है। बीसीसीआइ ने इसकी घोषणा की, जिसमें इस नई जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले 5 मैच की टी20 सीरीज में टीम से जुडेंगे।

**रमेश पवार को मिली नयी जिम्मेदारी**

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के हेड कोच रमेश पवार को नई जिम्मेदारी मिली है। वह वीवीएस लक्ष्मण के साथ एनसीए से जुड़ेंगे, जो अब बीसीसीआइ के नए रूपरेखा के तहत मेंस क्रिकेट के लिए काम करेंगे।

## प्रणय बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के ग्रुप ए में

**नयी दिल्ली।** साल के अंत में अपना पहला टूर्नामेंट में खेल रहे एचएस प्रणय को बुधवार से शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में ओलंपिक चैम्पियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, जापान के कोडाई नारोका और चीन के लू गुआंग जू के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। प्रणय बैंकॉक में समाप्त होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले एकमात्र खिलाड़ी है और उनका इरादा साल के आखिरी टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का होगा। तीसरी वरीयता प्राप्त प्रणय ग्रुप चरण से सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीद करेंगे।

**V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL**
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

**REQUIRED PRINCIPAL**

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar– II | ₹ 100 | English Grammar– II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!